दैनिक भास्कर
करौली 27-06-2025

# नागल मांडल में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की

टोडाभीम/नागल मांडल | राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम नागल मांडल में शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम पूजा मीना ने शिविर का निरीक्षण कर शिविर में आए फरियादियों से सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इसमें विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर ही कई योजनाओं में लाभार्थियों का पंजीकरण एवं समस्या निवारण भी किया गया। शिविर में मुख्य रूप से राजस्व विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि, पंचायती राज, श्रम विभाग आदि के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में विशेष रूप से बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं गरीब परिवारों को योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया। इस दौरान पात्र व्यक्तियों को वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, आवास योजना, राशन कार्ड सुधार आदि से संबंधित कार्यों का निस्तारण किया। विभागीय अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर समाधान भी किया।

दैनिक भास्कर

करौली 27-06-2025

### जिलेभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन

# 14 विभागों ने सुनी फरियादें, 180 मरीजों का इलाज




हिंडौन सिटी. टोडूपुरा में सबंल पखवाड़े का सीओ ने निरिक्षण करते।

**हिंडौन ग्रामीण/कटकड़ |** टोडूपुरा और गावंडा मीना के किसान सेवा केंद्रों पर गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय सबंल पखवाड़ा शिविर हुआ। शिविर में 14 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। फरियादियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

टोडूपुरा शिविर में राजस्व विभाग के 21, बिजली निगम के 28, कृषि विभाग के 12, वन विभाग के 6, खाद्य सुरक्षा के 5, केवाईसी के 3 मामलों का निस्तारण किया गया। चिकित्सा विभाग ने 180 मरीजों का इलाज किया। 51 मरीजों की ओपीडी स्कैनिंग हुई। 61 टीबी मरीजों की जांच की गई। पशुपालन विभाग ने 130 पशुओं का टीकाकरण किया। गावंडा मीना शिविर में राजस्व विभाग के 20 मामलों का निस्तारण हुआ। पंचायती राज विभाग ने 2 पट्टे जारी किए। बिजली निगम के 26, कृषि विभाग के 10, पशुपालन विभाग के 12 मामलों का समाधान किया गया। आयुष्मान कार्ड के 5 लाभार्थियों को कार्ड दिए गए। चिकित्सा विभाग ने 104 मरीजों का उपचार किया।

शिविर का निरीक्षण जिला परिषद सीओ शिवचरण मीणा और तहसीलदार सीमा बघेल ने किया। टोडूपुरा शिविर में सरपंच शकुंतला मीणा, समाजसेवी वीरसिंह, ग्राम विकास अधिकारी माधोसिंह और सहायक सचिव जगमोहन मौजूद रहे। गावंडा मीना में सरपंच कैलाश मीणा, ग्राम विकास अधिकारी वीरप्रताप सहित सभी 14 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रतियापुरा शिविर में विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया



मासलपुर। शिविर में मौजूद अधिकारी लोगों की समस्याएं सुनते हुए ।

**मासलपुर|** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को मासलपुर ब्लॉक के रतियापुरा में शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ मोहनलाल शर्मा, नीति आयोग के ब्लॉक फेलो विक्रम सिंह ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग, सामाजिक अधिकारिता विभाग, बिजली निगम चिकित्सा विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग और जलदाय विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। ब्लॉक फेलो विक्रम सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग ने 4, पंचायती राज विभाग ने 8, कृषि विभाग ने 11, खाद्य विभाग ने आधार सीडिंग 340, सामाजिक अधिकारिता विभाग ने 86, बिजली निगम ने 2, शिक्षा विभाग ने सफाई शौचालय 8, जलदाय विभाग ने 2 प्रकरणों का निस्तारण किया। पौधरोपण भी किया गया।

## नागल मांडल में योजनाओंका लाभ लेने की अपील की

**टोडाभीम/नागल मांडल |** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम नागल मांडल में शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम पूजा मीना ने शिविर का निरीक्षण कर शिविर में आए फरियादियों से सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इसमें विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर ही कई योजनाओं में लाभार्थियों का पंजीकरण एवं समस्या निवारण भी किया गया। शिविर में मुख्य रूप से राजस्व विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि, पंचायती राज, श्रम विभाग आदि के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में विशेष रूप से बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं गरीब परिवारों को योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया। इस दौरान पात्र व्यक्तियों को वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, आवास योजना, राशन कार्ड सुधार आदि से संबंधित कार्यों का निस्तारण किया। विभागीय अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर समाधान भी किया।

# शिविर में सुनी समस्याएं, प्रकरणों का किया निस्तारण



मासलपुर. क्षेत्र की रतियापुरा पंचायत में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर विकास अधिकारी मोहनलाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम के तहत 100 पौधे लगाए गए। शिविर में राजस्व विभाग की ओर से चार व कृषि विभाग की ओर से 11 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। खाद्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा कानून के तहत 340 आधार सीडिंग के व 3 हजार 947 ईकेवाईसी प्रकरण निस्तारित किए। सामाजिक न्याय विभाग की ओर से 80, शिक्षा विभाग की ओर से 8 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पीएचडी की ओर से 2 लीकेज का मरम्मत कार्य किया। इस दौरान नीति आयोग के ब्लॉक फैलो विक्रम सिंह एवं राजस्व, पंचायती राज, कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

करौली 27--6.pdf



# समस्याओं का किया समाधान



**बालघाट.** नांगलशेरपुर में शिविर में समस्याएं सुनते कर्मचारी।

**बालघाट.** ग्राम पंचायत नांगल शेरपुर गांव के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन स्वावलंबन पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। शिविर में जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड और विभिन्न पेंशन योजनाओं की सेवाएं दी गई। नायब तहसीलदार मुकुटसिंह गुर्जर, सरपंच राकेश मीणा ने बताया कि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। कुल 32 प्रकरण आए। कृषि, चिकित्सा, श्रम और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। बीडीओ सहीराम मीणा ने कहा कि हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। यह शिविर 24 जून से 9 जुलाई तक हर पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को एक ही जगह पर सभी सरकारी सेवाएं मिलेंगी। नांगल शेरपुर गांव की श्मशान परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधे लगाए गए। पोषण किट केम्प में टीवी रोगियों को सरपंच की ओर से निशुल्क किट प्रदान की गई। इस मौके पर विकास अधिकारी सहीराम मीणा, जयेश कुमार अग्रवाल, सरपंच राकेश मीणा नायब तहसीलदार मुकुटसिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे। *(निज संवाददाता)*

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



मंडरायल के रानीपुरा में पौधरोपण करते अधिकारी।

**मंडरायल@ पत्रिका.** हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने करीब एक दर्जन पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया।

रानीपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित शिविर के समापन पर कार्यवाहक एसडीएम कमल चंद शर्मा, विकास अधिकारी विजय सिंह मीना सहित अन्य कार्मिकों ने प्लांटेशन साइड पर हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत एक दर्जन नीम, पीपल, बरगद, करंज आदि के पौधे लगए। पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रा[illegible] बाबूलाल अरहेला, केशव सिंह जादौन आदि मौजूद रहे।

17

दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 27 Jun 2025 - Page 9

# बाजरे की उन्नत किस्म का मिनी किट देकर की राहत प्रदान

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** उपखंड अधिकारी मण्डरायल ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत गुरुवार को उपखण्ड मण्डरायल की ग्राम पंचायत रानीपुरा में कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान मण्डरायल के सहायक कृषि अधिकारी द्वारा महिला



कृषकों को बाजरे की उन्नत किस्म एचएचबी.299 की मिनीकिट देकर राहत प्रदान की। इस पर महिलाओं ने राज्य सरकार व स्थानीय प्रशासन का शिविरों का आयोजन करने व योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया । इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि योजना से लाभ मिल रहा है ।

दैनिक नवज्योति matsyanchal - 27 Jun 2025 - Page 8



# आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित कर राहत प्रदान करें : हेमराज परिडवाल



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने मण्डरायल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पांचौली में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई में कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरत मंद को योजनाओं का लाभ मिले और आपको कलेक्ट्री तक न आना पडे इस लिए आपके गांव में रात्रि चौपाल लग रही हैं और इनका आमजन को लाभ उठाना चाहिए।इस दौरान ए.डी.एम. ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने रात्री चौपाल में प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं को गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश पीएचईडी के अधिकारियों को दिये जिससे की पेयजल के संबंध में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान पेयजल व्यवस्था करवाने, रोड बनवाने, पुलिया बनवाने, विद्यालय में कक्षा कक्ष बनवाने, पट्टा जारी करवाने, सड़क मरम्मत करवाने, विद्युत समस्या का निस्तारण करने, ढीले तारो को टाईट करवाने, रोड लाईट लगवाने, सहित विभिन्न विभागों के 20 परिवाद प्राप्त हुए। जिन पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मानसुन को देखते हुए ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान को सफल बनाने की अपील की। जिससे पर्यावरण स्वच्छ बन सके साथ ही अपनी पंचायतों में उचित साफसफाई कर सौन्दर्यीकरण सुनिश्चित करने को कहा। रात्री चौपाल के दौरान सीएमएचओ जयंतीलाल मीणा, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता, कृषि विभाग के सहायक निदेशक अशोक कुमार मीणा, तहसीलदार कमलचन्द शर्मा, विकास अधिकारी विजय कुमार मीणा सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीए कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

दैनिक नवज्योति

matsyanchal - 27 Jun 2025 - Page 9

# दीनदयाल उपाध्याय जन स्वावलंबन पखवाड़ा का शिविर

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, नांगलशेरपुर।** ग्राम पंचायत नांगल शेरपुर गांव के आईटी केंद्र पर गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन स्वावलंबन पखवाड़ा शुरू हुआ। शिविर में जाति प्रमाण पत्र, मुल निवास, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड और विभिन्न पेंशन योजनाओं की सेवाएं दी गई। नायब तहसीलदार मुकुट सिंह गुर्जर सरपंच राकेश मीणा ने बताया कि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। कुल 32 प्रकरण मामले आए। कृषि, चिकित्सा, श्रम और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। बीडीओ सहीराम मीणा ने कहा कि हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। यह शिविर 24 जून से 9 जुलाई तक हर पंचायत में लगेगा। इस दौरान लोगों को एक ही जगह पर सभी सरकारी सेवाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में सभी विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। नांगल शेरपुर गांव की श्मशान घाट में एक पेड़ मां के नाम से पौधे लगाए एवं पोषण किट केम्प में टीवी रोगियों को सरपंच तरफ से फ्री कीड प्रदान की गई मौके पर विकास अधिकारी सहीराम मीणा जेयश कुमार अग्रवाल सरपंच राकेश मीणा नायब तहसीलदार मुकुट सिंह गुर्जर सभी विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।



दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 27 Jun 2025 - Page 8

# शिविर में किए खातेदारों को राहत प्रदान

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली।** उपखंड अधिकारी प्रेमराज मीणा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अन्तर्गत तहसील करौली की ग्राम पंचायत चैनपुर बर्रिया में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम गोपालगढ के खातेदारों खिलाडी जगनू हरी पुत्रान मूला व सामन्ती पत्नि खिलाड़ी जाति माली के मध्य वर्षो से चला आ रहे विवाद का समाधान करते हुए आपसी समझाईश से खाता विभाजन किया गया। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर में समाज के अंतिम व्यक्ति तक को राज्य सरकार की योजनाओं को लाभ प्रदान किया जा रहा है। समस्त ग्रामवासीयों द्वारा राज्य सरकार व स्थानीय प्रशासन का शिविर आयोजन करने पर धन्यवाद दिया गया।


पं. दीनदयाल उपाध्याय
अन्त्योदय संबल पखवाड़ा–2025

# मोरथला में स्वामित्व कार्ड पाकर लाभार्थी ने सरकार व प्रशासन का किया धन्यवाद



**हिंदुस्तान से रूबरू**

गुरूवार को मोरथला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत मोरथला निवासी मीरा पत्नि रमेश भील को डिजिटल पट्टा स्वामित्व कार्ड बनाकर दिया गया, जिससे उन्होंने स्वामित्व कार्ड पाकर राज्य सरकार व प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शिविरों की सराहना की।

# मोरथला में स्वामित्व कार्ड पाकर लाभार्थी ने सरकार व प्रशासन का किया धन्यवाद



**आबूरोड।** गुरूवार को मोरथला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत मोरथला निवासी मीरा पत्नि रमेश भील को डिजिटल पट्टा स्वामित्व कार्ड बनाकर दिया गया, जिससे उन्होंने स्वामित्व कार्ड पाकर राज्य सरकार व प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शिविरों की सराहना की।

झुंझुनू भास्कर 27-06-2025

### कलेक्टर ने ली अंत्योदय संबल पखवाड़े की समीक्षा बैठक, शिविरों में कर्मचारियों की उपस्थिति पर दिया जोर

# कलेक्टर ने नामांतरण के लंबित प्रकरण निबटाने के दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | झुंझुनूं

जिले में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।



झुंझुनूं. कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए।

कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने योजनाओं के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने कहा कि पखवाड़े के दौरान सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए। इसके लिए अधिकारी संवेदनशीलता से समस्या की सुनवाई कर मौके पर निस्तारण करें। उन्होंने शिविर आयोजन से पहले जानकारी आमजन को देने और कार्मिकों को समय पर मौजूद रहने के निर्देश दिए। इसके साथ मानसून को लेकर कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए उपखंड में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर सुचारू संचालन करने की बात कही। बैठक में एडीएम अजय आर्य, सीईओ रणजीत सिंह गोदारा, जलदाय एसई राजपाल सिंह, डिस्कॉम एसई एम के टीबडा, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, डीएसओ डॉ. निकिता राठौड़, कृषि के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्रसिंह लांबा, उद्यान संयुक्त निदेशक डॉ. विजयपाल कस्वां, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. शिवरतन, समाज कल्याण उपनिदेशक डॉ. पवन पूनियां, आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी मौजूद रहे।

**लंबित नामांतरण व सीमाज्ञान के प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश :** कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने अंत्योदय योजना के शिविरों को लेकर उपखंड अधिकारियों को लंबित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान प्रकरणों के साथ लंबित नामांतरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके साथ रास्तों के प्रकरणों, आपसी सहमति के बंटवारे वाले प्रकरण, गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों का सर्वे करने व विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के आवेदन, स्वामित्व पट्टे बना वितरित करने, पानी की टंकियों की सफाई, लंबित नल कनेक्शन, लीकेज मरम्मत, प्रेशर की जांच के साथ पौधा वितरण करने के कार्य प्राथमिकता से करने की बात कही। वहीं मृदा नमूनों का संग्रहण, स्वास्थ्य कार्ड वितरण, जल संरक्षण कार्यों की स्वीकृति, विद्युत के ढीले तारों को सही करने, पौधों की कटाई, नालों की सफाई व एनएफएसए के नवीन प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

**जिले की 21 पंचायतों में आज लगेंगे शिविर :** जिले में शुक्रवार को 21 पंचायतों में शिविर होंगे। इनमें बुहाना के भैसावता खुर्द, खेतड़ी के कांकरिया, त्योंदा, नगली सलेदी सिंह, सूरजगढ़ के दुधवा, पीपली, मंडावा के नांद, कोलिंडा, शेखसर, भीमसर, नवलगढ़ के कुमावास, डूमरा, केरू, मलसीसर के लूणा, हमीरी कलां, चिड़ावा के लांबा गोठड़ा, नूनियां गोठड़ा, झुंझुनूं के पोसाना, दूड़िया, कासिमपुरा, बीबासर में शिविर लगेंगे। शिविरों का समय सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक रहेगा।

# जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने ली समीक्षा बैठक, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर



## शिविरों में होने वाले प्रमुख कार्य

- लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण
- लंबित नामान्तरणों का निस्तारण
- लंबित कुरेंजात रिपोर्ट तैयार करना
- रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण
- आपसी सहमति से बंटवारा
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों का सर्वे
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु आवेदन
- स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना
- पानी की टंकियों की साफ-सफाई करवाना
- लंबित नल कनेक्शन जारी करना
- लीकेज की मरम्मत और जल-दबाव जांच
- नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत करना
- नर्सरियों से पौधा वितरण करना
- मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना
- जल संरक्षण के कार्यों की स्वीकृति
- विद्युत लाइनों के ढीले तारों को सही करना
- विद्युत लाइनों के पास पेड़ पौधों की कटाई
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के नवीन प्रकरणों का निस्तारण
- नालों की साफ सफाई व मरम्मत

खबरों की दुनिया

झुंझुनूं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के अंतर्गत जिले में योजनाओं के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे वहीं उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंत्योदय पखवाड़े के दौरान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर एवं पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं की सुनवाई करें और मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करें। डॉ. गर्ग ने कैंप आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैंप स्थल पर संबंधित विभागों की जानकारी युक्त बैनर प्रदर्शित किए जाएं ताकि लोगों को योजनाओं की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधीनस्थ कर्मचारी निर्धारित समय पर कैंप स्थल पर उपस्थित रहें और स्थानीय स्तर की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। इसके अतिरिक्त, आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने बाढ़ एवं आपदा राहत के मद्देनजर उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा उसके सुचारू संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह गोदारा, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एम के टिवड़ा, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, जिला रसद अधिकारी डॉ. निकिता राठौड़, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह लांबा, उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विजयपाल कस्वा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. शिवरतन, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पूनिया, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अरविंद लामोरीया, आयुर्वेदिक विभाग के उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

जगन्नाथ पालकी यात्रा आज, 25 जगह फलों

बच्चों की आर्थिक मदद

जयपुर गुलाबी टाइम्स RNI No. RAJHIN/56183/92 [ प्रदेश ] जयपुर,

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा : जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने ली समीक्षा बैठक,

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर



■ जयपुर गुलाबी टाइम्स

**झुंझुनूं, ( विद्याधर आजाद )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के अंतर्गत जिले में योजनाओं के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे वहीं उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े । कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंत्योदय पखवाड़े के दौरान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर एवं पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं की सुनवाई करें और मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करें।

डॉ. गर्ग ने कैंप आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैंप स्थल पर संबंधित विभागों की जानकारी युक्त बैनर प्रदर्शित किए जाएं ताकि लोगों को योजनाओं की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधीनस्थ कर्मचारी निर्धारित समय पर कैंप स्थल पर उपस्थित रहें और स्थानीय स्तर की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

इसके अतिरिक्त, आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने बाढ़ एवं आपदा राहत के मद्देनजर उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा उसके सुचारू संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### शिविरों में होने वाले प्रमुख कार्य

- लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण
- लंबित नामान्तरणों का निस्तारण
- लंबित कुरेंजात रिपोर्ट तैयार करना
- रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण
- आपसी सहमति से बंटवारा
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों का सर्वे
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु आवेदन
- स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना
- पानी की टंकियों की साफ-सफाई करवाना
- लंबित नल कनेक्शन जारी करना
- लीकेज की मरम्मत और जल-दबाव जांच
- नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत करना
- नर्सरियों से पौधा वितरण करना
- मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना
- जल संरक्षण के कार्यों की स्वीकृति
- विद्युत लाइनों के ढीले तारों को सही करना
- विद्युत लाइनों के पास पेड़ पौधों की कटाई
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के नवीन प्रकरणों का निस्तारण
- नालों की साफ सफाई व मरम्मत

**यह रहे मौजूद:** बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह गोदारा, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एम के टिबड़ा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह लांबा, उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ विजयपाल कस्वा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ शिवरतन, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अरविंद सागोरीया, आयुर्वेदिक विभाग के उपनिदेशक डॉ जितेंद्र स्वामी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# 21 ग्राम पंचायतों में शिविर 27 को

**खबरों की दुनिया**

**झुंझुनूं।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत झुंझुनूं जिले में 27 जून को 21 ग्राम पंचयातो में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि जिले के विभिन्न उपखण्डों की चयनित ग्राम पंचायतों में ये शिविर प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक आयोजित होंगे। 27 जून को उपखण्ड बुहाना की ग्राम पंचायत भैसावता खुर्द, उपखण्ड खेतड़ी की ग्राम पंचायत कांकरिया, त्यौंदा, नगली सलेदी सिंह, उपखण्ड सूरजगढ़ की ग्राम पंचायत दुदवा, पीपली, उपखण्ड मंडावा की ग्राम पंचायत नांद, कोलिण्डा, शेखसर, भीमसर, उपखण्ड नवलगढ़ की ग्राम पंचायत कुमावास, डूमरा, केरु, उपखण्ड मलसीसर की ग्राम पंचायत लूणा, हमीरी कलां, उपखण्ड चिड़ावा की ग्राम पंचायत गोठड़ा लाम्बा, गोठड़ा नूनिया, उपखण्ड झुंझुनूं की ग्राम पंचायत पोसाणा, दूड़िया, कासिमपुरा, बीबासर में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

दैनिक भास्कर झुंझुनू भास्कर 27-06-2025

# भगवान सिंह को 37 साल बाद मिला खातेदारी हक



उदयपुरवाटी | रघुनाथपुरा पंचायत में लगाए गए शिविर में राजस्व गांव झाड़ूहाला के डॉ. भगवान सिंह मीणा को 37 साल बाद खातेदारी अधिकार मिला। विद्युत निगम संबंधी दो शिकायतें आईं जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

झाड़ूहाला के भगवान सिंह के पिता का देहांत 1988 में हो गया था लेकिन जमाबंदी में उनका नाम अभी तक नहीं आया था। उन्होंने रघुनाथपुरा पटवारी राजेश गुर्जर से संपर्क किया और कार्रवाई शुरू की तो शिविर में उनको खातेदारी अधिकार मिल गया। विभाजन का नामांतरण पेश किया जिसे तहसीलदार कुलदीप भाटी ने स्वीकार कर लिया। विकास अधिकारी भावेश धन्वंत, अतिरिक्त विकास अधिकारी दयानंद गढ़वाल, सरपंच संजय नेहरा, सुमन चौधरी, सुनील कुमार मौजूद थे।

पत्रिका

# रघुनाथपुरा शिविर में 37 वर्ष बाद पीड़ित को मिला खातेदारी हक



**गुढ़ागौड़जी@पत्रिका.** ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाडे का आयोजन किया गया। शिविर में विद्युत निगम से संबंधित दो परिवाद आए एक विद्युत पोल सही करवाने तथा दूसरा तारों के संपर्क में आने वाले पेड़ों पौधों की छंगाई करवाने का। परिवाद का शिविर में ही निस्तारण कर राहत प्रदान की गई। राजस्व विभाग में ग्राम झाडूवाला में एक खाते में 37 वर्ष बाद खातेदारी अधिकार प्राप्त हुआ। खातेदार डा भगवान सिंह ने बताया कि मेरे पिता का देहान्त 1988 में हुआ था। लेकिन आज तक हमारा नाम जमाबंदी में नहीं आया। जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था । आज शिविर में उन्हें खातेदारी हक दिया गया। इस मौके पर भावेश धन्वन विकास अधिकारी, कुलदीप भाटी तहसीलदार गुढ़ा सहित अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

27/06/2025 | Jhunjhunu City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# मेहाड़ा जाटूवास शिविर में 3 वर्षों से चल रहा बंटवारे का विवाद निपटाया



खेतड़ी. मेहाडा जाटूवास शिविर में पट्टा देते अधिकारी ।

**खेतड़ी @पत्रिका.** मेहाडा जाटूवास ग्राम पंचायत भवन में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत शिविर का आयोजन किया गया जानकारी देते हुए तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया शिविर में मोड़ी गांव के एक परिवार के 12 लोगों का 3 वर्ष से न्यायालय उपखंड अधिकारी खेतड़ी यहां चल रहे बंटवारे के प्रकरण का समस्त पक्षकारों को आपसी समझाइए से निपटाया गया तथा सभी ने न्यायालय से वाद को वापस लेने पर सहमति हुई। इस मौके पर पंचायत घर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस मौके पर 9 उपभोक्ताओं को नए पट्टे तथा 12 पुराने पट्टे धारकों को पट्टा प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए गये। शिविर में उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी के निर्देशन में तहसीलदार सुनील कुमार, विकास अधिकारी महादेव सिंह काजला, पटवारी घनश्याम गुर्जर ,सरपंच इंदिरा देवी , होशियार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी आशीष जांगिड़ सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

27/06/2025 | Jhunjhunu City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# भिर्र एवं पचेरीकलां गांव के अंत्योदय संबल शिविर में जरुरतमंद लाभान्वित

**बुहाना @पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को बुहाना पंचायत समिति के पचेरी कलां एवं भिर्र गांव में शिविर लगाए गए। भिर्र गांव के शिविर का उद्घाटन सरपंच शीशराम ने किया। शिविर में चार पट्टा वितरण, बारह मृदा नमूना, डेढ़ सौ पशु उपचार, पांच वृक्षारोपण, पन्द्रह मृदा जांच कार्ड वितरण, तीन सीमा ज्ञान, एक सौ बीस वैकसीन, चार नामांतरण, एक सूक्ष्म सिंचाई योजना एवं एक रास्ता खुलवाया गया। पचेरीकलां गांव में भी शिविर लगाया गया। शिविर का प्रधान हरीकृष्ण यादव ने निरीक्षण कर सरकारी योजनाओं से जरुरतमंद लोगों को लाभ पहुंचाने के पर बल दिया। पचेरीकलां में प्रधान हरीकृष्ण यादव ने आवासीय पट्टे वितरण किए। विकास अधिकारी अशोक कुमार, प्रदीप कुमार टेलर एडीओ, श्रवण कुमार गिरदावर, ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप लांबा, सुनील कुमार सहायक कृषि अधिकारी, रमेश कुमार, कृषि पर्यवेक्षक, विजय सिंह एलडीसी, नरेश कुमार जांगिड़, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बोहरा, आशीष दहिया बीएसएसओ, डॉ. नवीन धनखड़, डॉ. योगेश कुमार, यादराम, कमलेश योगी एवं अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

27/06/2025 | Jhunjhunu City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर
झुंझुनू भास्कर 27-06-2025

कलेक्टर ने ली अंत्योदय संबल पखवाड़े की समीक्षा बैठक, शिविरों में कर्मचारियों की उपस्थिति पर दिया जोर

# कलेक्टर ने नामांतरण के लंबित प्रकरण निबटाने के दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | झुंझुनूं

जिले में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने योजनाओं के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने कहा कि पखवाड़े के दौरान सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए। इसके लिए अधिकारी संवेदनशीलता से समस्या की सुनवाई कर मौके पर निस्तारण करें। उन्होंने शिविर आयोजन से पहले जानकारी आमजन को देने और कार्मिकों को समय पर मौजूद रहने के निर्देश दिए। इसके साथ मानसून को लेकर कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए उपखंड में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर सुचारू संचालन करने की बात कही। बैठक में एडीएम अजय आर्य, सीईओ रणजीत सिंह गोदारा, जलदाय एसई राजपाल सिंह, डिस्कॉम एसई एम के टीबडा, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, डीएसओ डॉ. निकिता राठौड़, कृषि के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्रसिंह लांबा, उद्यान संयुक्त निदेशक डॉ. विजयपाल कस्वां, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. शिवरतन, समाज कल्याण उपनिदेशक डॉ. पवन पूनियां, आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी मौजूद रहे।



झुंझुनूं. कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए।

**लंबित नामांतरण व सीमाज्ञान के प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश :** कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने अंत्योदय योजना के शिविरों को लेकर उपखंड अधिकारियों को लंबित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान प्रकरणों के साथ लंबित नामांतरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके साथ रास्तों के प्रकरणों, आपसी सहमति के बंटवारे वाले प्रकरण, गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों का सर्वे करने व विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के आवेदन, स्वामित्व पट्टे बना वितरित करने, पानी की टंकियों की सफाई, लंबित नल कनेक्शन, लीकेज मरम्मत, प्रेशर की जांच के साथ पौधा वितरण करने के कार्य प्राथमिकता से करने की बात कही। वहीं मृदा नमूनों का संग्रहण, स्वास्थ्य कार्ड वितरण, जल संरक्षण कार्यों की स्वीकृति, विद्युत के ढीले तारों को सही करने, पौधों की कटाई, नालों की सफाई व एनएफएसए के नवीन प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

**जिले की 21 पंचायतों में आज लगेंगे शिविर :** जिले में शुक्रवार को 21 पंचायतों में शिविर होंगे। इनमें बुहाना के भैसावता खुर्द, खेतड़ी के कांकरिया, त्यौंदा, नगली सलेदी सिंह, सूरजगढ़ के दुधवा, पीपली, मंडावा के नांद, कोलिंडा, शेखसर, भीमसर, नवलगढ़ के कुमावास, डूमरा, केरू, मलसीसर के लूणा, हमीरी कलां, चिड़ावा के लांबा गोठड़ा, नूनियां गोठड़ा, झुंझुनूं के पोसाना, दूड़िया, कासिमपुरा, बीबासर में शिविर लगेंगे। शिविरों का समय सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक रहेगा।

# जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने ली समीक्षा बैठक, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर



खबरों की दुनिया

झुंझुनूं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के अंतर्गत जिले में योजनाओं के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे वहीं उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंत्योदय पखवाड़े के दौरान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर एवं पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं की सुनवाई करें और मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करें। डॉ. गर्ग ने कैंप आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैंप स्थल पर संबंधित विभागों की जानकारी युक्त बैनर प्रदर्शित किए जाएं ताकि लोगों को योजनाओं की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधीनस्थ कर्मचारी निर्धारित समय पर कैंप स्थल पर उपस्थित रहें और स्थानीय स्तर की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। इसके अतिरिक्त, आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने बाढ़ एवं आपदा राहत के मद्देनजर उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा उसके सुचारू संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह गोदारा, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एम के टिवड़ा, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, जिला रसद अधिकारी डॉ. निकिता राठौड़, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह लांबा, उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विजयपाल कस्वा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. शिवरतन, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पूनिया, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अरविंद लामोरीया, आयुर्वेदिक विभाग के उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## शिविरों में होने वाले प्रमुख कार्य

- लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण
- लंबित नामान्तरणों का निस्तारण
- लंबित कुरेंजात रिपोर्ट तैयार करना
- रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण
- आपसी सहमति से बंटवारा
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों का सर्वे
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु आवेदन
- स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना
- पानी की टंकियों की साफ-सफाई करवाना
- लंबित नल कनेक्शन जारी करना
- लीकेज की मरम्मत और जल-दबाव जांच
- नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत करना
- नर्सरियों से पौधा वितरण करना
- मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना
- जल संरक्षण के कार्यों की स्वीकृति
- विद्युत लाइनों के ढीले तारों को सही करना
- विद्युत लाइनों के पास पेड़ पौधों की कटाई
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के नवीन प्रकरणों का निस्तारण
- नालों की साफ सफाई व मरम्मत

जगन्नाथ पालकी यात्रा आज, 25 जगह फलों

बच्चो की आर्थिक मदद

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा : जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने ली समीक्षा बैठक,

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

■ जयपुर गुलाबी टाइम्स

**झुंझुनूं, ( विद्याधर आजाद )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के अंतर्गत जिले में योजनाओं के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे वहीं उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े । कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंत्योदय पखवाड़े के दौरान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर एवं पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं की सुनवाई करें और मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करें।

डॉ. गर्ग ने कैंप आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैंप स्थल पर संबंधित विभागों की जानकारी युक्त बैनर प्रदर्शित किए जाएं ताकि लोगों को योजनाओं की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधीनस्थ कर्मचारी निर्धारित समय पर कैंप स्थल पर उपस्थित रहें और स्थानीय स्तर की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

इसके अतिरिक्त, आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने बाढ़ एवं आपदा राहत के मद्देनजर उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा उसके सुचारू संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



### शिविरों में होने वाले प्रमुख कार्य

- लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण
- लंबित नामान्तरणों का निस्तारण
- लंबित कुरेंजात रिपोर्ट तैयार करना
- रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण
- आपसी सहमति से बंटवारा
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों का सर्वे
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु आवेदन
- स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना
- पानी की टंकियों की साफ-सफाई करवाना
- लंबित नल कनेक्शन जारी करना
- लीकेज की मरम्मत और जल-दबाव जांच
- नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत करना
- नर्सरियों से पौधा वितरण करना
- मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना
- जल संरक्षण के कार्यों की स्वीकृति
- विद्युत लाइनों के ढीले तारों को सही करना
- विद्युत लाइनों के पास पेड़ पौधों की कटाई
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के नवीन प्रकरणों का निस्तारण
- नालों की साफ सफाई व मरम्मत

**यह रहे मौजूद:** बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह गोदारा, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एम के टिबड़ा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह लांबा, उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ विजयपाल कस्वा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ शिवरतन, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अरविंद लागोरीया, आयुर्वेदिक विभाग के उपनिदेशक डॉ जितेंद्र स्वामी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# 21 ग्राम पंचायतों में शिविर 27 को

**खबरों की दुनिया**

**झुंझुनूं।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत झुंझुनूं जिले में 27 जून को 21 ग्राम पंचयातो में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि जिले के विभिन्न उपखण्डों की चयनित ग्राम पंचायतों में ये शिविर प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक आयोजित होंगे। 27 जून को उपखण्ड बुहाना की ग्राम पंचायत भैसावता खुर्द, उपखण्ड खेतड़ी की ग्राम पंचायत कांकरिया, त्यौंदा, नगली सलेदी सिंह, उपखण्ड सूरजगढ़ की ग्राम पंचायत दुदवा, पीपली, उपखण्ड मंडावा की ग्राम पंचायत नांद, कोलिण्डा, शेखसर, भीमसर, उपखण्ड नवलगढ़ की ग्राम पंचायत कुमावास, डूमरा, केरु, उपखण्ड मलसीसर की ग्राम पंचायत लूणा, हमीरी कलां, उपखण्ड चिड़ावा की ग्राम पंचायत गोठड़ा लाम्बा, गोठड़ा नूनिया, उपखण्ड झुंझुनूं की ग्राम पंचायत पोसाणा, दूड़िया, कासिमपुरा, बीबासर में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

दैनिक भास्कर झुंझुनू भास्कर 27-06-2025

# भगवान सिंह को 37 साल बाद मिला खातेदारी हक



उदयपुरवाटी | रघुनाथपुरा पंचायत में लगाए गए शिविर में राजस्व गांव झाड़ूवाला के डॉ. भगवान सिंह मीणा को 37 साल बाद खातेदारी अधिकार मिला। विद्युत निगम संबंधी दो शिकायतें आईं जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

झाड़ूवाला के भगवान सिंह के पिता का देहांत 1988 में हो गया था लेकिन जमाबंदी में उनका नाम अभी तक नहीं आया था। उन्होंने रघुनाथपुरा पटवारी राजेश गुर्जर से संपर्क किया और कार्रवाई शुरू की तो शिविर में उनको खातेदारी अधिकार मिल गया। विभाजन का नामांतरण पेश किया जिसे तहसीलदार कुलदीप भाटी ने स्वीकार कर लिया। विकास अधिकारी भावेश धन्वंत, अतिरिक्त विकास अधिकारी दयानंद गढ़वाल, सरपंच संजय नेहरा, सुमन चौधरी, सुनील कुमार मौजूद थे।

पत्रिका

# रघुनाथपुरा शिविर में 37 वर्ष बाद पीड़ित को मिला खातेदारी हक



**गुढ़ागौड़जी@पत्रिका.** ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाडे का आयोजन किया गया। शिविर में विद्युत निगम से संबंधित दो परिवाद आए एक विद्युत पोल सही करवाने तथा दूसरा तारों के संपर्क में आने वाले पेड़ों पौधों की छंगाई करवाने का। परिवाद का शिविर में ही निस्तारण कर राहत प्रदान की गई। राजस्व विभाग में ग्राम झाड़ूवाला में एक खाते में 37 वर्ष बाद खातेदारी अधिकार प्राप्त हुआ। खातेदार डा भगवान सिंह ने बताया कि मेरे पिता का देहान्त 1988 में हुआ था। लेकिन आज तक हमारा नाम जमाबंदी में नहीं आया। जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था । आज शिविर में उन्हें खातेदारी हक दिया गया। इस मौके पर भावेश धन्वन विकास अधिकारी, कुलदीप भाटी तहसीलदार गुढ़ा सहित अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पत्रिका

# मेहाड़ा जाटूवास शिविर में 3 वर्षों से चल रहा बंटवारे का विवाद निपटाया



*खेतड़ी. मेहाडा जाटूवास शिविर में पट्टा देते अधिकारी ।*

**खेतड़ी @पत्रिका.** मेहाडा जाटूवास ग्राम पंचायत भवन में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत शिविर का आयोजन किया गया जानकारी देते हुए तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया शिविर में मोड़ी गांव के एक परिवार के 12 लोगों का 3 वर्ष से न्यायालय उपखंड अधिकारी खेतड़ी यहां चल रहे बंटवारे के प्रकरण का समस्त पक्षकारों को आपसी समझाइए से निपटाया गया तथा सभी ने न्यायालय से वाद को वापस लेने पर सहमति हुई। इस मौके पर पंचायत घर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस मौके पर 9 उपभोक्ताओं को नए पट्टे तथा 12 पुराने पट्टे धारकों को पट्टा प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए गये। शिविर में उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी के निर्देशन में तहसीलदार सुनील कुमार, विकास अधिकारी महादेव सिंह काजला, पटवारी घनश्याम गुर्जर ,सरपंच इंदिरा देवी , होशियार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी आशीष जांगिड़ सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

27/06/2025 | Jhunjhunu City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# भिर्र एवं पचेरीकलां गांव के अंत्योदय संबल शिविर में जरुरतमंद लाभान्वित

**बुहाना @पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को बुहाना पंचायत समिति के पचेरी कलां एवं भिर्र गांव में शिविर लगाए गए। भिर्र गांव के शिविर का उद्घाटन सरपंच शीशराम ने किया। शिविर में चार पट्टा वितरण, बारह मृदा नमूना, डेढ़ सौ पशु उपचार, पांच वृक्षारोपण, पन्द्रह मृदा जांच कार्ड वितरण, तीन सीमा ज्ञान, एक सौ बीस वैकसीन, चार नामांतरण, एक सूक्ष्म सिंचाई योजना एवं एक रास्ता खुलवाया गया। पचेरीकलां गांव में भी शिविर लगाया गया। शिविर का प्रधान हरीकृष्ण यादव ने निरीक्षण कर सरकारी योजनाओं से जरुरतमंद लोगों को लाभ पहुंचाने के पर बल दिया। पचेरीकलां में प्रधान हरीकृष्ण यादव ने आवासीय पट्टे वितरण किए। विकास अधिकारी अशोक कुमार, प्रदीप कुमार टेलर एडीओ, श्रवण कुमार गिरदावर, ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप लांबा, सुनील कुमार सहायक कृषि अधिकारी, रमेश कुमार, कृषि पर्यवेक्षक, विजय सिंह एलडीसी, नरेश कुमार जांगिड़, पूर्व सरपंच औमप्रकाश बोहरा, आशीष दहिया बीएसएसओ, डॉ. नवीन धनखड़, डॉ. योगेश कुमार, यादराम, कमलेश योगी एवं अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

27/06/2025 | Jhunjhunu City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

राज० पत्रिका 27/06/25

(1)

# पंचायत परिसर में लगाए पौधे



**नांगल राजावतान.** ग्राम पंचायत मानपुरिया में गुरुवार को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा के तहत लगे शिविर में पौधे लगाए गए। ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार मीना ने बताया कि शिविर के दौरान पंचायत भवन परिसर में तहसीलदार श्रीराम मीना, पंचायत समिति विकास अधिकारी कजोडमल मीना आदि ने एक दर्जन से अधिक छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के तहत पंचायत क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर करीब दो हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस मौके पर फैलीराम कानपुरा, मुथरेश मीना पटवारी, वनरक्षक सुमन बैरवा आदि मौजूद थे।

(2)

# ग्राम पंचायतों में शिविर आज

**दौसा**. पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाडे के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि पखवाड़े के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति दौसा की ग्राम पंचायत कालाखोह एवं बाणे का बरखेड़ा, बांदीकुई की गादरवाड़ा गूजरान एवं गुढ़लिया, बसवा की झांझीरामपुरा एवं जावली का बाढ़, सिकराय की पीलोड़ी, मानपुर, गांगदवाड़ी एवं निहालपुरा, महवा की हडिया, खेड़ला गदाली एवं पाली, मण्डावर की बालाहेड़ा एवं जटवाड़ा, लालसोट की किशोरपुरा, डिगो एवं झांपदा, नांगल राजावतान की चूडियावास एवं थूमड़ी, रामगढ़ पचवारा की हेमल्यावाला एवं डोब, लवाण की बनियाना, सैंथल की रामपुरा उर्फ महाराजपुरा में शिविर आयोजित होंगे। (ग्रामीण)

दै. भास्कर 27/06/25

(26)

## कालीखाड ग्राम पंचायत में संबल पखवाड़ा, पौधरोपण किया गया

**पापड़दा|** ग्राम पंचायत कालीखाड में गुरूवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत अधिकारियों ने पौधरोपण के साथ स्वामित्व कार्ड योजना में 38 प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान 45 पौधे भी लगाए गए। इस मौके पर एसडीएम यशवंत मीणा, नायब तहसीलदार श्रीराम मीणा, विकास अधिकारी कजोड़ मल मीणा, सरपंच मनफूली देवी, ग्राम विकास अधिकारी जगदीश महावर, सीताराम खरदरा, पटवारी लाली देवी मीणा द्वारा पंचायत भवन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 45 पौधे लगाए। वहीं, एसडीएम ने फलदार व छायादार पौधे लगाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी व सरपंच को निर्देशित किया।

(27)

## मानपुरिया शिविर में 27 जनों को मिला मकान का मालिकाना हक, पट्टे दिए

**नांगल राजावतान|** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरुवार को मानपुरिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार श्रीराम मीणा ने बताया कि राजस्व विभाग ने 4 नामांतरण, 4 सीमाज्ञान किए। एक रास्ते से अतिक्रमण हटाया गया। पंचायतीराज विभाग ने 27 पट्टे जारी कर लोगों को मालिकाना हक दिया। शिविर में 18 मिट्टी के नमूने लिए। 15 किसानों को मृदा कार्ड दिए। चिकित्सा विभाग ने 24 लोगों की बीपी और शुगर की जांच की। जरूरतमंदों को दवाइयां दी गईं। खाद्य सुरक्षा केवाईसी के 90 मामले निपटाए गए। विद्युत कनेक्शन के लिए 11 आवेदन मिले। 23 पेंशनर्स की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में कुल 13 विभागों के कार्मिकों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान किया। मौके पर अतिरिक्त विकास अधिकारी संजय मीणा, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश मीणा, डॉ. मुकेश शर्मा, कुशल शर्मा, मनमोहित, सीमा मीणा, सुमन बैरवा, नैना मीणा मौजूद रहे।

## गरीबों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर लगा



(28)

**मंडावरी(लालसोट)|** उपखंड के ग्राम पट्टी किशोरपुरा के अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में सरपंच एरंता देवी, तहसीलदार अमितेश मीणा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शिविर प्रभारी तहसीलदार अमितेश मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना शुरू की गई है। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और लाभ दिलाना है। शिविर में आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। आधार सीडिंग का कार्य हुआ। कई लोगों के खाद्य सुरक्षा राशन कार्ड चालू किए गए। पशु चिकित्सक ओमप्रकाश मीणा ने पशु बीमा और पशुओं से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी।

(29)

## संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन

**बसवा|** ग्राम पंचायत गुल्लाना व केसरीसिंहपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में एसडीएम रेखा मीणा ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। इस मौके पर तहसीलदार अन्नु शर्मा, बीडीओ मातादीन मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।

दै. भास्कर 27/06/25

(30)

# ग्रामीणों ने शिविर में एसडीएम के समक्ष उठाई एक्सप्रेस वे निर्माण के दौरान टूटी सड़कों के नवीनीकरण की मांग



चांदराना। शिविर के दौरान प्रोपर्टी पार्सल वितरित करते अधिकारी व अन्य।

भास्कर न्यूज | चांदराना

ग्राम पंचायत नांगल बैरसी में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। शिविर में एसडीएम मूलचंद लूणिया और तहसीलदार लोकेन्द्र मीना पहुंचे। ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना के तहत 21 प्रॉपर्टी पार्सल और मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे गए। पौधारोपण भी हुआ। शिविर में नांगल बैरसी से जीरोता मोड़ तक की क्षतिग्रस्त सड़क का मुद्दा उठा। ग्रामीणों ने बताया कि एक्सप्रेस वे निर्माण के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से करीब तीन करोड़ की लागत से बनी यह सड़क टूट गई है। मरम्मत हुई, लेकिन दोबारा नवीनीकरण नहीं हुआ। जीरोता मोड़ से चावंडेड़ा पुलिया तक सड़क अब भी जगह-जगह से टूटी है। चांदराना-खुरी वाया मालपुरिया और चांदराना-नांगल बैरसी सड़क मार्ग भी खराब हो गया। ग्रामीणों ने कहा कि एक्सप्रेस वे निर्माण कंपनी और पीडब्ल्यूडी ने अब तक ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने जीरोता मोड़ से नांगल बैरसी रोड की मरम्मत, गेटोलाव तक जमवारामगढ़ नहर की सफाई, तलाई की पाल से बावड़ी वाले रास्ते की मरम्मत, कम वोल्टेज से राहत के लिए दो ट्रांसफार्मर लगाने, नांगल बैरसी से मालपुरिया रोड पर गड्ढे भरवाने, परदेशी बबूल के पेड़ हटवाने, जलदाय विभाग की टंकी तक पानी पहुंचाने के लिए नाले के निर्माण, मालपुरिया में खेल मैदान और अर्जुन मीणा के खेत तक रास्ता बनाने की मांग रखी।

शिविर में आधार कार्ड अपडेट की व्यवस्था नहीं होने से वृद्धा पार्वती देवी की एक साल से बंद पेंशन शुरू नहीं हो सकी। गजेन्द्र खटीक का आधार मोबाइल से नहीं जुड़ा होने के कारण उसका काम भी नहीं हो पाया। शिविर में नायब तहसीलदार हनुमान सहाय शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी कृष्णावतार शर्मा, सरपंच हंसा देवी मीना, ग्राम विकास अधिकारी चन्द्र मोहन महावर, पूर्व सरपंच रामचरण मीना, सहकारी समिति व्यवस्थापक दीनदयाल मीना, संजय मालपुरिया, न्यू बिरसा मुंडा संस्थान सचिव लालचंद बैरवा सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## कंवरपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर



लवाण (दौसा)| पंचायत समिति लवाण की ग्राम पंचायत कंवरपुरा में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम रविकांत सिंह ने शिविर में पहुंचे। ग्राम दुबल्या निवासी चौथमल पुत्र दल्ला राम बलाई के पास भूमि का स्वामित्व का कोई प्रमाण नहीं था, जिसके संबंध में आवेदक से आवेदन भराकर कैम्प में ही प्रोपर्टी पार्सल व पट्टा दिया। ग्राम पंचायत कंवरपुरा के परिवादी रामकरण गुर्जर ने राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज जाति संबंधित अशुद्धि को दुरुस्त कराने के लिए आवेदन किया। जिस पर मौके पर ही राजस्व रिकॉर्ड अनुसार जांच कराकर आवेदक का प्रार्थना का निस्तारण किया। जिस पर प्रार्थी ने खुशी जाहिर की तथा सरकार एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कैंप में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर आम जन की समस्याओं का समाधान किया। कैंप में करीब 400 से ज्यादा ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर समस्याओं का निराकरण कराया। 27 जून को बनियान में कैंप का आयोजन किया जाएगा।

## शिविर में विधायक ने पट्टे वितरित किए



बैजूपाड़ा। पट्टे वितरित करते विधायक।

बैजूपाड़ा | पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर योजना के तहत गुरुवार को बैजूपाड़ा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे महवा विधायक राजेंद्र मीणा ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले। इस दौरान विधायक ने पट्टे भी वितरित किए। इस मौके पर सरपंच बीना देवी मीणा, केदार प्रसाद मीणा, मीणा छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश झूथाहेड़ा, मंडल अध्यक्ष धर्मसिंह मीणा, तहसीलदार प्रकाशचंद मीणा, विकास अधिकारी सुनील कुमार मीणा, सीबीईओ मुकेश मीणा, डॉ. ओमेश मीना, एईएन खेमराज बसवाल, जेईएन पिंटू राम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## शिविर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान किया



महवा ग्रामीण | ग्राम पंचायत औंड मीणा में गुरुवार को जनसुनवाई और सेवा शिविर लगाया गया। यह शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हुआ। ग्राम पंचायत सांथा पलानहेड़ा और औंड मीना में नायब तहसीलदार अजीत जैन और अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रहलाद मीणा मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान किया। शिविर का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और जमीनी स्तर पर समस्याओं का हल करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में किसानों को मृदा स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड दिए गए। पेंशन योजना के तहत पेंशनधारियों का भौतिक सत्यापन किया गया। खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जोड़े गए। मेडिकल टीम ने ग्रामीणों की शुगर और बीपी की जांच की। जरूरतमंदों को दवाइयां दी गईं। नायब तहसीलदार अजीत जैन ने ग्रामीणों को पट्टे भी वितरित किए।

दै. नवज्योति 27/06/25 (31)(42)

**बिलौना कलां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का किया लोकार्पण**

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का जरिया बना: विधायक रामबिलास मीना

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, लालसोट।** स्थानीय विधायक रामबिलास मीना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी आमजन को समय पर समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विधायक मीना ने गुरुवार को लालसोट उपखंड के बिलौना कलां ग्राम में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एक करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित भवन के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने 1 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलौना कला के नवीन भवन का लोकार्पण कर चिकित्सा संस्थान आम जनता को समर्पित किये तथा चिकित्सा संस्थान के नवीन भवनों में आमजन को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध करवाने के लिए सीबीसी मशीन भी स्थापित करवाई गई। विधायक रामबिलास मीना ने कहा कि यहां चिकित्सा संस्थान पर 546 प्रकार की दवाइयां और 34 प्रकार की जांच आमजन को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जावेगी।

क्षेत्र के लोग यहां चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहने दी जाएगी। क्षेत्र का भरपूर विकास कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.शंभू लाल कुईवाला, समाजसेवी सोनू बिनोरी, वंदना सैनी सरपंच ग्राम पंचायत बिलौना कला, कृष्णा देवी सैनी पंचायत समिति सदस्य लालसोट, रामप्रसाद मीणा बगड़ी, राम प्रकाश सैनी सरपंच खटवा, श्रीफूल मीना मंडल अध्यक्ष रामगढ़ पचवारा, बलराम बैरवा मंडल अध्यक्ष दौलतपुरा, अनिल बुर्जा नगर मंडल अध्यक्ष लालसोट, मुकेश मीना हाड़ोत्या, रूपसिंह बैपलावत, भरत लाल, जेपी मीना बड़ेखन, हनुमान मीणा शाहपुरा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. सीताराम मीणा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा, डॉ. पवन कुमार जैन ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी लालसोट, अनूप मीना सहायक अभियंता एनएचएम दौसा सहित काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का साफा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।






### आज डिगो उप स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे

विधायक रामबिलास मीना शुक्रवार को दोपहर 2.30 बजे उपस्वास्थ्य केंद्र डिगो के नवीन भवन का लोकार्पण किया जावेगा। उपस्वास्थ्य केंद्र का नवीन भवन 82 लाख रुपए की लागत से निर्मित है। यह जानकारी मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी लालसोट डॉ. पवन जैन ने दी।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, लालसोट।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलौना कला में गुरुवार को भव्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामबिलास मीना भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का जरिया बन गया है। बिलौना कलां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित जनसेवा शिविर में विधायक रामबिलास मीना ने आमजन से संवाद कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से मौके पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हमारा संकल्प है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीणा, तहसीलदार अमितेश मीणा और सभी विभागों के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे। विधायक मीना द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर पट्टा के लिए आवेदन करने वाले तीन पात्र ग्रामीणों को स्वीकृत पट्टों का वितरण किया गया। साथ ही किसानों को उनकी भूमि की उर्वरा स्थिति की जानकारी देने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए। मुख्यमंत्री मंगल पशु बीमा योजना के अंतर्गत शिविर में लगभग 15 पशुपालकों का निःशुल्क बीमा किया गया। जिसके तहत अधिकतम दो पशुओं का 40 हजार रुपए तक का बीमा कवर प्रदान किया गया तथा संबंधित पशुपालकों को बीमा बॉन्ड भी सौंपे गए। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक रामबिलास मीना ने पंचायत के पात्र आमजन से खाद्य सुरक्षा योजना में अपना नाम जुड़वाने का आह्वान किया एवं उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनसे इनका अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शंभू लाल कुईवाले, समाजसेवी सोनू बिनोरी, सरपंच वंदना सैनी, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा देवी सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम बैरवा, अनिल बुर्जा सहित अन्य अधिकारी गण, कार्मिक एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।





दै० नवज्योति 27.6.25

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

# कालूवास के मांगी लाल पांचाल और मोहन लाल हरिजन को मिला मकान का स्वामित्व



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, दौसा।** राज्य सरकार की ओर से शुरू किया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कारगर साबित हो रहे है। रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की कालूवास ग्राम पंचायत में गुरुवार को लगे शिविर में मांगी लाल पांचाल और मोहन लाल हरिजन को अपने मकान का स्वामित्व मिला। प्रशासन ने उन्हें स्वामित्व योजना अन्तर्गत प्रोपर्टी कार्ड पार्सल के साथ पट्टा प्रदान किया। कालूवास गांव के रहने वाले मांगी लाल पांचाल एवं मोहन लाल हरिजन का गांव की आबादी भूमि में पुश्तैनी मकान स्थित है। इनके पास मकान के स्वामित्व का कोई प्रमाण नहीं था। इन्होंने स्वामित्व योजना में पट्टा लेने के लिए आवेदन भरकर जमा करवाया। अन्त्योदय पखवाड़े के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जहां प्रशासन ने इन्हें प्रोपर्टी पार्सल एवं पट्टा प्रदान किया गया। मकानों के पट्टे मिलने के बाद अब मांगीलाल और मोहनलाल अपने मकान के स्वामी बन गए। साथ ही, आर्थिक रूप से कमजोर मांगीलाल एवं मोहनलाल अब सरकारी बैंकों से वाजिब ब्याज दरों पर होम लोन लेने के पात्र भी हो गए



हैं। प्रोपर्टी पार्सल एवं पट्टा मिलने के बाद दोनों लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए यह अभियान शुरु करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार निजामपुर ग्राम पंचायत में लगे शिविर में रामसहाय, सांवलराम, सोमेती देवी, छोटूसिंह एवं रामसिंह को अपने पुश्तैनी मकान का पट्टा मिला। लालसोट विधायक रामबिलास मीणा और पंचायत समिति विकास अधिकारी योगेश कुमार मीणा ने इन्हें प्रोपर्टी पार्सल एवं पट्टा प्रदान किया। कालूवास शिविर में कल्याणी देवी धोबी और मोहम्मदपुरा की सोनी देवी बैरवा का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने पक्के मकान में डिजिटल गृह प्रवेश करवाया। सालों से झोंपड़ी में रहने वाली कल्याणी देवी और सोनीदेवी के पक्के आशियाना का सपना साकार होने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इन दोनों ही महिलाओं के पति मजदूरी का कार्य करते हैं और उनके पास मकान के नाम पर सिर्फ एक झोंपड़ी थी। ग्राम पंचायत की वर्ष 2024-25 की आवास सूचि में उसका नाम आने पर वह बेहद प्रसन्न नजर आईं। अब वह भी पक्के मकान में सुरक्षित अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। इन्हें आवास बनाने के लिए इस योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि मिली और मनरेगा के तहत 23 हजार 940 रुपए का फायदा मिला।



## इन पंचायतों में लोगों को किया योजनाओं से लाभान्वित

जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार को दौसा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खार्वड़ा एवं नांगल बैरसी, बांदीकुई की टलाड़ी एवं धनावड़, बसवा की गुढ़ाना एवं केसरी सिंह पुरा, सिकराय की मीना सीमला, ठीकरिया, समरडला एवं अचलपुरा, महवा की खांथा, औंडमीना एवं पलानहेड़ा, मंडावर की बैजूपाड़ा एवं बनावड़, लालसोट की पट्टी किशोरपुरा, बिलौना कलां एवं होदायली, नांगल राजावतान की कालीखाड़ एवं मानपुरिया, रामगढ़ पचवारा की निजामपुरा एवं कालूवास, लवाण की कंवरपुरा, सैंथल की चोरड़ी ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित कर आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

## 27 जून को यहां आयोजित होंगे शिविर

जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि पखवाड़े के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति दौसा की ग्राम पंचायत कालाखोह एवं बाणे का बरखेड़ा, बांदीकुई की गादरवाड़ा गूजरान एवं गुढलिया, बसवा की झांझीरामपुरा एवं जावली का बाढ़, सिकराय की पीलोड़ी, मानपुर, गांगदवाड़ी एवं निहालपुरा, महवा की हड़िया, खेड़ला गदाली एवं पाली, मण्डावर की बालाहेड़ा एवं जटवाड़ा, लालसोट की किशोरपुरा, डिगो एवं झांपदाए नांगल राजावतान की चुड़ियावास एवं थूमड़ी, रामगढ़ पचवारा की हेमल्यावाला एवं डोबए लवाण की बनियाना, सैंथल की रामपुरा उर्फ महाराजपुरा तथा शनिवार को लालसोट पंचायत समिति की खेड़ला खुर्द एवं चांदसेन ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# 25 साल से बंद रास्ते को अतिक्रमण हटवाकर खुलवाया

**दौसा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत गुरुवार को रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की निजामपुर ग्राम पंचायत में लगे शिविर के दौरान राजस्व टीम ने डाबरा कलां गांव में 25 साल से बंद रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराकर खुलवाया। सलेमपुरा-राणौली मुख्य सड़क से ग्राम पंचायत निजामपुरा के डाबर-कलां गांव को जोड़ने वाला यह रास्ता 25 साल से अतिक्रमण के कारण बंद था। रास्ते की इस रुकावट की वजह से लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस रास्ते को लेकर दोनों तरफ से काश्तकारों का विरोध था, जिससे यह रास्ता बंद पड़ा था। प्रशासन ने दो-तीन बार पहले भी इसे खुलवाने का प्रयास किया था, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। अन्त्योदय पखवाड़े के दौरान उपखंड प्रशासन ने आसपास के काश्तकारों से संवाद कर इस रास्ते को खुलवाने की सकारात्मक पहल की। राजस्व टीम ने गांव वालों के सहयोग से पुलिस को साथ लेकर गुरुवार को सवा किलोमीटर लंबे इस रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त करवाया। ग्रामीणों ने 25 साल से चल रही इस समस्या का हल होने पर खुशी जाहिर की और पुनीत कार्यों के लिए राज्य सरकार की सराहना की।

जयपुर महानगर 27/06/25 (50)

# कालूवास के मांगीलाल और मोहन लाल हरिजन को मिला मकान का 'स्वामित्व'

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

महानगर संवाददाता

दौसा। राज्य सरकार की ओर से शुरु किया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कारगर साबित हो रहे है। रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की कालूवास ग्राम पंचायत में गुरुवार को लगे शिविर में मांगी लाल पांचाल और मोहन लाल हरिजन को अपने मकान का 'स्वामित्व' मिला। प्रशासन ने उन्हें स्वामित्व योजना अन्तर्गत प्रोपर्टी कार्ड पार्सल के साथ पट्टा प्रदान किया।



कालूवास गांव के रहने वाले मांगी लाल पांचाल एवं मोहन लाल हरिजन का गांव की आबादी भूमि में पुश्तैनी मकान स्थित है। इनके पास मकान के स्वामित्व का कोई प्रमाण नहीं था। इन्होंने स्वामित्व योजना में पट्टा लेने के लिए आवेदन भरकर जमा करवाया। अन्त्योदय पखवाड़े के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत में शिविर लगा, जहां प्रशासन ने इन्हें प्रोपर्टी पार्सल एवं पट्टा प्रदान किया गया। मकानों के पट्टे मिलने के बाद अब मांगीलाल और मोहनलाल अपने मकान के 'स्वामी' बन गए। साथ ही, आर्थिक रूप से कमजोर मांगीलाल एवं मोहनलाल अब सरकारी बैंकों से वाजिब ब्याज दरों पर होम लोन लेने के पात्र भी हो गए हैं। प्रोपर्टी पार्सल एवं पट्टा मिलने के बाद दोनों लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए यह अभियान शुरु करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

इसी प्रकार निजामपुर ग्राम पंचायत में लगे शिविर में रामसहाय, सांवलराम, सोमेती देवी, छोटूसिंह एवं रामसिंह को अपने पुश्तैनी मकान का पट्टा मिला। लालसोट विधायक रामबिलास मीणा और पंचायत समिति विकास अधिकारी योगेश कुमार मीणा ने इन्हें प्रोपर्टी पार्सल एवं पट्टा प्रदान किया।

**कल्याणी देवी और सोनी देवी ने किया पक्के मकान में गृह प्रवेश**

कालूवास शिविर में कल्याणी देवी धोबी और मोहम्मदपुरा की सोनी देवी बैरवा का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने पक्के मकान में डिजिटल गृह प्रवेश करवाया। सालों से झोंपड़ी में रहने वाली कल्याणी देवी और सोनीदेवी के पक्के आशियाना का सपना साकार होने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

इन दोनों ही महिलाओं के पति मजदूरी का कार्य करते हैं और उनके पास मकान के नाम पर सिर्फ एक झोंपड़ी थी। ग्राम पंचायत की वर्ष 2024-25 की आवास सूचि में उसका नाम आने पर वह बेहद प्रसन्न नजर आई। अब वह भी पक्के मकान में सुरक्षित अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। इन्हें आवास बनाने के लिए इस योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि मिली और मनरेगा के तहत 23 हजार 940 रुपए का फायदा मिला।

**इन पंचायतों में लोगों को किया योजनाओं से लाभान्वित**

जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार को दौसा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चावंडेड़ा एवं नांगल बैरसी, बांदीकुई की देलाडी एवं धनावड़, बसवा की गुल्लाना एवं केसरी सिंह पुरा, सिकराय की मीना सीमला, टीकरिया, सरूण्डला एवं अचलपुरा, महवा की सांथा, औंडमीना एवं पलानहेड़ा, मंडावर की बैजूपाड़ा एवं बनावड़, लालसोट की पट्टी किशोरपुरा, बिलौना कलां एवं होदायली, नांगल राजावतान की कालीखाड एवं मानपुरिया, रामगढ़ पचवारा की निजामपुरा एवं कालूवास, लवाण की कंवरपुरा, सैंथल की चोरड़ी ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित कर आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

(51)

# शिविर में 25 साल से बंद रास्ते को अतिक्रमण हटवाकर खुलवाया



महानगर संवाददाता

दौसा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत गुरुवार को रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की निजामपुर ग्राम पंचायत में लगे शिविर के दौरान राजस्व टीम ने डाबरा कलां गांव में 25 साल से बंद रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराकर खुलवाया।

सलेमपुरा-राणौली मुख्य सड़क से ग्राम पंचायत निजामपुरा के डाबर कलां गांव को जोड़ने वाला यह रास्ता 25 साल से अतिक्रमण के कारण बंद था। रास्ते की इस रुकावट की वजह से लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस रास्ते को लेकर दोनों

लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी।

अन्त्योदय पखवाड़े के दौरान उपखंड प्रशासन ने आसपास के काश्तकारों से संवाद कर इस रास्ते को खुलवाने की सकारात्मक पहल की। राजस्व टीम ने गांव वालों के सहयोग से पुलिस को साथ लेकर गुरुवार को सवा किलोमीटर लंबे इस रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त करवाया। इससे अब ग्रामीणों की आवाजाही सुगम हो सकेगी, स्कूली बच्चों के लिए आने-जाने में दिक्कत नहीं होगी और काश्तकार जरूरी साधन एवं कृषि यंत्र लाने-ले जाने का काम आसानी से कर सकेंगे।

ग्रामीणों ने 25 साल से चल रही इस समस्या का हल होने पर खुशी

# अन्त्योदय सम्बल शिविरों में जरूरतमंदों को राहत : विधवा पेंशन मंजूर होने से महिलाओं को मिला आर्थिक संबल, सस्ती ब्याज दरों पर ले सकेंगे होम लोन

**महानगर संवाददाता**

**दौसा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत दौसा जिले में आयोजित शिविर कई जरूरतमंद लोगों के लिए राहत लेकर आए।

बुजुर्गों को विधवा पेंशन मंजूर होने से उन्हें आर्थिक संबल मिला। इसी तरह किसी को आवासीय पट्टा मिला तो किसी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सहमति से जमीन का बंटवारा और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिला। सिकराय पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ब्राह्मण बैराडा में आयोजित शिविर के दौरान दो बुजुर्ग महिलाओं को मौके पर ही विधवा पेंशन शुरु करवाकर संबल प्रदान किया गया। बिंदरवाड़ा गांव की निवासी तोफली देवी एवं गोल्या गांव की रहने वाली पार्वती देवी शिविर में पहुंची और पात्र होने के बावजूद विधवा पेंशन शुरु नहीं होने का परिवाद दिया।

पंचायत समिति विकास अधिकारी ने दोनों महिलाओं के दस्तावेज देखे और मौके पर ही विधवा पेंशन संबंधी भौतिक सत्यापन कर दिया। इन महिलाओं ने इससे पूर्व भी कई बार ई-मित्र द्वारा अपने भौतिक सत्यापन संबंधी प्रयास किए, लेकिन उनकी उम्र अत्यधिक होने के कारण आंखों की पुतलियों तथा हाथों के फिंगर प्रिंट में उत्पन हुई विकृति के चलते भौतिक सत्यापन नहीं किया जा सका, जिससे वह काफी परेशानी में चल रही थी, लेकिन आज शिविर में उनका भौतिक सत्यापन सफल हो जाने से वह काफी खुश नजर आई। उनका कहना है कि अब वह विधवा पेंशन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में पुनः सक्षम हो गई हैं, जिससे उन्हें बुढ़ापे में आर्थिक संबल मिलेगा।

जिले की रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कुशलपुरा के मीठालाल रैगर का गांव की आबादी भूमि में पुस्तैनी मकान है। इनके पास स्वामित्व का कोई प्रमाण नहीं था। ग्राम पंचायत ने इन्हें स्वामित्व योजना की जानकारी दी और इनका आवेदन स्वामित्व योजना में पट्टे के लिए भरवाकर जमा करवाया। शिविर में ग्राम पंचायत की ओर से प्रोपर्टी पार्सल व पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उसे मकान का



स्वामित्व दस्तावेज मिलने के साथ अब वह जरूरत होने पर होम लोन भी हासिल कर सकेंगे।

महवा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खौंचपुरी में भीमसिंह को कृषि विभाग की ओर से मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त हुआ। काश्तकार भीमसिंह ने कहा कि वह मृदा कार्ड की रिपोर्ट के आधार पर खेती कर कृषि उपज में निरन्तर वृद्धि कर सकेंगे। मृदा स्वास्थ्य की जांच कराने से अनावश्यक उर्वरक का खर्चा कम होगा। वहीं रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की पालून्दा ग्राम पंचायत की लाली देवी मीना को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत डिजिटल गृह प्रवेश मिला।

# 15 सालों बाद झोपड़ी में जला बल्ब, सायरा की आंखें भर आईं



**सज्जनगढ़|** ग्राम पंचायत हिम्मतगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। भू.अ. निरीक्षक, सचिव, पटवारी, सहायक अभियंता सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सज्जनगढ़, नायब तहसीलदार और उप तहसीलदार डूंगरा छोटा ने शिविर का औचक निरीक्षण किया। शिविर में सायरा बानो नाम की वृद्ध महिला ने एक मार्मिक प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि 15 साल से उनकी झोपड़ी में बिजली नहीं है। पति की मौत 25 साल पहले हो गई थी। बेटा अनपढ़ है, मजदूरी करता है। आर्थिक हालत इतनी खराब है कि बिजली कनेक्शन की डिमांड राशि भी नहीं भर पाए। सायरा बानो की बात सुनकर अधिकारी और जनप्रतिनिधि भावुक हो गए। शिविर प्रभारी, भू.अ. निरीक्षक, सचिव, पटवारी और सहायक अभियंता ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। एक भामाशाह की मदद से डिमांड राशि जमा करवाई गई।

विद्युत फाइल तैयार कर मीटर लगवाया गया। 15 साल बाद जब सायरा बानो की झोपड़ी में बल्ब जला, उनकी आंखों से आंसू बह निकले। यह सिर्फ बिजली का मीटर नहीं था, यह उनके जीवन में रोशनी, उम्मीद और सम्मान की लौ थी। शिविर एक मिसाल बन गया। प्रशासन, समाज और सरकार ने मिलकर एक मां के अंधेरे जीवन में उजाला किया।

Scanned with CamScanner

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर



**आनंदपुरी @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत सुन्द्राव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित किया गया। सरपंच कंकू देवी रोत की अध्यक्षता में हुए इस शिविर में विकास अधिकारी प्रभुलाल डामोर, जितेंद्र टेलर व जिला ग्राम दानी अध्यक्ष मोहनलाल रोत उपस्थित रहे। कृषि विभाग द्वारा किसानों को निशुल्क मक्का मिनीकिट वितरित किए गए। विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने भाग लिया।

Scanned with CamScanner

# शिविर में किसानों को मिले मृदा कार्ड



**डडूका @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को खेरन का पारड़ा और मलाना ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। उपखंड अधिकारी श्रवण सिंह राठौड़ की उपस्थिति में हुए इन शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, कृषि, चिकित्सा, पशुपालन सहित कई विभागों ने सेवाएं दीं। मलाना में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे गए। पेंशन सत्यापन, स्वामित्व योजना में पट्टा वितरण, रोगी पशुओं की चिकित्सा, बिजली तारों की मरम्मत, टीबी स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं की जांच जैसी गतिविधियां संपन्न हुईं। शिविर में सरपंच रेणुका रोत सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

# जरूरतमन्दों को सम्बल प्रदान करने प्रभावी साबित हो रहा अभियान

## विभिन्न विभागों द्वारा हासिल की जा रही हैं उल्लेखनीय उपलब्धियां

**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा जनजाति अंचल बांसवाड़ा जिले में लोक राहत का अभियान साबित हो रहा है। इसके अन्तर्गत जरूरतमन्दों को हाथों हाथ राहत प्रदान करते हुए सुकून बांटा जा रहा है।

बांसवाड़ा जिले में इस पखवाड़ा के अंतर्गत जिले की 11 पंचायतों समिति में चलाये जा रहे शिविर परवान पर हैं और इनमें एक ही छत के नीचे एक साथ विभागीय कार्यों में हो रही प्रगति से आमजन राहत का अहसास कर रहा है। ग्रामीणजन शिविर में आकर अपनी समस्या का समाधान हाथों-हाथ पाकर खुश हैं। 24 व 25 जून से शिविर में हुए कार्यों से आमजन को राहत मिली।

जिले में अब तक विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं और बेहतर उपलब्धियां हासिल हुई हैं। पखवाड़ा के अन्तर्गत अब तक लगे शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा सीमा ज्ञान प्रकरणों में 198 में से 197 आवेदनों का निस्तारण किया गया, पत्थरगढ़ी के 19 में से 18 आवेदनों का निस्तारण किया गया, लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करने के सभी 4 आवेदनों का निस्तारण किया गया, रास्तों के प्रकरणों में 208 में से 202 आवेदनों, आपसी सहमति से बंटवारी के 82 में से 74 आवेदनों, बजट घोषणाओं के लंबित भूमि आवंटन के 5 में से 4 प्रस्तावो, अप्रयुक्त विभागीय भवनों, भूमि के उपयोग के 6 में से 4 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 166 चयनित बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। 183 परिवारों का चयन योजना के द्वितीय चरण हेतु सर्वे में किया गया एवं 75 परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया। विभाग को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शौचालय हेतु 55 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्के आवास हेतु 70 आवेदन प्राप्त हुए।

अब तक के शिविरों में पंचायती राज विभाग द्वारा मिशन हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत 14512 पौधे लगाए गए। 202 स्वामित्व कार्ड पट्टे तैयार किए गए और 180 स्वामित्व कार्ड, पट्टों का वितरण किया गया। विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के अंतर्गत 05 कार्य पूर्ण किए गए वहीं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत 23 कार्य स्वीकृत किए गए।



0 4

पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 05 कार्य पूर्ण किए गए तथा मनरेगा के अंतर्गत कल 301 कार्य पूर्ण किए गए। वर्षा जल संरक्षण हेतु 15 एफएफसी के तहत 158 कार्य पूर्ण किए गए, पखवाड़ा अवधि में एसएफसी के तहत 267 कार्य पूर्ण किए गए। अटल ज्ञान केंद्र के लिए पखवाड़ा अवधि में 16 कार्य स्वीकृत किए गए।

ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों को खिंचवाने के 95 प्रकरणों, विद्युत पोल को सही करवाने की 48 तथा तारों के संपर्क में आने वाले पेड़ पौधों की छंगाई के 177 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

जल संसाधन विभाग द्वारा नहरी क्षेत्र में बाराबंदी से संबंधित 01 प्रकरण, खाल आड के विवाद के 07 प्रकरण व नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत के 23 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। नहरों से गाद निकालने एवं झाड़ हटाने के 15 प्रकरणों, गेटों की सफाई एवं ग्रीस लगाने के 10 प्रकरणों एवं पंचायत राज से जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित जल संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत के प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा 536 मृदा नमूनों का संग्रहण किया गया, 408 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, 59 सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किए गए एवं सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 19 प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की गईं। वन विभाग द्वारा नर्सरियों से 46 हजार 440 पौधे वितरित किए गए एवं 18 हजार 390 पौधे लगाए गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 818 पीएम कार्ड वितरित किए गए। पीएमवीवीवाय योजना के अंतर्गत 269 व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया। टीबी रोग की पहचान हेतु 1856 लोगों की स्क्रीनिंग की गई व 48 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। 530 गर्भवती महिलाओं की आरसीएचके/एएनसी जांच की गई, 303 बच्चों का आरसीएचके टीकाकरण किया गया। एनसीडी शिविर में कुल 5741 ओपीडी पंजीकृत हुए। 30 वर्ष से अधिक उम्र के 3302 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। एनसीडी शिविर में 335 बीपी, शुगर के संभावित रोगी पाए गए।

पशुपालन विभाग द्वारा 1454 बड़े व 3346 छोटे पशुओं की जांच एवं इलाज किया गया। 5978 पशुओं के लंपी रोग प्रतिरोधक टीकाकरण, 3052 के गलघोंटू टीकाकरण व 1111 के लंगड़ा बुखार टीकाकरण किया गया। कुल 10141 टीके लगाए गए। 2593 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा 03 आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की साफ-सफाई, 12 पानी की टंकियां की सफाई व 12 भवनों की मरम्मत की गईं।

शिक्षा विभाग द्वारा जिले के 477 विद्यालयों में शौचालय की सफाई की गई। कुल 494 में से 229 विद्यालयों में स्थित शौचालयों को मरम्मत हेतु चिह्नित किया गया व 56 शौचालयों की मरम्मत की गई। अनुपयोगी व जर्जर सामग्री वाले 76 विद्यालयों में से 33 विद्यालयों में अनुपयोगी व जर्जर सामग्री का निस्तारण किया गया। 387 विद्यालयों में जल, बिजली, फर्नीचर, पंखे, स्विच बोर्ड के आवश्यक कार्य पूर्ण किए गए। जिले के 330 विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। 11 विद्यालयों में नए संकाय शुरू कर विद्यार्थियों का नामांकन प्रारंभ किया गया। स्वायत्त शासन विभाग द्वारा 12 नालों की सफाई की गई। 41 टन कचरा उठाया गया, 11 नलों में जल बहाव की रुकावटें दूर की गईं। वृक्षारोपण हेतु 900 गड्ढे खोदे गए व 350 पौधे लगाए गए। 156 बंद स्ट्रीट लाइट शुरू की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 2604 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया।

# सफलता की कहानियां

# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

## गोविन्द को मिला हाथों - हाथ स्वामित्व योजना का लाभ

**बांसवाड़ा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर से आमजनों को बडी राहत मिल रही है इसी के तहत गुरुवार को गढी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बेडवा के पाडलिया निवासी गोविन्द रेबारी पुत्र शेकर के लिये सुकून व राहत देने वाला रहा है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देषानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा में हो रहे कार्यो से ग्रामीणों को राहत मिल रही है।



गोविन्द ने बताया कि मुझें एक दिन पहले पता चला की गांव में शिवर लगने वाले है जिसमें सभी अधिकारी आएगे तो मै शिविर में पहुचंकर ग्राम विकास अधिकारी को मिला और उनको मेरे पटटे को लेकर बात की जिस पर विकास अधिकारी जी ने मुझसे अपनी मकान के पट्टे एवं स्वामित्व योजना के फायदे समझाए शिविर में अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला परिषद बांसवाडा एवं विकास अधिकारी महोदय ने मुझे स्वामित्व योजना की मौके पर ही पट्टे की कार्यवाही पूर्ण करवाई एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा में आसानी से मेरे मकान का पट्टा जारी कर, स्वामित्व योजना अन्तर्गत प्रोपर्टी कार्ड वितरीत किया गया। शिविर में काम होते देखकर गोविन्द रेबारी ने कहने लगा की यह शिविर तो अच्छे लग रहें मै ओर लोगो को भी इसकी जानकारी दुगा ताकि ग्रामीणों को अपने काम व समस्या का समाधान करने मै आसानी रहेगी। मै माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं मुख्यमंत्री महोदय जी एवं जिला प्रशासन एवं उपखंड प्रशासन का दिल से धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने एक आम आदमी की समस्या को देखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा एवं भू स्वामित्व जेसी योजना चलाई। मै शिविर में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझे बिना किसी परेशानी एवं जल्द योजना का लाभ प्रदान किया ।

## आयुष्मान कार्ड पाकर रंजा व शिल्पा हुई भावविभेर

**बांसवाड़ा।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबंल पखवाडा के तहत शिविर ग्रामीणों के लिये वरदान साबित हो रहें है।



बांसवाडा जिले के गढी पंचायत समिति के बेडवा में लगे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबंल पखवाडा शिविर में ग्राम खेरन का पारडा निवासी श्रीमती रंजा मालिवाडा व श्रीमती शिल्पा डामोर ने शिविर में आकर शिविर प्रभारी से मिली और बताया कि उनको आयुश्मान कार्ड बनाने के लिये जानकारी दे जिस पर प्रभारी ने उनकी बात को बडी धैर्यपूर्वक सुनकर शिविर में आयुष्मान कार्ड संबंधी विभागीय अधिकारी को बुलाकर उसकी जानकारी दी और दोनो महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को पूरा करवाया और कार्ड को बनाकर वितरित किया।

अपना आयुष्मान कार्ड पाकर दोनो भावविभोर हो उठी और कहने लगी की अब यह कार्ड बन जाने से हमें इस योजना का पूरा- पूरा लाभ मिलेगा आज हम बहुत प्रसन्न है की शिविर मे आने से इतना बडा फायदा व काम हो गया। और कहने लगी कि इस सरकार ने तो योजनाए बहुत अच्छी - अच्छी दी और इसका लाभ भी हमे आज मिल गया हम तो सरकार का तहदिल से धन्यवाद देते है कि इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से घर बैठे काम हो जाएं इससे बडी व लाभ की ओर क्या बात हो सकती है।

## 37 हजार लम्बित पेशन प्रकरणों का सत्यापन कर दिया लाभ

## पेंशनधारियों को मिला राहत का सुकून

**बांसवाड़ा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को आयोजित शिविर घाटोल क्षेत्र के पेन्शनर्स के लिए वरदान साबित हुआ। घाटोल पंचायत समिति क्षेत्र में कई माहों से 37 हजार लम्बित पेंशन मामले सामने आए, जिनमें सालाना सत्यापन के कार्यो में किसी न किसी प्रकार की कमी से पेंशन भुगतान से संबंधित कार्य में देरी हो रही थी।

शिविर में इस बारे में जानकारी सामने आने पर इस मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्यवाही कर सभी लम्बित प्रकरणों का सत्यापन कर लाभ आरंभ करवाने की कार्यवाही की गई। शिविर में हुई कार्यवाही की बदौलत सभी पात्र पेंशनधारियों को पेन्शन समय पर मिलेगी। ज

।मृतक पाये गये उनके नाम सूची से हटाये गए। इसके साथ ही वसूली की स्थिति में राशि राजकोष में जमा कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई। एप के माध्यम से घर- घर जाकर इस काम को पूरा किया गया।

शिविर में दिव्यांग, एकल महिला के प्रमाण पत्रों के अनुरूप पुराने पात्रजनों के दस्तावेजों का नवीनीकरण कर सभी को पेंशन का लाभ शुरु करवाया गया। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव के निर्देश पर पेन्शन सत्यापन के काम को अभियान के तौर पर युद्धस्तर पर संपादित करते हुए शिविर में घाटोल व गनोड़ा पंचायत समितियों की 68 पंचायतों के सभी पेंशनर्स का सत्यापन कर दिया गया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा ने पेन्शन सत्यापन में हो रही परेशानी से मुक्ति दिलाकर पात्र व्यक्तियों को हाथों-हाथ लाभ पहुंचाकर राहत का सुकून दिया।









## 60 वर्षों के लम्बित कार्य को किया चंद मिनिटों में



**बांसवाड़ा।** दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत गुरुवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत सवनिया में शिविर में 60 वर्षो से आबादी पट्टे के कार्य को लेकर आ रही परेशानी चंद समय मै पूरा होने पर ग्राम पंचायत सवनिया के निवासी श्रीमती भंवर कुवँर, रायसिंह चौहान के लिये यह काम किसी वरदान से कम नही था। जब देखा की गांव में शिविर लगा है तो जाकर अपनी काम को करवाएं तो उनके लिये काम के सकारात्मक परिणाम मिलने पर उनके 60 साल के काम ने शिविर में 60 मिनिट मे कर दिया तो वे खुश हुए।

उन्होंने बताया कि विगत 60 वर्षों से आबादी भूमि में निवासरत है एवं कई समय से आबादी भूमि का पट्टे हेतु सघर्षरत थे। शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को आवासीय पट्टा जारी करने हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया। उच्चाधिकारियों द्वारा तत्काल सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर दस्तावेज तैयार कराकर आवासीय पट्टा जारी कर राहत प्रदान की गई।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा जारी

# जरूरतमन्दों को सम्बल प्रदान करने प्रभावी साबित हो रहा अभियान

**बांसवाड़ा ■ सूत्र**

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा जनजाति अंचल बांसवाड़ा जिले में लोक राहत का अभियान साबित हो रहा है। इसके अन्तर्गत जरूरतमन्दों को हाथों हाथ राहत प्रदान करते हुए सुकून बांटा जा रहा है।

बांसवाड़ा जिले में इस पखवाड़ा के अंतर्गत जिले की 11 पंचायतों समिति में चलाये जा रहे शिविर परवान पर हैं और इनमें एक ही छत के नीचे एक साथ विभागीय कार्यों में हो रही प्रगति से आमजन राहत का अहसास कर रहा है। ग्रामीणजन शिविर में आकर अपनी समस्या का समाधान हाथों-हाथ पाकर खुश हैं। 24 व 25 जून से शिविर में हुए कार्यों से आमजन को राहत मिली।

जिले में अब तक विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं और बेहतर उपलब्धियां हासिल हुई हैं। पखवाड़ा के अन्तर्गत अब तक लगे शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा सीमा ज्ञान प्रकरणों में 198 में से 197 आवेदनों का निस्तारण किया गया, पत्थरगढ़ी के 19 में से 18 आवेदनों का निस्तारण किया गया, लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करने के सभी 4 आवेदनों का निस्तारण किया गया, रास्तों के प्रकरणों में 208 में से 202 आवेदनों, आपसी सहमति से बंटवारी के 82 में से 74 आवेदनों, बजट घोषणाओं के लंबित भूमि आवंटन के 5 में से 4 प्रस्तावो, अप्रयुक्त विभागीय भवनों,भूमि के उपयोग के 6 में से 4 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 166 चयनित बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। 183 परिवारों का चयन योजना के द्वितीय चरण हेतु सर्वे में किया गया एवं 75 परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया। विभाग को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शौचालय हेतु 55 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्के आवास हेतु 70 आवेदन प्राप्त हुए।

अब तक के शिविरों में पंचायती राज विभाग द्वारा मिशन हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत 14512 पौधे लगाए गए। 202 स्वामित्व कार्ड पट्टे तैयार किए गए और 180 स्वामित्व कार्ड, पट्टों का वितरण किया गया। विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के अंतर्गत 05 कार्य पूर्ण किए गए वहीं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत 23 कार्य स्वीकृत किए गए।

पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 05 कार्य पूर्ण किए गए तथा मनरेगा के अंतर्गत कल 301 कार्य पूर्ण किए गए। वर्षा जल संरक्षण हेतु 15 एफएफसी के तहत 158 कार्य पूर्ण किए गए, पखवाड़ा अवधि में एसएफसी के तहत 267 कार्य पूर्ण किए गए। अटल ज्ञान केंद्र के लिए पखवाड़ा अवधि में 16 कार्य स्वीकृत किए गए।

ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों को खिंचवाने के 95 प्रकरणों, विद्युत पोल को सही करवाने की 48 तथा तारों के संपर्क में आने वाले पेड़ पौधों की छंगाई के 177 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

जल संसाधन विभाग द्वारा नहरी क्षेत्र में बाराबंदी से संबंधित 01 प्रकरण, खाल आड के विवाद के 07 प्रकरण व नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत के 23 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। नहरों से गाद निकालने एवं झाड़ हटाने के 15 प्रकरणों, गेटों की सफाई एवं ग्रीस लगाने के 10 प्रकरणों एवं पंचायत राज से जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित जल संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत के 04 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा 536 मृदा नमूनों का संग्रहण किया गया, 408 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, 59 सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किए गए एवं सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 19 प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की गई।

वन विभाग द्वारा नर्सरियों से 46 हजार 440 पौधे वितरित किए गए एवं 18 हजार 390 पौधे लगाए गए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 818 पीएम कार्ड वितरित किए गए। पीएमवीवीवाय योजना के अंतर्गत 269 व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया। टीबी रोग की पहचान हेतु 1856 लोगों की स्क्रीनिंग की गई व 48 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। 530 गर्भवती महिलाओं की आरसीएचके/एएनसी जांच की गई, 303 बच्चों का आरसीएचके टीकाकरण किया गया। एनसीडी शिविर में कुल 5741 ओपीडी पंजीकृत हुए। 30 वर्ष से अधिक उम्र के 3302 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। एनसीडी शिविर में 335 बीपी, शुगर के संभावित रोगी पाए गए।

पशुपालन विभाग द्वारा 1454 बड़े व 3346 छोटे पशुओं की जांच एवं इलाज किया गया। 5978 पशुओं के लंपी रोग प्रतिरोधक टीकाकरण, 3052 के गलघोंटू टीकाकरण व 1111 के लंगड़ा बुखार टीकाकरण किया गया। कुल 10141 टीके लगाए गए। 2593 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा 03 आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की साफ-सफाई, 12 पानी की टंकियां की सफाई व 12 भवनों की मरम्मत की गई।



शिक्षा विभाग द्वारा जिले के 477 विद्यालयों में शौचालय की सफाई की गई। कुल 494 में से 229 विद्यालयों में स्थित शौचालयों को मरम्मत हेतु चिह्नित किया गया व 56 शौचालयों की मरम्मत की गई। अनुपयोगी व जर्जर सामग्री वाले 76 विद्यालयों में से 33 विद्यालयों में अनुपयोगी व जर्जर सामग्री का निस्तारण किया गया। 387 विद्यालयों में जल, बिजली, फर्नीचर, पंखे, स्विच बोर्ड के आवश्यक कार्य पूर्ण किए गए। जिले के 330 विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। 11 विद्यालयों में नए संकाय शुरू कर विद्यार्थियों का नामांकन प्रारंभ किया गया।

स्वायत शासन विभाग द्वारा 12 नालों की सफाई की गई। 41 टन कचरा उठाया गया, 11 नलों में जल बहाव की रुकावटें दूर की गई। वृक्षारोपण हेतु 900 गड्ढे खोदे गए व 350 पौधे लगाए गए। 156 बंद स्ट्रीट लाइट शुरू की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 2604 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया।

# आयुष्मान कार्ड पाकर रंजा व शिल्पा हुई भावविभेर

**बांसवाड़ा ■ सूत्र**

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबंल पखवाडा के तहत शिविर ग्रामीणों के लिये वरदान साबित हो रहें है।

बांसवाडा जिले के गढी पंचायत समिति के बेडवा में लगे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबंल पखवाडा शिविर में ग्राम खेरन का पारडा निवासी श्रीमती रंजा मालिवाडा व श्रीमती शिल्पा डामोर ने शिविर में आकर शिविर प्रभारी से मिली और बताया कि उनको आयुश्मान कार्ड बनाने के लिये जानकारी दे जिस पर प्रभारी ने उनकी बात को बडी धैर्यपूर्वक सुनकर शिविर में आयुष्मान कार्ड संबंधी विभागीय अधिकारी को बुलाकर उसकी जानकारी दी और दोनो महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को पूरा करवाया और कार्ड को बनाकर वितरित किया। अपना आयुष्मान कार्ड पाकर दोनो भावविभोर हो उठी और कहने लगी की अब यह कार्ड बन जाने से हमें इस योजना का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा आज हम बहुत प्रसन्न है की शिविर मे आने से इतना बडा फायदा व काम हो गया। और कहने लगी कि इस सरकार ने तो योजनाए बहुत अच्छी - अच्छी दी और इसका लाभ भी हमे आज मिल गया हम तो सरकार का तहदिल से धन्यवाद देते है कि इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से घर बैठे काम हो जाएं इससे बडी व लाभ की ओर क्या बात हो सकती है।



## पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

# 37 हजार लम्बित पेंशन प्रकरणों का सत्यापन कर दिया लाभ







### पेंशनधारियों को मिला राहत का सुकून

**बांसवाड़ा ■ सूत्र**

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को आयोजित शिविर घाटोल क्षेत्र के पेन्शनर्स के लिए वरदान साबित हुआ। घाटोल पंचायत समिति क्षेत्र में कई माहों से 37 हजार लम्बित पेंशन मामले सामने आए, जिनमें सालाना सत्यापन के कार्यो में किसी न किसी प्रकार की कमी से पेंशन भुगतान से संबंधित कार्य में देरी हो रही थी।

शिविर में इस बारे में जानकारी सामने आने पर इस मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्यवाही कर सभी लम्बित प्रकरणों का सत्यापन कर लाभ आरंभ करवाने की कार्यवाही की गई। शिविर में हुई कार्यवाही की बदौलत सभी पारत्र पेंशनधारियों को पेन्शन समय पर मिलेगी। जो मृतक पाये गये उनके नाम सूची से हटाये गए। इसके साथ ही वसूली की स्थिति में राशि राजकोष में जमा कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई। एप के माध्यम से घर- घर जाकर इस काम को पूरा किया गया।

शिविर में दिव्यांग, एकल महिला के प्रमाण पत्रों के अनुरूप पुराने पात्रजनों के दस्तावेजों का नवीनीकरण कर सभी को पेंशन का लाभ शुरु करवाया गया। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव के निर्देश पर पेन्शन सत्यापन के काम को अभियान के तौर पर युद्धस्तर पर संपादित करते हुए शिविर में घाटोल व गनोड़ा पंचायत समितियों की 68 पंचायतों के सभी पेंशनर्स का सत्यापन कर दिया गया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा ने पेन्शन सत्यापन में हो रही परेशानी से मुक्ति दिलाकर पात्र व्यक्तियों को हाथों-हाथ लाभ पहुंचाकर राहत का सुकून दिया।



# रूपजी का खेडा में हैण्डपम्प मरम्मत कार्य को हाथों - हाथ ठीक होने पर राज्य सरकार का ग्रामवासियों ने किया आभार प्रकट



**बांसवाड़ा ■ सूत्र**

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत आज दिनांक 26.06.2025 को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत रूपजी का खेडा में शिविर का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत रूपजी का खेड़ा के ग्राम रूपजी का खेडा में मनोहर भोगजी द्वारा शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर हैण्डपम्प खराब होने से मोहल्ले में पीने की पानी की समस्या उत्पन्न होने से अवगत कराया। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा तत्काल सम्बन्धित विभाग को निर्देश देकर मौके पर जाकर वस्तुस्थिति को देखकर समाधान करने के दिनेर्दश दिये जिस पर विभाग के अधिकारियों व उनकी टीम ने मौके पर जाकर देखा और हैण्डपम्प की मरम्मत कर हेण्डपम्प पुनः चालु करा आमजन को राहत प्रदान की गई।

श्री मनोहर एवं मोहल्ले वासियों द्वारा अपने काम को देखते ही पूरा हो जाने पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय, जिला प्रशासन उपखण्ड प्रशासन, विकास अधिकारी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारीएवं पीएचईडी विभाग का दिल से आभार व्यक्त किया।

## सफलता की कहानी

# गोविन्द को मिला हाथों - हाथ स्वामित्व योजना का लाभ



**बांसवाड़ा ■ सूत्र**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर से आमजनों को बडी राहत मिल रही है इसी के तहत गुरुवार को गढी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बेडवा के पाडलिया निवासी गोविन्द रेबारी पुत्र शेकर के लिये सुकुन व राहत देने वाला रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देषानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा में हो रहे कार्यो से ग्रामीणों को राहत मिल रही है।

गोविन्द ने बताया कि मुझें एक दिन पहले पता चला की गांव में शिवर लगने वाले है जिसमें सभी अधिकारी आएगे तो मै शिविर में पहुचंकर ग्राम विकास अधिकारी को मिला और उनको मेरे पटटे को लेकर बात की जिस पर विकास अधिकारी जी ने मुझसे अपनी मकान के पट्टे एवं स्वामित्व योजना के फायदे समझाए शिविर में अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला परिषद बांसवाडा एवं विकास अधिकारी महोदय ने मुझे स्वामित्व योजना की मौके पर ही पट्टे की कार्यवाही पूर्ण करवाई एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा में आसानी से मेरे मकान का पट्टा जारी कर, स्वामित्व योजना अन्तर्गत प्रोपर्टी कार्ड वितरीत किया गया।

शिविर में काम होते देखकर गोविन्द रेबारी ने कहने लगा की यह शिविर तो अच्छे लग रहें मै ओर लोगो को भी इसकी जानकारी दुगा ताकि ग्रामीणों को अपने काम व समस्या का समाधान करने मे आसानी रहेगी। मै माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं मुख्यमंत्री महोदय जी एवं जिला प्रशासन एवं उपखंड प्रशासन का दिल से धन्यवाद करता हुँ जिन्होंने एक आम आदमी की समस्या को देखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा एवं भू स्वामित्व जेसी योजना चलाई। मै शिविर में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझे बिना किसी परेशानी एवं जल्द योजना का लाभ प्रदान किया ।

# 60 वर्षो के लम्बित कार्य को किया चंद मिनिटों में



**बांसवाड़ा ■ सूत्र**

दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत गुरुवार को पंचायत समिति घाटोल की ग्राम पंचायत सवनिया में शिविर में 60 वर्षो से आबादी पट्टे के कार्य को लेकर आ रही परेशानी चंद समय मे पूरा होने पर ग्राम पंचायत सवनिया के निवासी श्रीमती भंवर कुवँर,रायसिंह चौहान के लिये यह काम किसी वरदान से कम नही था। जब देखा की गांव में शिविर लगा है तो जाकर अपनी काम को करवाएं तो उनके लिये काम के सकारात्मक परिणाम मिलने पर उनके 60 साल के काम ने शिविर में 60 मिनिट मे कर दिया तो वे खुश हुए। उन्होंने बताया कि विगत 60 वर्षों से आबादी भूमि में निवासरत है एवं कई समय से आबादी भूमि का पट्टे हेतु सघर्षरत थे। शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को आवासीय पट्टा जारी करने हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया। उच्चाधिकारियों द्वारा तत्काल सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर दस्तावेज तैयार कराकर आवासीय पट्टा जारी कर राहत प्रदान की गई।

# वंचितों के लिए वरदान साबित हो रहे अंत्योदय संबल शिविर

## ग्राम पंचायतों में लगे शिविरों का दोनों जिला कलक्टर्स ने किया निरीक्षण

न्यूज सर्विस/नवज्योति,
बांसवाड़ा/डूंगरपुर

राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत दूसरे दिन सज्जनगढ़ उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत टांडामंगला, मोटावाड़ा वारिया एवं मस्का महूड़ी में आयोजित जन सेवा शिविरों में उपखंड अधिकारी मनोज खोमरा, तहसीलदार हरीश सोनी, विकास अधिकारी जगतप्रसाद ओझा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रूपजी बारिया, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता लाडजी कटारा, पटवारी एलिक निनामा, सरपंच लवजी गरासिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान मुख्यमंत्री निःशुल्क मक्का किट योजना के तहत पात्र किसानों को बीज किट वितरित किए, जिससे किसानों में उत्साह नजर आया। टांडामंगला शिविर में ग्राम भडवेल के 27 खातेदारों का तीन पीढ़ियों का राजस्व विभाजन किया गया जिससे लंबे समय से लंबित भूमि विवादों का समाधान हो सका।



बांसवाड़ा। मुख्यमंत्री निशुल्क मक्का किट योजना के तहत पात्र किसानों को बीज किट वितरित करते विभागीय अधिकारी। - चिराग श्रीमाल



डूंगरपुर। पोहरी खातूरात शिविर का निरीक्षण करते हुए जिला कलक्टर सिंह। - मयंक चौबीसा

**डूंगरपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर जिले के वंचितों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत में पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार लगाये गये शिविरों में ग्राम वासी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं तथा मौके पर ही उनके कार्य भी संपादित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में पंचायत समिति गलियाकोट के ग्राम पंचायत गरीयता एवं गढ़ा मैदातिया में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंची सविता, मणिलाल प्रजापत निवासी गरीयता, जिसकी उम्र दो माह पूर्व ही 55 वर्ष हुई थी। इसकी जानकारी शिविर प्रभारी को देने पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए और विभाग द्वारा हाथों हाथ स्वीकृति जारी की। शिविर प्रभारी ने बताया कि दोनों पंचायतों में कुल नामांतरण नौ, सीमा ज्ञान के तीन प्रकरण, बंटवारा का दो, रास्तों का राजस्व में इंद्राज के साथ ही राउमावि गरीयता के लिए भूमि आवंटन का प्रस्ताव तैयार करते हुए आवंटन की कार्यवाही की गई। पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास अंतर्गत कुल 58 प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण के साथ आयुर्वेदिक विभाग को पट्टा जारी किया गया। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बुधवार को पोहरी खातूरात का निरीक्षण किया तथा विभाग वार गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने सभी पात्र वंचितों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

27 जून को तहसील आसपुर के खुडारदा, नंदाली सगोरा, रायकी तहसील गामडी अहाड़ा के पादरडी, शरम, विरपुर, तहसील चिखली बावड़ी, बडगामा, तहसील डूंगरपुर के माड़ा, बलवाडा, बोरी, थाणा तहसील दोवड़ा के हिराता, वेयोडा, तहसील गलियाकोट के लिम्बडिया, तहसील झौथरिपाल के गंधवा, वानिया तालाब, तहसील साबला के माल, बोडीगामा बड़ा, कब्जा, तहसील सागवाड़ा के सेमलिया पंड्या, सुखापादर, सेलोता, वगेरी, फलाटेड तहसील सीमलवाडा के कनबा, निठाउवा, रामसोर जुना, धोधरा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

CS Scanned with CamScanner

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा जारी

## जरूरतमन्दों का सम्बल का प्रभावी अभियान

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बांसवाड़ा

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा जनजाति अंचल बांसवाड़ा जिले में लोक राहत का अभियान साबित हो रहा है। इसके अन्तर्गत जरूरतमन्दों को हाथों हाथ राहत प्रदान करते हुए सुकून बांटा जा रहा है। जिले में इस पखवाड़ा के तहत जिले की 11 पंचायतों समिति में चलाये जा रहे शिविर परवान पर हैं और इनमें एक ही छत के नीचे एक साथ विभागीय कार्यों में हो रही प्रगति से आमजन राहत का अहसास कर रहा है। 24 व 25 जून से शिविर में हुए कार्यों से आमजन को राहत मिली। जिले में अब तक विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं और बेहतर उपलब्धियां हासिल हुई हैं। पखवाड़ा के अन्तर्गत अब तक लगे शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा सीमा ज्ञान प्रकरणों में 198 में से 197 आवेदनों का निस्तारण किया गया, पत्थरगढ़ी के 19 में से 18 आवेदनों का निस्तारण किया गया, लंबित कुरेजांत रिपोर्ट तैयार करने के सभी 4 आवेदनों का निस्तारण किया गया, रास्तों के प्रकरणों में 208 में से 202 आवेदनों, आपसी सहमति से बंटवारी के 82 में से 74 आवेदनों, बजट घोषणाओं के लंबित भूमि आवंटन के 5 में से 4 प्रस्तावो, अप्रयुक्त विभागीय भवनों, भूमि के उपयोग के 6 में से 4 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्रामीण विकास विभाग ने 166 चयनित बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया वहीं 183 परिवारों का चयन योजना के द्वितीय चरण के लिये सर्वे में किया गया एवं 75 परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया। अब तक के शिविरों में पंचायती राज विभाग द्वारा मिशन हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 14 हजार 512 पौधे लगाए गए। साथ ही 202 स्वामित्व कार्ड पट्टे तैयार किए गए और 180 स्वामित्व कार्ड, पट्टों का वितरण किया गया। विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के अंतर्गत 5 कार्य पूर्ण किए गए वहीं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत 23 कार्य स्वीकृत किए गए। पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 05 कार्य पूर्ण किए गए तथा मनरेगा के अंतर्गत कल 301 कार्य पूर्ण किए गए। वर्षा जल संरक्षण के लिए 15 एफएफसी के तहत 158 कार्य पूर्ण किए गए, पखवाड़ा अवधि में एसएफसी के तहत 267 कार्य पूर्ण किए गए। अटल ज्ञान केंद्र के लिए पखवाड़ा अवधि में 16 कार्य स्वीकृत किए गए। ऊर्जा विभाग की ओर से बिजली के झूलते तारों को खिंचवाने के 95 प्रकरणों, विद्युत पोल को सही करवाने की 48 तथा तारों के संपर्क में आने वाले पेड़ पौधों की छंगाई के 177 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा नहरी क्षेत्र में बाराबंदी से संबंधित 1 प्रकरण, खाल आड के विवाद के 7 प्रकरण व नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत के 23 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। नहरों से गाद निकालने एवं झाड़ हटाने के 15 प्रकरणों, गेटों की सफाई एवं ग्रीस लगाने के 10 प्रकरणों एवं पंचायत राज से जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित जल संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत के 4 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा 536 मृदा नमूनों का संग्रहण किया गया, 408 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, 59 सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किए गए एवं सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 19 प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 818 पीएम कार्ड वितरित किए गए। पीएमवीवीवाय योजना के अंतर्गत 269 व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया। अनुपयोगी व जर्जर सामग्री वाले 76 विद्यालयों में से 33 विद्यालयों में अनुपयोगी व जर्जर सामग्री का निस्तारण किया गया। 387 विद्यालयों में जल, बिजली, फर्नीचर, पंखे, स्विच बोर्ड के आवश्यक कार्य पूर्ण किए गए। जिले के 330 विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।



बांसवाड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर में गोविन्द को स्वामित्व योजना से लाभान्वित करते अधिकारी। - विराग श्रीमाल

## हाथों-हाथ मिला स्वामित्व योजना का लाभ

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर में गढी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बेडवा के पाडलिया निवासी गोविन्द रेबारी पुत्र शेकर के लिये सुकून व राहत देने वाला रहा है। गोविन्द ने बताया कि उसे एक दिन पहले पता चला कि गांव में शिविर लगने वाले है जिसमें सभी अधिकारी आएंगे। जिस पर वह शिविर में पहुंचकर ग्राम विकास अधिकारी को मिला और उनको अपने पट्टे को लेकर बात की जिस पर विकास अधिकारी ने मकान के पट्टे एवं स्वामित्व योजना के फायदे समझाए। शिविर में अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला परिषद एवं विकास अधिकारी ने उसे स्वामित्व योजना की मौके पर ही पट्टे की कार्यवाही पूर्ण करवाई एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा में आसानी से मकान का पट्टा जारी कर स्वामित्व योजना अन्तर्गत प्रोपर्टी कार्ड प्रदान किया।

CS Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर – 27/06/2025

# 27, 28 व 30 जून को गांवों में लगेंगे शिविर आमजन की समस्याओं का होगा समाधान

भास्कर न्यूज़ | भरतपुर

सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे, इसी उद्देश्य को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत भरतपुर जिले में 27, 28 और 30 जून को शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी उपखंडों के ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले शिविरों की पंचायतवार सूची जारी कर दी है। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि प्रत्येक शिविर में राजस्व, सामाजिक न्याय, जनस्वास्थ्य, श्रम, महिला एवं बाल विकास सहित सभी विभागों की टीमें मौजूद रहेंगी, ताकि एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का फोकस यह है कि पखवाड़ा सिर्फ एक औपचारिकता न रह जाए, बल्कि इसका सीधा लाभ जरूरतमंदों को मिले। जमीनी अफसरों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी नागरिक शिविर से खाली हाथ न लौटे। हम चाहते हैं कि सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों में नहीं, लोगों के जीवन में बदलाव लाएं।

**▪ 27 जून को इन स्थानों पर लगेंगे शिविर...**

भरतपुर: इकरन, गांवडी
नदबई: ऐंचेरा, ऊंच, गांगरौली
भुसावर: बवेखर (राजीव गांधी सेवा केंद्र)
भैंसीना: (राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय)
वैर: उमरैड, हतीजर
बयाना: कनावर, दहगांव, हरनगर, महनौली
रूपवास: शक्करपुर, औडेलगढ़ी, माडापुरा
ऊच्चैन: पिचूना (राजीव गांधी सेवा केंद्र)

**▪ 28 जून को ये गांवों में सुनी जाएंगी समस्याएं:**

भरतपुर: पार, फुलवारा
नदबई: बहरामदा, खांगरी
भुसावर: नैवाडा (राउमावि), नारौली
वैर: गांगरौली
बयाना: खूंटखेडा, महरावर, गाजीपुर
रूपवास: रूंध रूपवास, मिल्सवां (राजीव गांधी सेवा केंद्र)

**▪ 29 जून को यहां पर लगेंगे शिविर:**

भरतपुर: पीपला, जाटौली रथभान
वैर: जीवद
रूपवास: विनऊवां (राजीव गांधी सेवा केंद्र)

**▪ 30 जून को इन इलाकों में पहुंचेंगे अफसर:**

भरतपुर: सुनारी, कल्याणपुर
नदबई: तलछेरा, उटारदा, भदीरा
भुसावर: मैंनापुरा व सलैमपुरा कलां (दोनों राउमावि में)
वैर: सिरस, हलैना
बयाना: जैसोरा, परौआ, बाजना, तरसूमा
रूपवास: नौहरदा, रुदावल
ऊच्चैन: कुरका (राजीव गांधी सेवा केंद्र)

दैनिक नवज्योति – 27/06/2025

# योजनाओं में प्रगति लाने के लिए टीम के साथ करें समीक्षा : जिला कलक्टर

## शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारी करें टीम भावना से कार्य

**न्यूज सर्विस/नवज्योयित, भरतपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के शिविरों के सफल क्रियान्वयन एवं प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने जिले के सभी उपखण्ड के अधिकारियों को वीसी के माध्यम से सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को मौके पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। रा य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा में सभी विभागों के अधिकारी टीमं भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित किया जाए, उन्होंने आयोजित होने वाले शिविर से पूर्व षिविर स्थल एवं विभागवार योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, ऊर्जा विभाग, जल संसाधन, कृषि, वन, खाद्य, चिकित्सा, पशुपालन, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा, स्वाय्त्त शासन सहित अन्य विभाग के अधिकारी पखवाडे के दौरान संचालित गतिविधियों कीं मॉनिटरिंग करते हुये आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देष दिये कि जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति लाने के लिये नियमित अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित किये जाने वाले शिविरों की प्रतिदिन प्रगति सरकार द्वारा निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, ब्लॉक विकास अधिकारियों को अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों को जोडने, सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य में प्रगति लायें। पखवाडे के दौरान रास्तों, जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और लम्बित राजस्व प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत चयनित बीपीएल परिवारों की संख्या एवं उनके बैंक खातों का सत्यापन, सर्वे किये गये चिन्हित किये गये परिवारों की संख्या, वर्षा जल संरक्षण हेतु जल संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य और स्वामित्व योजना में प्रगति लाने के लिए ब्लॉक विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा नामान्तकरण, सीमाज्ञान, पत्थरगढी, रास्ते के प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारा, भूमि आवंटन प्रस्ताव , अटल ज्ञान केन्द्र में प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य , विद्युत विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाना व पोल सही करवाना, पेड-पौधों की छंटाई, पीएचईडी विभाग द्वारा पानी की टंकियों की साफ-सफाई, जल स्त्रोंतों पर विद्युत कनेक्शन, लीकेज एवं पाईपलाइन मरम्मत आदि कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग द्वारा नहरी क्षेत्र में बाराबंदी से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई, नहरों की साफ-सफाई, कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, सूक्ष्म सिंचाई योजना में ऑनलाइन आवेदन में प्रगति करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सींईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा, एसीईओ विनय मित्र, तहसीलदार भू-अभिलेख पायल जैन, तहसीलदार भरतपुर विनोद मीना सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



दै० नवज्योति – 27/06/2025

# श्याम को शिविर में मिला एक साथ छह योजनाओं का लाभ

**न्यूज सर्विस/नवज्योयित, भरतपुर।** जिले की पंचायत समिति रूपवास की ग्राम पंचायत निभेरा में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर दिव्यांग श्री श्याम के लिए वरदान साबित हुआ। उसे पात्रता के आधार पर मौके पर ही 6 योजनाओं का लाभ मिला। श्याम पुत्र राजेंद्र जाति गुर्जर निवासी सेमरा माफी द्वारा कैंप के दौरान बतलाया गया कि वह एक दिव्यांग श्रेणी का व्यक्ति है। मेरे पास अपने घर का किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं है।

श्याम द्वारा कैंप प्रभारी उपखंड अधिकारी से संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि रा य सरकार द्वारा स्वामित्व पोजना के अंतर्गत घर का पट्टा प्राप्त किया जा सकता है। उपखंड अधिकारी द्वारा तत्परता से खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी को मौके पर ही पट्टा जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा मौके पर ही पट्टा जारी किया गया तथा उसके साथ घर का प्रोपर्टी पार्सल भी प्रदान किया गया। प्रार्थी को समाज कल्याण विभाग द्वारा मौके पर ही मेरा पेंशन वेरिफिकेशन भी किया गया। मनरेगा योजना के अंतर्गत जॉब कार्ड नवीनीकरण भी किया गया। श्री श्याम को कृषि कार्य हेतु कृषि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना के तहत निःशुल्क बीज एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड पोजना के तहत मृदा हेल्थ कार्ड भी प्रदान किया गया।

श्याम ने बताया कि प्रधान मंत्री जी एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद करता हूँ कि उनके द्वारा एक गरीब आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए गाँव-गाँव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा कैप आयोजित करवाये जा रहे हैं। जिससे आमजन की सभी समस्याओं का निराकरण एक ही छत के नीचे संभव है। मैं कैंप में उपस्थित सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों का भी धन्यवाद करता हूँ जिनके द्वारा आमजन की समस्याओं का निदान मौके पर ही किया जा रहा है।

दै० नवज्योति
27/06/2025

# दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा शिविर जारी

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को करे लाभान्वित : संधू

**कलक्टर ने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का किया अवलोकन।**




भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे । जिला कलेक्टर संधू ने बनेड़ा उपखण्ड क्षेत्र के रायला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा शिविर का अवलोकन किया। जिला कलेक्टर द्वारा शिविर के निरीक्षण के दौरान जनसमुदाय की समस्त समस्याएं सुनी।

उन्होंने जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश प्रदान किए एवं कैप में सभी विभागों को अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाने के निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को शिविर में मौजूद आमजन के सामने प्रस्तुत कर पात्रतानुसार ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने हेतु जागरूक किया एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा आमजन के साथ सहजता एवं सरलता से व्यवहार करने तथा शिविर के सफल संचालन हेतु समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त उपखंड व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी शिविर की बारीकी से मॉनिटरिंग करें व स्वयं शिविर में मौजूद रहकर परिवादियों व आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करे। इस दौरान बनेड़ा उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास, तहसीलदार नारायण प्रसाद शर्मा सहित समस्त विभागों के उपखंड व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## चावण्ड सिंह बोला, शिविर में झट काम हो जावें, सुन्यो हो पर आज देख भी ल्यों

शिविर में झट काम हो जावें सुण्यो हो पण आज देख भी ल्यों। यह कहना ग्राम खाती खेडा ग्राम पंचायत मंगरोप तहसील हमीरगढ़ निवासी चावण्ड सिंह पुत्र सज्जन सिंह दरअसल पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर सम्बल पखवाड़ा 2025 के तहत ग्राम पंचायत मंगरोप में आयोजित शिविर के दौरान दो सगे भाई चावण्ड सिंह व शोभाग सिंह ने शिविर प्रभारी भंवर लाल सेन तहसीलदार हमीरगढ के समक्ष उपस्थित होकर उनकी कृषि भूमि का विभाजन करने का निवेदन किया। खातीखेडा निवासी चावण्ड सिंह व शोभाग सिंह ने अपनी पैतृक शामलाती जमीन में खेती कर रहे है पर मोके पर विभाजन भी करवा रखा है परन्तु राजस्व रिकॉर्ड में खाता शामलाती ही था। गुरूवार को शोभाग सिंह अपने भाई चावण्ड सिंह का हाथ पकड कर बोला, ''चाल भाई आज केम्प में चाला ,आज आपणी जमी रो बटवारां करवाला, आपने तो 20 वर्ष निभगी पण पाछली पीड़ी रो भरोसो कोनी, आपा रेता,पांती-पूली करवाला टाबरा में हेत बण्यो रेसी, सरकार आपणे गांव में शिविर लगायो है वडा-वडा अफसर अठे आया है आपणी भी सुणेला, काम हो जावेलो, ई राज में घर बैठा गंगा आ री है। इस अवसर पर शिविर प्रभारी सेन तहसीलदार हमीरगढ के निर्देशन में पटवारी चन्द्र प्रकाश व भू.अ.नि. अल्का हींगड़ ने विभाजन का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया। जिसे तहसीलदार हमीरगढ भंवर लाल सेन ने स्वीकार करते हुए विभाजन के आदेश पारित किये तथा शिविर में ही नामान्तकरण दर्ज करवा स्वीकृत करते हुए विभाजित खाते की नकले व नक्शा ट्रेस प्रदान किये।

दैनिक भास्कर

भीलवाड़ा जिला 27-06-2025

# रायला में शिविर का कलेक्टर ने किया अवलोकन

**रायला |** ग्राम पंचायत सभागार भवन में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को शिविर का कलेक्टर जसमीत सिंह सिंधु ने दौरा कर अवलोकन किया। यह अभियान 24 जून से 9 जुलाई तक जिलेभर में चलाया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों की प्रतिक्रिया सामने आई और कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्या सुनी और निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर सिंधु ने सभी विभागीय अधिकारियों को अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। धर्म तालाब में पानी की आवक को खुलवाने, रायला बापू नगर चौराहा पर रोड के पास 15 से 20 फीट अतिक्रमण को हटाने, बंद रोड लाइट को चालू करने, राजकीय उमा विद्यालय रायला खेल मैदान के अधूरा काम को पूरा करने सहित कई मांगें की। राजस्थान समाज सेविका गीता बागरिया ने घुमन्तु परिवार के लिए पट्टे दिलाने की मांग की। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास, बनेड़ा तहसीलदार नारायण प्रसाद शर्मा, विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया, प्रशासक गीता देवी जाट व पूर्व सरपंच शिवदयाल छीपा आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर

भीलवाड़ा जिला 27-06-2025

# श्मशान भूमि के लिए 1900 वर्गमीटर जमीन समर्पित



**आसींद|** कटार ग्राम पंचायत क्षेत्र में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सबल पखवाड़ा में गुरुवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। कटार निवासी बशीर मोहम्मद ने सार्वजनिक हित में श्मशान भूमि के लिए अपनी खातेदारी कृषि भूमि में से 1900 वर्गमीटर जमीन समर्पित की है। बशीर मोहम्मद पुत्र श्री बहुखां निवासी कटार ने गुरुवार को तहसीलदार आसींद को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। इस पत्र में उन्होंने अपनी राजस्व ग्राम कटार स्थित कृषि भूमि, खाता संख्या 277, आराजी नं. 1418, रकबा 1.0000 हैक्टेयर में से 0.1900 हैक्टेयर (यानि 1900 वर्गमीटर) भूमि को बिना किसी प्रतिफल के, राजहित में गैर-मुमकिन (गेमु.) श्मशान के लिए समर्पित किया। यह भूमि वर्तमान जमाबंदी संवत् 2075 से 2078 में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। इस मौके पर सरपंच रेखा तिवारी, तहसीलदार जय सिंह, विकास अधिकारी भंवर सिंह आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने सुनीं समस्याएं, दस को दिए आवासीय पट्टे

खजुरी | ग्राम पंचायत शक्करगढ़ में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया। शिविर में विधायक गोपीचंद मीणा एवं प्रधान कौशल शर्मा, प्रतिनिधि किशोर शर्मा पहुंचे। 9 जुलाई तक ग्रामीणों को 60 से अधिक सेवाओं का लाभ मिलेगा। उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा ने भी ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी फूलसिंह मीणा ने बताया कि राजस्व विभाग, पंचायती राज, कृषि विभाग, विद्युत निगम, पशुपालन व अन्य विभागों से कई प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही समाधान किया। चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की। ग्राम पंचायत द्वारा दस आवासीय पट्टे व 50 पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। शिविर में सहायक विकास अधिकारी कन्हैयालाल मीणा, सरपंच मनभर देवी, उप सरपंच देवीलाल माली, सोहन लाल नामा आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
कोटपूतली-बहरोड़ भास्कर 27-06-2025

# रात्रि चौपाल में सुनीं लोगों की समस्याएं, मौके पर समाधान करने के निर्देश दिए

भास्कर न्यूज | चौकी गोरधनपुरा

जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बुधवार रात पावटा उपखंड की ग्राम पंचायत पांचुडाला में रात्रि चौपाल आयोजित की। उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे हर परिवाद पर प्रभावी कार्यवाही करें और उसका अपडेट रखें। प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि अधिकारी आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याएं समझें और संवेदनशीलता के साथ समाधान करें। उन्होंने विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करने को कहा, ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीएमओ से प्राप्त शिकायतों, रात्रि चौपाल और जनसुनवाई में मिले परिवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल में पेयजल की समस्या सामने आने पर कलक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों को गर्मी और मानसून को देखते हुए निर्बाध जल और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आवश्यक स्थानों पर टैंकर से जलापूर्ति, ट्यूबवेल और बोरवेल की खराबी या पाइपलाइन लीकेज की स्थिति में तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। बिजली आपूर्ति में समस्या आने पर त्वरित कार्यवाही और पर्याप्त मैनपावर व उपकरण की व्यवस्था रखने को कहा। इस दौरान कई लोग बिजली,पानी,सड़क,अतिक्रमण,सीमांकन,गिरदावरी,पुलिस,चिकित्सा,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा,पट्टा,शिक्षा और पेंशन से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचे। कलक्टर ने आमजन से संवाद करते हुए योजनाओं का लाभ लेने और अधिक से अधिक संख्या में जनसुनवाई व रात्रि चौपाल में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम कपिल कुमार और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी।



रात्रि चौपाल पर आमजन की समस्या सुनती कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी

# जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में सुने परिवाद



**पावटा.** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने ग्राम पंचायत पाछुडाला में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान करने को कहा। कलक्टर ने पेयजल संबंधी शिकायतों पर पीएचईडी अधिकारियों को गर्मी व मानसून को देखते हुए निर्बाध जल आपूर्ति, टैंकर व्यवस्था, पाइपलाइन लीकेज व खराब ट्यूबवेल की मरम्मत के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में बिजली, पानी, सड़क, अतिक्रमण, सीमांकन, चिकित्सा, शिक्षा, पेंशन, पट्टा सहित विभिन्न समस्याएं सामने आईं। कलक्टर ने आमजन से योजनाओं के प्रति जागरूक रहकर जनसुनवाई व रात्रि चौपाल में भाग लेने की अपील की। एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम कपिल उपाध्याय, तहसीलदार संजय खेदड़ ने भी कई जानकारी दी।

# जिला कलक्टर ने किया अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण स्थानीय स्तर पर पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

मरूधर विशेष



कोटपूतली-बहरोड़, । जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने पावटा उपखंड की ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा विभागीय अधिकारियों व शिविर प्रभारियों से योजनाओं के तहत अब तक पंजीकृत लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभवों और सुझावों का भी फीडबैक लिया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत लक्ष्य आधारित वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिया जाए तथा सेवा वितरण में किसी प्रकार की कोताही न हो।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व, ग्रामीण विकास, जलदाय, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, कृषि, वन और पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पीएचईडी को जल टंकियों की सफाई, लीकेज की मरम्मत तथा लंबित कनेक्शन तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने राजस्व विभाग को लंबित नामांतरण, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, कुरेजात एवं रास्तों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कोर्ट नोटिस की समय पर



तामील सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत राज्य सरकार यही उद्देश्य है कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे शिविरों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर पात्रतानुसार लाभ प्राप्त करें और अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम पावटा कपिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

## 27 व 28 को यहां आयोजित होंगे शिविर

27 जून को उपखंड बानसूर में बावरिया, गूंता, शाहपुर में, उपखंड नारायणपुर के मुण्डावरा में, उपखंड बहरोड़ के पहाड़ी और गंडाला ग्राम पंचायतों में, उपखंड कोटपुतली के खेड़ानिहालपुरा ग्राम पंचायत में तथा उपखंड पावटा में कैरोड़ी और प्रेमनगर ग्राम पंचायतों में, नीमराना के काठूवास और खुंदरोठ तथा उपखंड विराटनगर में किशनपुरा, सोठाना और कुहाड़ा ग्राम पंचायत में कैंप होंगे। इसी क्रम में 28 जून को उपखंड बानसूर के इशरा का बास, बबेडी, माची में और नीमराना के गूगलकोटा और पुतिना में कैंप आयोजित होंगे।

# जिला कलक्टर ने पावटा के पांचुडाला में रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन के सुने परिवाद

## आमजन के बीच पहुंचकर, उनकी समस्याओं को जाने व त्वरित निस्तारण करें- प्रियंका गोस्वामी

**मरूधर विशेष**

**कोटपूतली-बहरोड़,** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए रात्रि चौपाल व जनसुनवाई के माध्यम से आमजन के बीच जाकर उनके परीवादों का संवेदनशीलता व गुणवत्ता के साथ समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाएं अधिकारीगण।

जिला कलक्टर ने बुधवार को उपखंड पावटा की ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन के परिवाद सुनकर नियमानुसार मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए. उन्होंने समस्त अधिकारियों को प्रत्येक परिवेदना पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित उसका अपडेट रखने को कहाद्य उन्होंने कहा कि विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को अधिकतम जागरूक करें ताकि सरकार की




मंशानुरूप अंतिम छोर तक व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस दिशा में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें।

उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीएमओ से प्राप्त शिकायतों, रात्रि चौपाल व जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में पेयजल संबंधी परिवाद प्राप्त होने पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को गर्मी व मानसून के मध्यनजर निर्बाध पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं आवश्यक स्थानों का चिन्हीकरण कर अविलंब टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने, ट्यूबवेल व बोरवेल खराबी की समस्या प्राप्त होने या पाइपलाइन लीकेज की जानकारी प्राप्त होने पर तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने के लिए मेन पॉवर व उपकरण इंतजाम पुख्ता रखने को कहा।

इस दौरान विभिन्न परिवादी बिजली, पेयजल, सड़क, अतिक्रमण, सीमांकन, गिरदावरी, पुलिस, चिकित्सा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पट्टा, शिक्षा, पेंशन की समस्याओं को लेकर पहुंचे। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन से संवाद करते हुए उन्हें जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लेने, साथ ही जिले के सभी नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में जनसुनवाई व रात्रि चौपाल का लाभ लेने की अपील की है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण व एसडीएम कपिल कुमार सहित विभागीय अधिकारियों ने लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूदा आमजन को विस्तार से जानकारी प्रदान की. रात्रि चौपाल के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्थानीय स्तर पर पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## जिला कलक्टर ने किया अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण



**हिन्दुस्तान एक्सप्रेस/ कोटपूतली ।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने पावटा उपखंड की ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा विभागीय अधिकारियों व शिविर प्रभारियों से योजनाओं के तहत अब तक पंजीकृत लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभवों और सुझावों का भी फीडबैक लिया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत लक्ष्य आधारित वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिया जाए तथा सेवा वितरण में किसी प्रकार की कोताही न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व, ग्रामीण विकास, जलदाय, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, कृषि, वन और पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पीएचईडी को जल टंकियों की सफाई, लीकेज की मरम्मत तथा लंबित कनेक्शन तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राजस्व विभाग को लंबित नामांतरण, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, कुरेजात एवं रास्तों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कोर्ट नोटिस की समय पर तामील सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत राज्य सरकार यही उद्देश्य है कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे शिविरों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर पात्रतानुसार लाभ प्राप्त करें और अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम पावटा कपिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

27 व 28 को यहां आयोजित होंगे शिविर-27 जून को उपखंड बानसूर में बाबरिया, गूंता, शाहपुर में, उपखंड नारायणपुर के मुण्डावरा में, उपखंड बहरोड़ के पहाड़ी और गंडाला ग्राम पंचायतों में, उपखंड कोटपुतली के खेड़ानिहालपुरा ग्राम पंचायत में तथा उपखंड पावटा में कैरोड़ी और प्रेमनगर ग्राम पंचायतों में, नीमराना के काठूवास और खुंदरोठ तथा उपखंड विराटनगर में किशनपुरा, सोठाना और कुहाड़ा ग्राम पंचायत में कैंप होंगे। इसी क्रम में 28 जून को उपखंड बानसूर के इशरा का बास, बबेडी, माची में और नीमराना के गूगलकोटा और पुतिना में कैंप आयोजित होंगे।

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

# आमजन के बीच पहुंचकर, उनकी समस्याओं को जाने व त्वरित निस्तारण करें-जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी

## जिला कलक्टर ने पावटा के पांचुडाला में रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन के सुने परिवाद




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस/कोटपूतली । जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए रात्रि चौपाल व जनसुनवाई के माध्यम से आमजन के बीच जाकर उनके परीवादों का संवेदनशीलता व गुणवत्ता के साथ समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाएं अधिकारीगण। जिला कलक्टर ने बुधवार को उपखंड पावटा की ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन के परिवाद सुनकर नियमानुसार मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को प्रत्येक परिवेदना पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित उसका अपडेट रखने को कहा। उन्होंने कहा कि विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को अधिकतम जागरूक करें ताकि सरकार की मंशानुरूप अंतिम छोर तक व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस दिशा में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीएमओ से प्राप्त शिकायतों, रात्रि चौपाल व जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में पेयजल संबंधी परिवाद प्राप्त होने पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को गर्मी व मानसून के मध्यनजर निर्बाध पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं आवश्यक स्थानों का चिन्हीकरण कर अविलंब टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने, ट्यूबवेल व बोरवेल खराबी की समस्या प्राप्त होने या पाइपलाइन लीकेज की जानकारी प्राप्त होने पर तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने के लिए मेन पॉवर व उपकरण इंतजाम पुख्ता रखने को कहा। इस दौरान विभिन्न परिवादी बिजली, पेयजल, सड़क, अतिक्रमण, सीमांकन, गिरदावरी, पुलिस, चिकित्सा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पट्टा, शिक्षा, पेंशन की समस्याओं को लेकर पहुंचे। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन से संवाद करते हुए उन्हें जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लेने, साथ ही जिले के सभी नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में जनसुनवाई व रात्रि चौपाल का लाभ लेने की अपील की है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण व एसडीएम कपिल कुमार सहित विभागीय अधिकारियों ने लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूदा आमजन को विस्तार से जानकारी प्रदान की। रात्रि चौपाल के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने किया अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण

## स्थानीय स्तर पर पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश






(आयुष-अन्तिमा नेटवर्क)

**कोटपूतली-बहरोड़।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने पावटा उपखंड की ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा विभागीय अधिकारियों व शिविर प्रभारियों से योजनाओं के तहत अब तक पंजीकृत लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभवों और सुझावों का भी फीडबैक लिया।

इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा %हरियालो राजस्थान% अभियान के अंतर्गत लक्ष्य आधारित वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिया जाए तथा सेवा वितरण में किसी प्रकार की कोताही न हो।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व, ग्रामीण विकास, जलदाय, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, कृषि, वन और पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पीएचईडी को जल टंकियों की सफाई, लीकेज की मरम्मत तथा लंबित कनेक्शन तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राजस्व विभाग को लंबित नामांतरण, सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, कुरेजात एवं रास्तों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कोर्ट नोटिस की समय पर तामील सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत राज्य सरकार यही उद्देश्य है कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे शिविरों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर पात्रतानुसार लाभ प्राप्त करें और अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम पावटा कपिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

### 27 व 28 को यहां आयोजित होंगे शिविर

27 जून को उपखंड बानसूर में बाबरिया, गूंता, शाहपुर में, उपखंड नारायणपुर के मुण्डावरा में, उपखंड बहरोड़ के पहाड़ी और गंडाला ग्राम पंचायतों में, उपखंड कोटपुतली के खेड़ानिहालपुरा ग्राम पंचायत में तथा उपखंड पावटा में कैरोड़ी और प्रेमनगर ग्राम पंचायतों में, नीमराना के काठूवास और खुंदरोठ तथा उपखंड विराटनगर में किशनपुरा, सोठाना और कुहाड़ा ग्राम पंचायत में कैंप होंगे। इसी क्रम में 28 जून को उपखंड बानसूर के इशरा का बास, बबेडी, माची में और नीमराना के गूगलकोटा और पुतिना में कैंप आयोजित होंगे।

# जिला कलक्टर ने किया अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण स्थानीय स्तर पर पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कोटपूतली–बहरोड़, 26 जून। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने पावटा उपखंड की ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा विभागीय अधिकारियों व शिविर प्रभारियों से योजनाओं के तहत अब तक पंजीकृत लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभवों और सुझावों का भी फीडबैक लिया।

इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत लक्ष्य आधारित वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिया जाए तथा सेवा वितरण में किसी प्रकार की कोताही न हो।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व, ग्रामीण विकास, जलदाय, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, कृषि, वन और पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पीएचईडी को जल टंकियों की सफाई, लीकेज की मरम्मत तथा लंबित कनेक्शन तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने राजस्व विभाग को लंबित नामांतरण, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, कुरेजात एवं रास्तों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कोर्ट नोटिस की समय पर तामील सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत राज्य सरकार यही उद्देश्य है कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे शिविरों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर पात्रतानुसार लाभ प्राप्त करें और अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम पावटा कपिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

### 27 व 28 को यहां आयोजित होंगे शिविर

27 जून को उपखंड बानसूर में बाबरिया, गूंता, शाहपुर में, उपखंड नारायणपुर के मुण्डावरा में, उपखंड बहरोड़ के पहाड़ी और गंडाला ग्राम पंचायतों में, उपखंड कोटपुतली के खेड़ानिहालपुरा ग्राम पंचायत में तथा उपखंड पावटा में कैरोड़ी और प्रेमनगर ग्राम पंचायतों में, नीमराना के काठूवास और खुंदरोठ तथा उपखंड विराटनगर में किशनपुरा, सोठाना और कुहाड़ा ग्राम पंचायत में कैंप होंगे।

इसी क्रम में 28 जून को उपखंड बानसूर के इशरा का बास, बबेडी, माची में और नीमराना के गूगलकोटा और पुतिना में कैंप आयोजित होंगे।

# जिला कलक्टर ने पावटा के पांचुडाला में रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन के सुने परिवाद आमजन के बीच पहुंचकर, उनकी समस्याओं को जाने व त्वरित निस्तारण करें- प्रियंका गोस्वामी

कोटपूतली–बहरोड़, 26 जूनद्य जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए रात्रि चौपाल व जनसुनवाई के माध्यम से आमजन के बीच जाकर उनके परीवादों का संवेदनशीलता व गुणवत्ता के साथ समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाएं अधिकारीगण।

जिला कलक्टर ने बुधवार को उपखंड पावटा की ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन के परिवाद सुनकर नियमानुसार मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए. उन्होंने समस्त अधिकारियों को प्रत्येक परिवेदना पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित उसका अपडेट रखने को कहाद्य

उन्होंने कहा कि विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को अधिकतम जागरूक करें ताकि सरकार की मंशानुरूप अंतिम छोर तक व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस दिशा में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार–प्रसार करें।

उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीएमओ से प्राप्त शिकायतों, रात्रि चौपाल व जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में पेयजल संबंधी परिवाद प्राप्त होने पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को गर्मी व मानसून के मध्यनजर निर्बाध पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं आवश्यक स्थानों का चिन्हीकरण कर अविलंब टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने, ट्यूबवेल व बोरवेल खराबी की समस्या प्राप्त होने या पाइपलाइन लीकेज की जानकारी प्राप्त होने पर तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने के लिए मेन पॉवर व उपकरण इंतजाम पुख्ता रखने को कहा.

इस दौरान विभिन्न परिवादी बिजली, पेयजल, सड़क, अतिक्रमण, सीमांकन, गिरदावरी, पुलिस, चिकित्सा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पट्टा, शिक्षा, पेंशन की समस्याओं को लेकर पहुंचे। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन से संवाद करते हुए उन्हें जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लेने, साथ ही जिले के सभी नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में जनसुनवाई व रात्रि चौपाल का लाभ लेने की अपील की है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण व एसडीएम कपिल कुमार सहित विभागीय अधिकारियों ने लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूदा आमजन को विस्तार से जानकारी प्रदान की. रात्रि चौपाल के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

# सफलता की कहानीः

# अंत्योदय शिविर में सुरेश को मिली राहत, जताया आभार

## लंबे समय से इंतजार के बाद स्वामित्व योजना में मिला आवासीय पट्टा



**(आयुष-अन्तिमा नेटवर्क)**

**कोटपूतली-बहरोड़।** ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा, तहसील विराटनगर, जिला कोटपूतली-बहरोड़ के निवासी सुरेश कुमार रैगर पंडित ने दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर से तुरंत राहत मिलने पर सरकार का आभार जताया। गुरुवार को जयसिंहपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर की जानकारी सुरेश को ग्राम सरपंच द्वारा दी गई। सुरेश को शिविर में ही उपखण्ड अधिकारी, विराटनगर अमिता मान, शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार विराटनगर लालाराम यादव की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के तहत आवास का पट्टा एवं संपत्ति से संबंधित दस्तावेज मौके पर ही सौंपे गए। दस्तावेज प्राप्त होने पर सुरेश ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह शिविर आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। सुरेश एवं उसके परिवार ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आमजन व गरीब की सुनने वाली सरकार ने हमें आवासीय पट्टा प्रदान किया है। मेरे परिवार को लम्बे इंतजार के बाद स्वामित्व योजना में पट्टे का लाभ दिया गया है। अब मैं इस पट्टे से विभिन्न योजनाओं व बैंक से वित्तीय मदद प्राप्त कर सकता हूं।

# सफलता की कहानी

# अंत्योदय शिविर में सुरेश को मिली राहत, जताया आभार लंबे समय से इंतजार के बाद स्वामित्व योजना में मिला आवासीय पट्टा

**मरूधर विशेष**




**कोटपूतली-बहरोड़, ।** ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा, तहसील विराटनगर, जिला कोटपूतली-बहरोड़ के निवासी सुरेश कुमार रैगर पंडित ने दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर से तुरंत राहत मिलने पर सरकार का आभार जताया।

गुरुवार को जयसिंहपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर की जानकारी सुरेश को ग्राम सरपंच द्वारा दी गई। सुरेश को शिविर में ही उपखण्ड अधिकारी, विराटनगर अमिता मान, शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार विराटनगर लालाराम यादव की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के तहत आवास का पट्टा एवं संपत्ति से संबंधित दस्तावेज मौके पर ही सौंपे गए।

दस्तावेज प्राप्त होने पर सुरेश ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह शिविर आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। सुरेश एवं उसके परिवार ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आमजन व गरीब की सुनने वाली सरकार ने हमें आवासीय पट्टा प्रदान किया है। मेरे परिवार को लम्बे इंतजार के बाद स्वामित्व योजना में पट्टे का लाभ दिया गया है। अब मैं इस पट्टे से विभिन्न योजनाओं व बैंक से वित्तीय मदद प्राप्त कर सकता हूं।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# लंबित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आंतेला.** ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान के निर्देशन एवं तहसीलदार लालाराम यादव, नायब तहसीलदार मेनका चौधरी के सुपरविजन व सरपंच सोनी देवी की अध्यक्षता में एक दिवसीय शिविर लगाया गया। एसडीएम अमिता मान ने शिविर का जायजा लेकर ग्रामीणों समस्याएं सुनी और विभागीय अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर राहत प्रदान करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तत्काल आपकी समस्याओं को समाधान कर रहे हैं। इसलिए जागरूक होकर समस्याएं संबंधित अधिकारियों के पास रखे। जिससे तत्काल निस्तारण हो सके। नायब तहसीलदार मेनका चौधरी ने राजस्व संबंधित लंबित प्रकरणों के निस्तारण सहित सरकारी की योजनाओं की जानकारी दी। सहायक प्रभारी महेश चंद, चिकित्सा अधिकारी डॉ.देवेन्द्र नागर, बिजली निगम के जेईएन अजय कुमार बाज्या, ग्राम विकास अधिकारी कालूराम जाट, कनिष्ट सहायक हंसा यादव, पटवारी महेन्द्र यादव, सिचाई विभाग के जेईएन बद्री चौपड़ा सहित कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और विभागीय कार्मिक ने आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर राहत प्रदान की। शिविर प्रभारी एवं नायब तहसीलदार मेनका चौधरी ने बताया कि शिविर में कई प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। विद्युत निगम संबंधी प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत छीतोली में एसडीएम अमिता मान, तहसीलदार लालाराम यादव के निर्देशन एवं सरपंच शीशराम दायमा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।



जयसिंहपुरा में कर्मचारियों को निर्देशित करती एसडीएम व तहसीलदार।

दैनिक भास्कर
कोटपूतली-बहरोड़ भास्कर
27-06-2025

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित



पावटा। कोटपूतली-बहरोड़ जिले की तहसील विराटनगर की ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित हुआ। ग्राम सरपंच ने शिविर की जानकारी सुरेश को दी। शिविर में ही सुरेश को स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टा और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज सौंपे गए। यह दस्तावेज उपखंड अधिकारी अमिता मान, शिविर प्रभारी और तहसीलदार लालाराम यादव की मौजूदगी में दिए गए। सुरेश ने कहा कि लंबे इंतजार के बाद स्वामित्व योजना का लाभ मिला। अब इस पट्टे से योजनाओं और बैंक से आर्थिक मदद मिल सकेगी।



# प्रदेश में
# पं. दीनदयाल उपाध्याय
## अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

24 जून से 09 जुलाई, 2025

दैनिक भास्कर
शुक्रवार 27 जून, 2025

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा गांव-गरीब के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक : सीएम शर्मा

जोधपुर | मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित अंत्योदय का संकल्प हमारी सरकार का मूल मंत्र है। इसी संकल्प की दिशा में हमारी सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। यह पहल हमारी सरकार की गांव व गरीब के प्रति संवेदनशीलता एवं उनके उत्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वे गुरुवार को दईजर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने शिविर में स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने दिव्यांगजन को व्हीलचेयर व मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और अंतरजातीय विवाह योजना व सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के लाभार्थियों को चेक प्रदान किए। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके विश्नोई, विधायक बाबूसिंह राठौड़, भैराराम सियोल सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव का जरिया बन रहा है। इसके अन्तर्गत शिविरों के माध्यम से गांवों में भूमि के सीमांकन, नामांतरण, सहमति विभाजन और रास्तों के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 जून से प्रदेशभर में संचालित इन शिविरों में बड़ला बासनी गांव में पिछले पांच वर्षों से लंबित विवादित भूमि प्रकरण का शांतिपूर्ण समाधान हुआ।

दैनिक नवज्योति
जोधपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025

सफलता, निष्पक्ष और विश्वसनीयता के 89

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा : जनसेवा का संवेदनशील संकल्प

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के दईजर में किया शिविर का अवलोकन, लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र



**नवज्योति/जोधपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय का विचार हमारी सरकार का मूल मंत्र है, जो पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन से प्रेरित है। इसी उद्देश्य से आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा गांव-गरीब की सेवा और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण का संवेदनशील प्रयास है। मुख्यमंत्री गुरुवार को जोधपुर के दईजर गांव में आयोजित शिविर में पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन किया और लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें योजनाओं के प्रमाण पत्र सौंपे। शर्मा ने कहा कि यह पखवाड़ा सरकार की ग्रामीण और वंचित वर्ग के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से सीमांकन, नामांतरण, सहमति विभाजन, रास्तों के प्रकरणों का समाधान, बीपीएल सर्वे, मृदा परीक्षण व पशु चिकित्सा जैसे कार्य त्वरित गति से किए जा रहे हैं। बड़ला बासनी गांव में वर्षों से लंबित भूमि विवाद का समाधान तथा 70 वर्षीय मोहन कंवर, 82 वर्षीय नेत्रहीन फरसाराम, 90 वर्षीय चुतराराम व अन्य को पेंशन स्वीकृति जैसी पहलें शिविरों की सफलता का परिचायक हैं। शर्मा ने दिव्यांगजन को व्हील चेयर, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, अन्तजार्तीय विवाह योजना व सुखद दाम्पत्य योजना के लाभार्थियों को चैक भी वितरित किए। खेत सिंह को गांव में नए रास्ते, ममता को प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, नारायणराम हुडा को कृषि सिंचाई योजना और धापू को आवास योजना के प्रमाण-पत्र भी सौंपे गए। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मुख्यमंत्री के विकासपरक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए लूणी क्षेत्र को मिली बजट सौगातों को उल्लेखनीय बताया। इस अवसर पर उद्योग राज्य मंत्री के. के. विश्नोई, विधायक बाबू सिंह राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक नवज्योति

# भालू राजवां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित

नवज्योति/बालेसर।

उपखंड क्षेत्र भालू राजवां ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया।




गुरुवार को आयोजित शिविर में प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त विकास अधिकारी पंचायत समिति सेखाला चंचल राज शर्मा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नखताराम, राजस्व विभाग से आर आई गणेश राजपुरोहित, पटवारी आशु मीणा, पंचायती राज विभाग से वगताराम, ग्राम विकास अधिकारी मनीषा गुर्जर, कनिष्ठ सहायक राजेंद्रसिंह, कनिष्ठ सहायक अभिषेक कविया, पशुपालन से डॉ अभिजित सूत्रधार, आसुसिंह, दुर्गसिंह, सवाईसिंह आदि उपस्थित रहे।

शिविर में भालू राजवा निवासी भोमसिंह के राजस्व रेकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा निक्षय पोषण के तहत पोषण किट निशुल्क दिया गया। स्वामित्व योजना के तहत 12 प्रापर्टी कार्ड दिए बनाये गये। शिविर में विभिन्न विभागों से अलग-अलग योजनाओं से शिविर में आमजन को लाभ एवं राहत प्रदान की गई।

दैनिक नवज्योति

# 45 वर्षों से लंबित विरासत का इंतकाल दर्ज किया

**नवज्योति/चामू।** क्षेत्र के राजसागर ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय



अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में 45 वर्षों से लंबित विरासत का इंतकाल दर्ज किया तो वारिसानों के चेहरों पर खुशी झलक पड़ी। खातेदार मूलाराम पि. भीखाराम जाति मेघवाल निवासी राजसागर की मृत्यु आज से 45 वर्ष पूर्व सन 1980 में हो गई थी । उनके एकमात्र पुत्र रावलराम की भी मृत्यु हो चुकी थी। शिविर में उनके पौत्र पुखराज द्वारा आवेदन करने पर पटवारी श्रवणराम द्वारा हाथों हाथ जांच कर पौत्र व पौत्रियों के नाम इंतकाल दर्ज किया गया। जिससे वारिसान पुखराज वगैरा ने इस शिविर को अपने लिए सौगात बताया और सरकार का आभार जताया। इस मौके पर तहसीलदार चामू शैतान सिंह राजपुरोहित, विकास अधिकारी चंपालाल आचार्य, राजसागर पटवारी श्रवणराम, सरपंच प्रतापराम भील, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जोगाराम कड़ेला ग्राम विकास अधिकारी सुरेंद्र सीरवी का एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

दैनिक
# प्रतिनिधि
निर्भीक अभिव्यक्ति, स्वतंत्र चिन्तन, सांस्कृतिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रहरी
*रजि नं. RNI/31113/77 पोस्टल *क्रमांक जोधपुर/130/2024-26 * वर्ष 48 *अंक 296 *जोधपुर शुक्रवार 27 जून 2025 *प्रभात * मूल्य दो रूपया

# गांव-गरीब के उत्थान का माध्यम बन रहा 'अन्त्योदय संबल परखवाड़ा'

## अन्त्योदय का संकल्प का मूल मंत्र



जोधपुर (नसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित अन्त्योदय का संकल्प हमारी सरकार का मूल मंत्र है। इसी संकल्प की दिशा में हमारी सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केन्द्र व राज्य सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। यह पहल हमारी सरकार की गांव व गरीब के प्रति संवेदनशीलता एवं उनके उत्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

शर्मा गुरूवार को जोधपुर के दईजर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जोधपुर की इस ऐतिहासिक भूमि पर 1978 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने गरीब को गणेश मानकर अन्त्योदय का उद्घोष किया था। हमारी सरकार भी अन्त्योदय के उस महान दर्शन को धरातल पर मूर्त रूप दे रही है।

## गांव की समस्याओं का गांव में हो रहा समाधान

शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़ा गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव का जरिया बन रहा है। इसके अन्तर्गत शिविरों के माध्यम से गांवों में भूमि के सीमांकन, नामांतरण, सहमति विभाजन और रास्तों के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही, गरीबी मुक्त गांव के लिए बीपीएल परिवारों का सर्वे, किसानों को सशक्त करने के लिए मृदा नमूनों का संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा रहा है। पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण का विशेष प्रबंध किया जा रहा है।

## आमजन के चेहरों पर लौट रही मुस्कान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 जून से प्रदेशभर में संचालित इन शिविरों में बड़ला बासनी गांव में पिछले पांच वर्षों से लंबित विवादित भूमि प्रकरण



का शांतिपूर्ण समाधान हुआ है। वहीं, पंचायत समिति लूणी के सर गांव में 70 वर्षीय श्रीमती मोहन कंवर, बावड़ी के जोइंतरा गांव में 82 वर्षीय नेत्रहीन फरसाराम, ओसियां के बारा खुर्द गांव में 90 वर्षीय चुतराराम एवं भोपालगढ़ के अरटिया कलां गांव में विधवा श्रीमती कमला सहित विभिन्न लोगों को पेंशन का लाभ प्रदान किया गया है। हमारी सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सभी अन्त्योदय संबल पखवाड़े में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने में भागीदार बनें।

## मुख्यमंत्री ने शिविर का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजन को व्हील चेयर व मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और अन्तर्जातीय विवाह योजना व सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के लाभार्थियों को चैक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खेत सिंह निवासी श्रीरामनगर, बाडिया पुरोहितान एवं समस्त ग्रामवासियों को नए रास्ते एवं दईजर की श्रीमती ममता को प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, नारायणराम हुडा को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व श्रीमती धापू को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रमाण-पत्र देकर लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण भी किया।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के के विश्नोई, विधायक बाबू सिंह राठौड़, भैराराम सियोल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## 'विधायक-शिक्षा का साथी' और 'मातृ वन-योजना' का शुभारम्भ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को जोधपुर के मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर में 'विधायक-शिक्षा का साथी' और 'मातृ वन-योजना' का शुभारम्भ किया। इन योजनाओं का नवाचार जोधपुर शहर विधायक श्री अतुल भंसाली द्वारा किया गया है।




मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई 'विधायक-शिक्षा का साथी' योजना के माध्यम से जोधपुर शहर के राजकीय विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ शिक्षा के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके अंतर्गत चयनित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ भवन, श्रेष्ठतम भौतिक संसाधन, प्रायोगिक शिक्षण-प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के साथ ही छात्रों का व्यक्तित्व विकास कर इन्हें निजी क्षेत्र के विद्यालयों से भी अधिक श्रेष्ठ बनाया जाएगा। वहीं श्री शर्मा द्वारा प्रारंभ की गई मातृ वन-योजना (एक पेड़ माँ के नाम एवं हरियालो राजस्थान) के अन्तर्गत जोधपुर के वन क्षेत्र में 5 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार राजकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वहीं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र

# हुक्मनामा समाचार

hukmnama.jodhpur@gmail.com


# अन्त्योदय का संकल्प भाजपा सरकार का मूल मंत्र : भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने दईजर में किया शिविर का अवलोकन, लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र





हुक्मनामा समाचार

जोधपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित अन्त्योदय का संकल्प हमारी सरकार का मूल मंत्र है। इसी संकल्प की दिशा में हमारी सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केन्द्र व राज्य सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। यह पहल हमारी सरकार की गांव व गरीब के प्रति संवेदनशीलता एवं उनके उत्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वे गुरुवार को दईजर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जोधपुर की इस ऐतिहासिक भूमि पर 1978 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने गरीब को गणेश मानकर अन्त्योदय का उद्घोष किया था। हमारी सरकार भी अन्त्योदय के उस महान दर्शन को धरातल पर मूर्त रूप दे रही है। शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़ा गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव का जरिया बन रहा है। इसके अन्तर्गत शिविरों के माध्यम से गांवों में भूमि के सीमांकन, नामांतरण, सहमति विभाजन और रास्तों के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही गरीबी मुक्त गांव के लिए बीपीएल परिवारों का सर्वे, किसानों को सशक्त करने के लिए मृदा नमूनों का संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा रहा है। पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण का विशेष प्रबंध किया जा रहा है।

**लाभार्थियों से सीधा संवाद :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजन को व्हील चेयर व मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और अन्तर्जातीय विवाह योजना व सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके विश्नोई, विधायक बाबू सिंह राठौड़, भैराराम सियोल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ाः जब संवेदना बनी संबल

# गणेशाराम को मिली ट्राई साइकिल, ग्रामवासियों को वर्षों बाद मिला अधिकारिक रास्ता

दैनिक पर्यटन बाजार

**जोधपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति केरू की ग्राम पंचायत दईजर में आयोजित जनकल्याण शिविर केवल योजनाओं के वितरण का मंच नहीं रहा, बल्कि यह शिविर सरकार और जनता के बीच विश्वास और संवेदना के जीवंत संपर्क का प्रतीक बनकर उभरा। इस शिविर में दो महत्वपूर्ण घटनाएं केंद्र में रहीं एक ने एक दिव्यांग छात्र को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में मदद की, तो दूसरी ने ग्रामीणों को दशकों पुरानी पीड़ा से मुक्ति दिलाई।

**दिव्यांग छात्र की मुस्कान बनी सरकार की सफलता की पहचानः** देसुरिया करवड़ गांव निवासी गणेशाराम सुचेता कृपलानी महाविद्यालय में बी.ए. तृतीय वर्ष का छात्र है। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बावजूद वह अब तक 12 किलोमीटर दूर कॉलेज तक जाने की चुनौती का साहसपूर्वक सामना करता रहा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मे गणेशाराम के पिता वृद्ध हैं और आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है। अब तक उसे गांव से कॉलेज तक जाने के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और आत्मसम्मान दोनों प्रभावित होते थे। लेकिन इस शिविर में उसे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त योजना के तहत इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल प्राप्त हुई।

ट्राई साइकिल पाते ही गणेशाराम की आंखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान साफ कह रही थी कि यह साइकिल उसके लिए सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि स्वावलंबन की दिशा में पहला ठोस कदम है।

गणेशाराम ने भावुक स्वर में कहा कि अब मुझे कॉलेज जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। खुद अपने काम कर सकूंगा। सरकार ने हम जैसे छात्रों के सपनों को नई उड़ान दी है।

## ग्रामीणों को मिला रास्ता, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

इसी शिविर में एक और ऐतिहासिक क्षण सामने आया, जब श्रीरामनगर बाड़ीयां पुरोहितान और खेतसिंह राजपुरोहित क्षेत्र के ग्रामीणों को एक नए वैध रास्ते की सौगात मिली। यह मांग कई वर्षों से लंबित थी और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सरकार द्वारा जनसुनवाई के बाद इस मार्ग को राजस्व रिकॉर्ड में विधिवत दर्ज कर दिया गया और ग्रामीणों को इसका प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह रास्ता अब न केवल उनकी सुविधा का साधन बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता, सम्मान और विकास की नई दिशा भी देगा। ग्रामीणों ने इसे केवल भौतिक सुविधा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सरकार के प्रति बढ़ते भरोसे का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत पर चलते हुए यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी नागरिक केवल अक्षमता या संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। हमारा प्रयास है कि अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े और सम्मान के साथ जीवन जिए।

## जब सहायता पहुँचती है सही हाथों में, तो बनती है प्रेरणा की कहानी

दईजर जनकल्याण शिविर में हुए ये दोनों दृश्य स्पष्ट कर गए कि जब नीतियां और योजनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित न रहकर ज़मीन पर उतरती हैं, तो वे सिर्फ लाभ नहीं देतीं ङ्क वे जीवन बदलती हैं।



# प्रदेश में
# पं. दीनदयाल उपाध्याय
## अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

24 जून से 09 जुलाई, 2025

दैनिक भास्कर
शुक्रवार 27 जून, 2025

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा गांव-गरीब के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक : सीएम शर्मा

**जोधपुर** | मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित अंत्योदय का संकल्प हमारी सरकार का मूल मंत्र है। इसी संकल्प की दिशा में हमारी सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। यह पहल हमारी सरकार की गांव व गरीब के प्रति संवेदनशीलता एवं उनके उत्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वे गुरुवार को दईजर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने शिविर में स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने दिव्यांगजन को व्हीलचेयर व मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और अंतरजातीय विवाह योजना व सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के लाभार्थियों को चेक प्रदान किए। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके विश्नोई, विधायक बाबूसिंह राठौड़, भैराराम सियोल सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव का जरिया बन रहा है। इसके अन्तर्गत शिविरों के माध्यम से गांवों में भूमि के सीमांकन, नामांतरण, सहमति विभाजन और रास्तों के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 जून से प्रदेशभर में संचालित इन शिविरों में बड़ला बासनी गांव में पिछले पांच वर्षों से लंबित विवादित भूमि प्रकरण का शांतिपूर्ण समाधान हुआ।

दैनिक नवज्योति
जोधपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025

सफलता, निष्पक्ष और विश्वसनीयता के 89

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के दईजर में किया शिविर का अवलोकन, लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र**

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा : जनसेवा का संवेदनशील संकल्प

**नवज्योति/जोधपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय का विचार हमारी सरकार का मूल मंत्र है, जो पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन से प्रेरित है। इसी उद्देश्य से आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा गांव-गरीब की सेवा और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण का संवेदनशील प्रयास है। मुख्यमंत्री गुरुवार को जोधपुर के दईजर गांव में आयोजित शिविर में पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन किया और लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें योजनाओं के प्रमाण पत्र सौंपे। शर्मा ने कहा कि यह पखवाड़ा सरकार की ग्रामीण और वंचित वर्ग के प्रति प्रतिबद्धता को



दर्शाता है। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से सीमांकन, नामांतरण, सहमति विभाजन, रास्तों के प्रकरणों का समाधान, बीपीएल सर्वे, मृदा परीक्षण व पशु चिकित्सा जैसे कार्य त्वरित गति से किए जा रहे हैं। बड़ला बासनी गांव में वर्षों से लंबित भूमि विवाद का समाधान तथा 70 वर्षीय मोहन कंवर, 82 वर्षीय नेत्रहीन फरसाराम, 90 वर्षीय चुतराराम व अन्य को पेंशन स्वीकृति जैसी पहलें शिविरों की सफलता का परिचायक हैं। शर्मा ने दिव्यांगजन को व्हील चेयर, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, अन्तजार्तीय विवाह योजना व सुखद दाम्पत्य योजना के लाभार्थियों को चैक भी वितरित किए। खेत सिंह को गांव में नए रास्ते, ममता को प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, नारायणराम हुडा को कृषि सिंचाई योजना और धापू को आवास योजना के प्रमाण-पत्र भी सौंपे गए। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मुख्यमंत्री के विकासपरक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए लूणी क्षेत्र को मिली बजट सौगातों को उल्लेखनीय बताया। इस अवसर पर उद्योग राज्य मंत्री के. के. विश्नोई, विधायक बाबू सिंह राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक नवज्योति

# भालू राजवां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित

नवज्योति/बालेसर।

उपखंड क्षेत्र भालू राजवां ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया।



गुरुवार को आयोजित शिविर में प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त विकास अधिकारी पंचायत समिति सेखाला चंचल राज शर्मा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नखताराम, राजस्व विभाग से आर आई गणेश राजपुरोहित, पटवारी आशु मीणा, पंचायती राज विभाग से वगताराम, ग्राम विकास अधिकारी मनीषा गुर्जर, कनिष्ठ सहायक राजेंद्रसिंह, कनिष्ठ सहायक अभिषेक कविया, पशुपालन से डॉ अभिजित सूत्रधार, आसुसिंह, दुर्गसिंह, सवाईसिंह आदि उपस्थित रहे।

शिविर में भालू राजवा निवासी भोमसिंह के राजस्व रेकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा निक्षय पोषण के तहत पोषण किट निशुल्क दिया गया। स्वामित्व योजना के तहत 12 प्रापर्टी कार्ड दिए बनाये गये। शिविर में विभिन्न विभागों से अलग-अलग योजनाओं से शिविर में आमजन को लाभ एवं राहत प्रदान की गई।

दैनिक नवज्योति

# 45 वर्षों से लंबित विरासत का इंतकाल दर्ज किया

**नवज्योति/चामू।** क्षेत्र के राजसागर ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में 45 वर्षों से लंबित विरासत का इंतकाल दर्ज किया तो वारिसानों के चेहरों पर खुशी झलक पड़ी। खातेदार मूलाराम पि. भीखाराम जाति मेघवाल निवासी राजसागर की मृत्यु आज से 45 वर्ष पूर्व सन 1980 में हो गई थी। उनके एकमात्र पुत्र रावलराम की भी मृत्यु हो चुकी थी। शिविर में उनके पौत्र पुखराज द्वारा आवेदन करने पर पटवारी श्रवणराम द्वारा हाथों हाथ जांच कर पौत्र व पौत्रियों के नाम इंतकाल दर्ज किया गया। जिससे वारिसान पुखराज वगैरा ने इस शिविर को अपने लिए सौगात बताया और सरकार का आभार जताया। इस मौके पर तहसीलदार चामू शैतान सिंह राजपुरोहित, विकास अधिकारी चंपालाल आचार्य, राजसागर पटवारी श्रवणराम, सरपंच प्रतापराम भील, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जोगाराम कड़ेला ग्राम विकास अधिकारी सुरेंद्र सीरवी का एवं गणमान्य उपस्थित रहे।



दैनिक प्रतिनिधि

निर्भीक अभिव्यक्ति, स्वतंत्र चिन्तन, सांस्कृतिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रहरी

*रजि नं. RNI/31113/77 पोस्टल *क्रमांक जोधपुर/130/2024-26 * वर्ष 48 *अंक 296 *जोधपुर शुक्रवार 27 जून 2025 *प्रभात * मूल्य दो रूपया

# गांव-गरीब के उत्थान का माध्यम बन रहा 'अन्त्योदय संबल परखवाड़ा'

## अन्त्योदय का संकल्प का मूल मंत्र



जोधपुर (नसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित अन्त्योदय का संकल्प हमारी सरकार का मूल मंत्र है। इसी संकल्प की दिशा में हमारी सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केन्द्र व राज्य सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। यह पहल हमारी सरकार की गांव व गरीब के प्रति संवेदनशीलता एवं उनके उत्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

शर्मा गुरूवार को जोधपुर के दईजर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जोधपुर की इस ऐतिहासिक भूमि पर 1978 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने गरीब को गणेश मानकर अन्त्योदय का उद्घोष किया था। हमारी सरकार भी अन्त्योदय के उस महान दर्शन को धरातल पर मूर्त रूप दे रही है।

## गांव की समस्याओं का गांव में हो रहा समाधान

शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़ा गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव का जरिया बन रहा है। इसके अन्तर्गत शिविरों के माध्यम से गांवों में भूमि के सीमांकन, नामांतरण, सहमति विभाजन और रास्तों के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही, गरीबी मुक्त गांव के लिए बीपीएल परिवारों का सर्वे, किसानों को सशक्त करने के लिए मृदा नमूनों का संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा रहा है। पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण का विशेष प्रबंध किया जा रहा है।

## आमजन के चेहरों पर लौट रही मुस्कान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 जून से प्रदेशभर में संचालित इन शिविरों में बड़ला बासनी गांव में पिछले पांच वर्षों से लंबित विवादित भूमि प्रकरण



का शांतिपूर्ण समाधान हुआ है। वहीं, पंचायत समिति लूणी के सर गांव में 70 वर्षीय श्रीमती मोहन कंवर, बावड़ी के जोइंतरा गांव में 82 वर्षीय नेत्रहीन फरसाराम, ओसियां के बारा खुर्द गांव में 90 वर्षीय चुतराराम एवं भोपालगढ़ के अरटिया कलां गांव में विधवा श्रीमती कमला सहित विभिन्न लोगों को पेंशन का लाभ प्रदान किया गया है। हमारी सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सभी अन्त्योदय संबल पखवाड़े में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने में भागीदार बनें।

## मुख्यमंत्री ने शिविर का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजन को व्हील चेयर व मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और अन्तर्जातीय विवाह योजना व सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के लाभार्थियों को चैक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खेत सिंह निवासी श्रीरामनगर, बाडिया पुरोहितान एवं समस्त ग्रामवासियों को नए रास्ते एवं दईजर की श्रीमती ममता को प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, नारायणराम हुडा को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व श्रीमती धापू को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रमाण–पत्र देकर लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण भी किया।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के के विश्नोई, विधायक बाबू सिंह राठौड़, भैराराम सियोल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## 'विधायक-शिक्षा का साथी' और 'मातृ वन-योजना' का शुभारम्भ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को जोधपुर के मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर में 'विधायक–शिक्षा का साथी' और 'मातृ वन–योजना' का शुभारम्भ किया। इन योजनाओं का नवाचार जोधपुर शहर विधायक श्री अतुल भंसाली द्वारा किया गया है।



मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई 'विधायक–शिक्षा का साथी' योजना के माध्यम से जोधपुर शहर के राजकीय विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ शिक्षा के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके अंतर्गत चयनित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ भवन, श्रेष्ठतम भौतिक संसाधन, प्रायोगिक शिक्षण–प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के साथ ही छात्रों का व्यक्तित्व विकास कर इन्हें निजी क्षेत्र के विद्यालयों से भी अधिक श्रेष्ठ बनाया जाएगा। वहीं श्री शर्मा द्वारा प्रारंभ की गई मातृ वन–योजना (एक पेड़ माँ के नाम एवं हरियालो राजस्थान) के अन्तर्गत जोधपुर के वन क्षेत्र में 5 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार राजकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वहीं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र

# हुक्मनामा समाचार

hukmnama.jodhpur@gmail.com


# अन्त्योदय का संकल्प भाजपा सरकार का मूल मंत्र : भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने दईजर में किया शिविर का अवलोकन, लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र





**हुक्मनामा समाचार**

जोधपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित अन्त्योदय का संकल्प हमारी सरकार का मूल मंत्र है। इसी संकल्प की दिशा में हमारी सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केन्द्र व राज्य सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। यह पहल हमारी सरकार की गांव व गरीब के प्रति संवेदनशीलता एवं उनके उत्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वे गुरुवार को दईजर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जोधपुर की इस ऐतिहासिक भूमि पर 1978 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने गरीब को गणेश मानकर अन्त्योदय का उद्घोष किया था। हमारी सरकार भी अन्त्योदय के उस महान दर्शन को धरातल पर मूर्त रूप दे रही है। शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़ा गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव का जरिया बन रहा है। इसके अन्तर्गत शिविरों के माध्यम से गांवों में भूमि के सीमांकन, नामांतरण, सहमति विभाजन और रास्तों के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही गरीबी मुक्त गांव के लिए बीपीएल परिवारों का सर्वे, किसानों को सशक्त करने के लिए मृदा नमूनों का संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा रहा है। पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण का विशेष प्रबंध किया जा रहा है।

**लाभार्थियों से सीधा संवाद :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजन को व्हील चेयर व मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और अन्तर्जातीय विवाह योजना व सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके विश्नोई, विधायक बाबू सिंह राठौड़, भैराराम सियोल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ाः जब संवेदना बनी संबल

# गणेशाराम को मिली ट्राई साइकिल, ग्रामवासियों को वर्षों बाद मिला अधिकारिक रास्ता

दैनिक पर्यटन बाजार

**जोधपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत पंचायत समिति केरू की ग्राम पंचायत दईजर में आयोजित जनकल्याण शिविर केवल योजनाओं के वितरण का मंच नहीं रहा, बल्कि यह शिविर सरकार और जनता के बीच विश्वास और संवेदना के जीवंत संपर्क का प्रतीक बनकर उभरा। इस शिविर में दो महत्वपूर्ण घटनाएं केंद्र में रहीं एक ने एक दिव्यांग छात्र को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में मदद की, तो दूसरी ने ग्रामीणों को दशकों पुरानी पीड़ा से मुक्ति दिलाई।

**दिव्यांग छात्र की मुस्कान बनी सरकार की सफलता की पहचानः** देसुरिया करवड़ गांव निवासी गणेशाराम सुचेता कृपलानी महाविद्यालय में बी.ए. तृतीय वर्ष का छात्र है। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बावजूद वह अब तक 12 किलोमीटर दूर कॉलेज तक जाने की चुनौती का साहसपूर्वक सामना करता रहा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मे गणेशाराम के पिता वृद्ध हैं और आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है। अब तक उसे गांव से कॉलेज तक जाने के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और आत्मसम्मान दोनों प्रभावित होते थे। लेकिन इस शिविर में उसे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त योजना के तहत इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल प्राप्त हुई।

ट्राई साइकिल पाते ही गणेशाराम की आंखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान साफ कह रही थी कि यह साइकिल उसके लिए सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि स्वावलंबन की दिशा में पहला ठोस कदम है।

गणेशाराम ने भावुक स्वर में कहा कि अब मुझे कॉलेज जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। खुद अपने काम कर सकूंगा। सरकार ने हम जैसे छात्रों के सपनों को नई उड़ान दी है।

## ग्रामीणों को मिला रास्ता, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

इसी शिविर में एक और ऐतिहासिक क्षण सामने आया, जब श्रीरामनगर बाड़ीयां पुरोहितान और खेतसिंह राजपुरोहित क्षेत्र के ग्रामीणों को एक नए वैध रास्ते की सौगात मिली। यह मांग कई वर्षों से लंबित थी और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सरकार द्वारा जनसुनवाई के बाद इस मार्ग को राजस्व रिकॉर्ड में विधिवत दर्ज कर दिया गया और ग्रामीणों को इसका प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह रास्ता अब न केवल उनकी सुविधा का साधन बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता, सम्मान और विकास की नई दिशा भी देगा। ग्रामीणों ने इसे केवल भौतिक सुविधा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सरकार के प्रति बढ़ते भरोसे का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत पर चलते हुए यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी नागरिक केवल अक्षमता या संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। हमारा प्रयास है कि अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े और सम्मान के साथ जीवन जिए।

## जब सहायता पहुँचती है सही हाथों में, तो बनती है प्रेरणा की कहानी

दईजर जनकल्याण शिविर में हुए ये दोनों दृश्य स्पष्ट कर गए कि जब नीतियां और योजनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित न रहकर ज़मीन पर उतरती हैं, तो वे सिर्फ लाभ नहीं देतीं ‚ वे जीवन बदलती हैं।

# सुनी ग्रामीणों की समस्या, बांटे पट्टे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



टोपरिया में पट्टेट बांटते अधिकारी।

**टोपरिया.** अंत्योदय पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को गांव टोपरिया में शिविर लगा। कैंप प्रभारी सहायक निदेशक कृषि अधिकारी रामप्रताप गोदारा की अध्यक्षता में लगे शिविर में ग्रामीणों को पट्टे वितरित किए गए। विभिन्न समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान कराया गया। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव व एसपी हरीशंकर यादव ने शिविर का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने पेयजल समस्या तथा बरसाती पानी की निकासी की समस्या के समाधान की मांग की। शिविर में कुल 33 परिवाद आए। एसपी ने ग्रामीणों को नशा मुक्त गांव बनाने पर बधाई दी। इस मौके पर एसडीएम पंकज गढ़वाल, प्रधान सोहनलाल ढिल, नायब तहसीलदार जगदीश, सहायक विकास अधिकारी धर्मपाल भाभू, सुखदेव ग्राम पंचायत प्रशासक सुलोचना बारूपाल आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 25 वर्ष पुराने प्रकरण का हुआ निस्तारण

**रावतसर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत गुरुवार सुबह ग्राम पंचायत खोडां में प्रशासनिक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 25 वर्षो से चल रहे लंबित प्रकरण का निस्तारण किया गया। खोडां निवासी कृष्ण कुमार, कालूराम, पालाराम, लालचंद, हनुमान पुत्र भादरराम जाट का 1 केडीडी, 1 केएचडी में लगभग 25 वर्ष पुराने कृषि भूमि के बंटवारे संबंधी विवाद चल रहा था।

जिसमें आपसी मतभेद होने के कारण सहमति नहीं बन पा रही थी। इस शिविर में परिवार की आपसी सहमति बनी। जिस कारण शिविर में खाता विभाजन हो पाया। इस मौके पर नायब तहसीलदार देवीलाल बालाण, गिरदावर सुधीर कुमार, हल्का पटवारी दलीप कडेला, पटवारी बलराज व राजस्व टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए लगभग 25 वर्ष पुराने प्रकरण का शिविर स्थल पर ही निस्तारण किया। इस त्वरित कार्रवाही पर परिवादी ने राज्य सरकार का आभार प्रकट किया।



रावतसर. 25 वर्ष पुराने विवाद का निपटारा कर खाता विभाजन सौंपते हुए।

## कीकरवाली व शाहपीनी में ग्रामीणों मिला लाभ

**संगरिया.** ग्राम पंचायत कीकरवाली और शाहपीनी में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। पंचायत समिति प्रधान मूर्ति देवी जैन ने कीकरवाली में पात्र परिवारों को पट्टा वितरण किया। साथ ही विभिन विभागों ने लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान शिविर में प्रभारी एसडीएम जय कौशिक, विकास अधिकारी राधाकृष्ण कड़वासरा, सरपंच मनीरा बीबी, ग्राम विकास अधिकारी मनदीप सिंह, गुरसेवक सिंह आदि मौजूद रहे।



संगरिया: कीकरवाली में पट्टा वितरण करते अधिकारी व जन प्रतिनिधि।

## मलवाणी शिविर में ग्रामीणों को दिलाया लाभ

**चारणवासी.** मलवाणी के राउमावि में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एडीएम संजू पारीक व तहसीलदार बजरंगलाल ने सरकार के अभियान की जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने का आग्रह किया। शिविर में लघु कृषि किसान कार्ड वितरण किए तथा कई जमीन विवाद आपसी सहमति से निपटाए गए। पीएचईडी जेईएन महेन्द्र कुमार को ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइन जगह-जगह लीकेज से दूषित पानी सप्लाई हो रहा है। डिग्गी की सफाई व पूरा भंडारण करवाने की मांग भी की गई। इससे अलावा सिंचाई पानी, बिजली, राजस्व विभाग आदि से संबंधित समस्याएं भी ग्रामीणों ने उठाई।

इस अवसर पर पंचायत समिति ईओ रणवीर वर्मा, जेटीओ सुशील गुर्जर, विकास अधिकारी भागीरथ बाना व विवेक स्योरण, गिरदावर मनोज सहारण, पटवारी कुलदीप सहारण व सुभाष, सरपंच यशोदा सहारण, माडूराम सहारण, अशोक महला, शहनशाह खान आदि मौजूद रहे।



चारणवासी: मलवाणी में प्रमाण पत्र वितरण करते अधिकारी व जन प्रतिनिधि।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर
हनुमानगढ़ भास्कर 27-06-2025

थे।

मूंगफली की बिजाई हो सकेगी।

# अंत्योदय पखवाड़ा: शिविर लगाया कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण



टोपरियां| पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को टोपरिया में शिविर लगाया गया। कैंप प्रभारी सहायक निदेशक कृषि रामप्रताप गोदारा थे। कलेक्टर खुशाल यादव व एसपी हरीशंकर ने शिविर में भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीणों की मुख्य समस्या अंतिम छोर के घरों तक पेयजल की आपूर्ति व गांव की पानी निकासी थी। स्वामित्व योजना में पट्टे वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा पाइपलाइन, फॉर्म पौण्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड व डिग्गी की स्वीकृति वितरण की गई और राजस्व विभाग द्वारा पत्थरगढ़ी रास्ता विवाद, नामांतरण, खाता विभाजन के कार्य किए गए। पीएचईडी को पानी आपूर्ति संबंधी परिवाद प्राप्त हुए। सिंचाई विभाग द्वारा नए खाले निर्माण, वन विभाग द्वारा पौधरोपण तथा चिकित्सा विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई।

अलग-अलग विभागों में 33 परिवाद मिले। एसपी हरीशंकर ने ग्राम पंचायत के संपूर्ण ग्रामीणों को नशामुक्त गांव बनाने पर बधाई संदेश दिया गया। इस मौके पर एसडीएम पंकज गढवाल, पंचायत समिति प्रधान सोहनलाल ढिल, नायब तहसीलदार जगदीश, सहायक विकास अधिकारी धर्मपाल भांभू, सुखदेव, पंचायत प्रशासक सुलोचना बारूपाल, विकास अधिकारी हुक्मराम कड़वासरा, अईदान सहू, पटवारी रविंद्र बसेर, कनिष्ठ सहायक सूर्यप्रकाश सहारण, कृषि विभाग अधिकारी एएओ जगदीश प्रसाद सहू, रोशनी, वीडीओ सुनील गोदारा, एलडीसी मोहरसिंह मीणा, सुभाष नेहरा व दीनदयाल बारूपाल अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

# हनुमानगढ़ भास्कर 27-06-2025

## अंत्योदय संबल पखवाड़ा: मिजार्वालीमेर में लगाया गया शिविर

मिर्जावालीमेर| प्रदेश की जनकल्याणकारी भाजपा सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आज विधानसभा क्षेत्र संगरिया की ग्राम पंचायत मिर्जावाली मेर में आयोजित सेवा शिविर लगाया गया, इस दौरान अधिकारियों ने जन मानस की समस्याएं सुनी, उनका समाधान किया। इस दौरान ग्राम पंचायत मिर्जावाली मेर प्रशासक दर्शना, मण्डल अध्यक्ष गिरधारीलाल टाक, मंडल महामंत्री बुधराम बरोड़, टिब्बी उपखंड अधिकारी सत्यनारायण सुथार, नायब तहसीलदार शिविर प्रभारी केवल सिंह, कनिष्ठ अभियंता दिनेश मीना, ग्राम पंचायत पटवारी ज्योति खीचड़, ग्राम विकास अधिकारी गोपाल शर्मा, चिकित्सा विभाग डॉ. अभिषेक डाक्त, कृषि विभाग से महेंद्र गोदारा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज कुमार, राजेश कुमार पशुधन निरीक्षक विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



रावतसर| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरुवार सुबह ग्राम पंचायत खोडां में प्रशासनिक शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग 25 वर्षों से चल रहे लंबित प्रकरण का निस्तार किया गया। खोडां निवासी कृष्ण कुमार, कालूराम, पालाराम, लालचंद, हनुमान पुत्र भादरराम जाट का 1 केडीडी, 1 केएनडी में लगभग 25 वर्ष पुराने कृषि भूमि के बंटवारे संबंधी विवाद चल रहा था। जिसमें आपसी मतभेद होने के कारण सहमति नहीं बन पा रही थी। इस शिविर में परिवार की आपसी सहमति बनी। जिस कारण शिविर में खाता विभाजन हो पाया।

इस मौके पर नायब तहसीलदार देवीलाल बालाण, गिरदावर सुधीर कुमार, हल्का पटवारी दलीप कड़ेला, पटवारी बलराज व राजस्व टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए लगभग 25 वर्ष पुराने प्रकरण का शिविर स्थल पर ही निस्तार किया। इस त्वरित कार्यवाही पर परिवादी ने राज्य सरकार का आभार प्रकट किया।

## पात्र परिवारों को पट्टे वितरित

संगरिया| ग्राम पंचायत मिर्जावाली और ग्राम पंचायत शाहपीनी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाए गए। मिर्जावाली में शुभारंभ पंचायत समिति प्रधान मूर्ति देवी जैन ने किया। पात्र परिवारों को पट्टा वितरण किया गया। इसके साथ विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार जैन ने सभी विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों को मौके पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण का कहा गया। पात्रों को ज्यादा शिविर में लाभ उठाने के लिए कहा गया। शिविर में शिविर प्रभारी एसडीएम जय कौशिक, विकास अधिकारी राधा कृष्ण कड़वासरा, राजस्व नायब तहसीलदार, एसबीआई सुरेंद्र मूंड, सरपंच मनीष बीबी, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और विभिन्न विभागों का स्टाफ मौजूद रहा।

Scanned with CamScanner

कार का आभार प्रकट किया।

20

# जसाना : कई वर्षों से चल रहा जमीनी विवाद निपटा

चारणवासी। गांव जसाना के राउमावि में गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। तहसीलदार बजरंगलाल ने लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बारे में बताया। लघु कृषि किसान कार्ड वितरण किए व वर्षों से चल रहे अनेक जमीन विवाद आपसी सहमति से निपटाए। 16 प्रॉपटी कार्ड, सीमा ज्ञान के 14 आवेदन आए 13 की पैमाइश की गई, रास्ते के 15 प्रकरण, हरयाळो राजस्थान के तहत 35 पौधे लगाए, 25 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरिका किए, 2022 से लंबित वसीयत प्रकरण का समझाइश से निपटाया। वहीं अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाते हुए प्रशासक लालचंद नायक के नेतृत्व में सभी को नशे से दूर रहने व लोगों को प्रेरित करने व जल बचत-पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। बाल विकास-समाज कल्याण विभाग के समक्ष विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन आए। पीएचईडी के जेईएन नरेन्द्र शर्मा को ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइनें लीकेज होने से गांवों में दूषित पानी सप्लाई हो रही है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जसाना वितरिका में बिना उतार-चढ़ाव पानी दिलाने की मांग की। इस अवसर पर पंचायत समिति ईओ रणवीर वर्मा, विकास अधिकारी भागीरथ बाना-चरणसिंह, प्रशासक लालचन्द नायक, पंस सदस्य रमेश बेनीवाल, पटवारी सुमन, कृषि पर्यवेक्षक रमेश सिहाग मौजूद थे।

Scanned with CamScanner

**शिविर** — दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय कैम्प का आयोजन

# जिला कलक्टर व एसपी ने किया शिविर निरीक्षण

**सीमा सन्देश # टोपरियां ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा प्रदेश में शुरू किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को गांव टोपरियां की ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया। कैंप प्रभारी सहायक निदेशक कृषि अधिकारी रामप्रताप गोदारा की अध्यक्षता में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव व एसपी हरीशंकर ने शिविर में भाग लिया। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों के साथ रूबरू होकर उनकी समस्या सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों से जवाब मांगा। ग्रामीणों के साथ जिला



कलक्टर ने करीब 30 मिनट तक समस्या सुनी। ग्रामीणों की मुख्य समस्या पीने के लिए अंतिम घरों में पानी की आपूर्ति व गांव में पानी निकासी की समस्या रही। पंचायत राज द्वारा स्वामित्व योजना में पट्टा वितरण कराया गया। कृषि विभाग द्वारा पाइप लाइन, फॉर्म पौण्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड व डिग्गी की स्वीकृति वितरण की गई। राजस्व विभाग द्वारा पत्थर गढ़ी, रास्ता विवाद, नामान्तरण खाता विभाजन के कार्य किए गए। पीएचडी विभाग को पानी आपूर्ति सम्बन्धी परिवाद प्राप्त हुई सिंचाई विभाग नए खाले निर्माण, वन विभाग द्वारा पौधारोपण तथा चिकित्सा विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच की गई व आवश्यक दवाइयां की गई।

## 33 परिवाद आए

शिविर में अनेक लाभार्थियों ने भाग लिया। ग्रामीणों द्वारा अलग-अलग विभाग में 33 परिवाद आए। जिले के एसपी ने ग्राम पंचायत के संपूर्ण ग्रामीणों को नशा मुक्त गांव बनाने पर बधाई दी। इस मौके पर एसडीएम पंकज गढ़वाल, पंचायत समिति प्रधान सोहन ढिल, नायब तहसीलदार जगदीश, सहायक विकास अधिकारी धर्मपाल भांभू, सुखदेव ग्राम पंचायत प्रशासक सुलोचना बारूपाल, पंचायत समिति विकास अधिकारी हाकमराम कड़वासरा, सुभाष नेहरा व दीनदयाल बारूपाल अनेक अधिकारी मौजूद रहे थे।

Scanned with CamScanner

# किकरवाली और शाहपीनी में शिविर का आयोजन

सीमा सन्देश # संगरिया। ग्राम पंचायत किकरवाली और शाहपीनी में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। किकरवाली में अभियान का शुभारंभ पंचायत समिति प्रधान श्रीमती मूर्ति देवी जैन द्वारा किया गया। अभियान में पात्र परिवारों को पट्टा वितरण किया गया।. इसके साथ=साथ विभिन विभागों द्वारा मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार जैन ने सभी विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों को मौके पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण का कहा गया और लाभार्थियों को ज्यादा से ज्यादा शिविर में लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभारी एसडीएम जय कौशिक, पंचायत समिति विकास अधिकारी राधा कृष्ण कड़वासरा,राजस्व नायब तहसीलदार, एसबीआई सुरेंद्र मुंड,सरपंच मनीरा बीबी, ग्राम विकास अधिकारी मनदीपसिंह. पंचायत समिति और विभिन्न विभागों के स्टॉफ उपस्थित रहे।




Scanned with CamScanner

# समस्याएं सुन किया समाधान

सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। प्रदेश की जनकल्याणकारी भाजपा सरकार द्वारा संचालित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विधानसभा क्षेत्र संगरिया की ग्राम पंचायत मिर्जावाली मेर में आयोजित सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में अधिकारियों ने जन मानस की समस्याएं सुनी, उनका समाधान किया। इस दौरान ग्राम पंचायत मिर्जावाली मेर प्रशासक दर्शना, टिब्बी उपखंड अधिकारी सत्यनारायण सुथार, नायब तलवाड़ा झील शिविर प्रभारी बेअंत सिंह कनिष्ठ अभियंता दिनेश मीना, ग्राम पंचायत पटवारी ज्योति खीचड़, ग्राम विकास अधिकारी गोपाल शर्मा, चिकित्सा विभाग डॉ. अभिषेक ढाका, कृषि विभाग से महेंद्र गोदारा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, राजेश कुमार पशुधन निरीक्षक विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राजस्व विभाग द्वारा 15 व्यक्तियों का नामांतरण व 3 सीमा ज्ञान 1 रास्ता विवाद का और 1 खाता विभाजन का निस्तारण किया गया। पशुपालन विभाग में 46 बड़े पशुओं का, 50 छोटे पशुओं का उपचार और लम्पी टीकाकरण लगभग 200 पशुओं का किया गया। इस दौरान 54 पशु स्वास्थ्य प्रमाण जारी किए।

Scanned with CamScanner

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविरों में उमड़ा जनसैलाब, सेवाएं हुई सुलभ



## कलक्टर व एसपी ने किया गुरुसर एवं टोपरिया में आयोजित शिविर का निरीक्षण, जांची व्यवस्थाए

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले भर में आयोजित शिविरों में गुरुवार को भी ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की भारी भागीदारी देखने को मिली। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को आवश्यक सेवाए और लाभ एक ही स्थान पर प्रदान किए गए। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने स्वयं हनुमानगढ़ के गुरुसर और नोहर के टोपरिया शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। डॉ. यादव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे। शिविरों में विभागीय समन्वय और सेवा वितरण की गुणवत्ता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। गुरुवार को हनुमानगढ़ के रोडावली, अराईयावाली, गुरुसर, संगरिया के शाहपीनी और कीकरवाली, टिब्बी के सलेमगढ़ मसानी, शेरेकां, मिर्जावाली मेर, पीलीबंगा के अमरसिंहवाला और हरदयालपुरा, नोहर के टोपरीया, जसाना, धानसिया, भादरा के साहूवाला, मेहराना, झांसल, बोझला तथा रावतसर के धन्नासर और खोड़ा में शिविर आयोजित..शेष पेज 9 पर




Scanned with CamScanner

# किकरवाली व शाहपीनी ग्राम पंचायतों में अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित

■ तेज. रिपोर्टर| संगरिया



ग्राम पंचायत किकरवाली और ग्राम पंचायत शाहपीनी में राजस्थान सरकार द्वारा चलाए गए पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत किकरवाली में अभियान का शुभारंभ पंचायत समिति संगरिया प्रधान श्रीमती मूर्ति देवी जैन द्वारा किया गया। अभियान में पात्र परिवारों को पट्टा वितरण किया गया। इसके साथ=साथ विभिन विभागों द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार जैन ने सभी विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों को मौके पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण का कहा गया और लाभार्थियों,को ज्यादा से ज्यादा शिविर में लाभ उठाने के लिए कहा गया। शिवर में शिवर प्रभारी एस डीएम जय कौशिक,विकाश अधिकारी राधा कृष्ण कड़वासरा, राजस्व नायब तहसीलदार, एसबीआई सुरेंद्र मुंड, सरपंच मनीरा बीबी, ग्राम पंचायत, पंचायत समित्ति और विभिन्न विभागों के स्टॉफ उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

नागरिक उपस्थित थे। चुना गया। राहुल चौहाण ने मिलेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष इस्माइल जसाराम महरिया, रामचंद्र पारीक,

» पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# जिला कलेक्टर और एसपी ने किया गुरुसर एवं टोपरिया में शिविर का निरीक्षण, जांची व्यवस्थाए

इबादत न्यूज

हनुमानगढ़, 26 जून। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जिले भर में आयोजित शिविरों में गुरुवार को भी ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की भारी भागीदारी देखने को मिली। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को आवश्यक सेवाए और लाभ एक ही स्थान पर प्रदान किए गए।



जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने स्वयं हनुमानगढ़ के गुरुसर और नोहर के टोपरिया शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। डॉ. यादव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे। शिविरों में विभागीय समन्वय और सेवा वितरण की गुणवत्ता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

गुरुवार को हनुमानगढ़ के रोडावली, अराईयावाली, गुरुसर, संगरिया के शाहपीनी और कीकरवाली, टिब्बी के सलेमगढ़ मसानी, शेरेकां, मिर्जावाली मेर, पीलीबंगा के अमरसिंहवाला और हरदयालपुरा, नोहर के टोपरीया, जसाना, धानसिया, भादरा के साहूवाला, मेहराना, झांसल, बोझला तथा रावतसर के धन्नासर और खोड़ा में शिविर आयोजित हुए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। पखवाड़े का उद्देश्य आमजन तक सरकारी सेवाओं को पहुंचाना, समस्याओं का स्थल पर ही समाधान करना और ग्रामीण जीवन में सहूलियत बढ़ाना है। शिविरों का संचालन 9 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा
## पर दिलाई नशामु

Scanned with CamScanner

# उमेवाला में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित

इबादत न्यूज
गोलूवाला, 26 जून। ( बलविन्द खरोलिया ) निकटवर्ती गांव उमेवाला में राज्य सरकार के निर्देशानुसार पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन किया गया। पीलीबंगा एसडीएम अमिता बिश्नोई ने भी शिविर का निरीक्षण करते हुए आमजन की समस्याओं से रूबरू हुई। शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एंव कर्मचारियों ने आमजन की समस्या को सुनते हुए उनका निस्तारण किया तथा लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार राम नरेश मीणा ने बताया कि शिविर में ग्रामवासी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे जिस पर कई विभागों से आये हुए अधिकारियों व कर्मचारियों ने ध्यानपूर्वक सुनते हुए समस्याओं का निस्तारण किया।

मीणा ने बताया किबराज्य सरकार के दिशा निर्देश पर यह संबल पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है जिनका



प्रमुख उद्देश्य शिविरों में राजस्व विभाग लंबित नोटिसों की तामील, पत्थरगढ़ी व सीमाज्ञान प्रकरणों का समाधान, नामांतरण प्रकरणों का त्वरित निस्तारण, वन विभाग से पौधों का वितरण व हरियालो राजस्थान अभियान के तहत व्यापक पौधारोपण, खाद्य विभाग के एनएफएसए के तहत लंबित प्रकरणों का निस्तारण, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी एवं नवीन पात्र परिवारों को योजना से जोड़ना, शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय परिसरों की सफाई, अनुपयोगी व जर्जर सामग्री का निस्तारण, प्रवेशोत्सव, स्कूलों का क्रमोन्नयन, नए संकाय प्रारंभ करना और स्कूटी वितरण, ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों को व्यवस्थित करना तथा तारों से संपर्क में आने वाले पेड़ों की छंटाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व जल संसाधन विभाग से लंबित जल कनेक्शन जारी करना, पानी की टंकियों की सफाई, नहरी क्षेत्रों में विवादों का समाधान को प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना है। प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उन्हें तुरन्त हल कर लोगों को राहत दिलाई जाना है।

इस अवसर पर शिविर प्रभारी रामनरेश मीणा, चिकित्सा विभाग से सीएचसी प्रभारी डॉ. चिराग मोदी, प्रशासक मोहनलाल चारण, ग्रामविकास अधिकारी भावना सुथार, गिरदावर अनिता, कानूनगो पंकज शर्मा, पटवारी रूपराम, पवन मीणा उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

पत्रिका

# कलक्टर ने बाकरा में किया शिविर का निरीक्षण



झुंझुनूं. जिला कलक्टर अरुण गर्ग ने बुधवार को बाकरा गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में आए परिवादियों से संवाद करते हुए राज्य सरकार की मंशानुरूप योजनाओं का फायदा अंतिम छोर तक पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए। कलक्टर ने कार्मिकों को शिविर की पूर्व तैयारी करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान मृदा कार्ड व प्रॉपर्टी पार्सल भी लाभार्थियों को वितरित किए साथ ही पौधारोपण किया। शिविर में एसडीएम हवाई सिंह यादव, तहसीलदार महेंद्र मूंड समेत अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

26/06/2025 | Jhunjhunu City | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर

झुंझुनू भास्कर 26-06-2025

# विधायक ने जनसमस्याओं के समाधान को लेकर दिए निर्देश

भास्कर न्यूज़ | नवलगढ़

पंचायत समिति नवलगढ़ की निवई, बुगाला, सौंथली व करी पंचायतों में मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने शिविरों में शिरकत की और लोगों की समस्याएं सुनीं। इन समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए।

विधायक ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों को अधिकाधिक योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधान दिनेश सुंडा भी शिविर में पहुंचे। उन्होंने भी अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। शिविर में तहसीलदार महेंद्र सिंह रतनू, नायब तहसीलदार रामस्वरूप, श्रवण निवाई, वीडीओ रजनी देवी, आनंदसिंह, सहायक विकास अधिकारी पितराम सिंह, कनिष्ठ सहायक मंजू कुमारी, वीडीओ कुलदीप सिंह, सहायक विकास अधिकारी रणजीताराम, ग्राम विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार, कनिष्ठ सहायक हरीश सैन आदि मौजूद रहे।



नवलगढ़. कैंप में भाग लेते हुए प्रधान व अधिकारी।



बाकरा पंचायत में पौधा लगाते कलेक्टर।

## अंत्योदय पखवाड़े में किया समस्याओं का समाधान



मलसीसर. शिविर में लोगो की समस्या का समाधान करते तहसीलदार

मलसीसर | कंकड़ेऊ कलां में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनने और समाधान के लिए सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सरपंच रामप्रताप खेदड़ ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। मौके पर ही अधिकारियों से समाधान करवाया। सभी विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। ग्रामीणों की शिकायतों का मौके पर निपटारा किया। स्वास्थ्य विभाग ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। राजस्व विभाग ने भूमि से जुड़ी समस्याएं सुलझाईं। तहसीलदार महेश ओला ने मौके पर ही समाधान किया।

झुंझुनू | बाकरा पंचायत के भारत निर्माण राजीव सेवा केंद्र पर बुधवार को अंत्योदय पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। ग्रामीणों ने आयुष्मान भारत कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रमिक पंजीयन, स्वास्थ्य जांच, भामाशाह कार्ड जैसी सुविधाओं का लाभ लिया। सरपंच राजेंद्र चाहर ने बताया कि कलेक्टर अरूण गर्ग ने भी शिविर का निरीक्षण कर परिवादियों से संवाद किया। डॉ. गर्ग ने मृदा कार्ड एवं प्रॉपर्टी पार्सल भी लाभार्थियों को वितरित किए। पौधरोपण भी किया। गांव के रघुवीर खीचड़ ने गांव में पानी भरने की शिकायत कलेक्टर को की जिसके जल्द समाधान का आश्वासन दिया। शिविर में सुनिल कालिया, विकास काजला, नेकिराम भालोठिया, राजेश भालोठिया, महेंद्र चाहर, मौजूद रहे।

## चोरों ने रात को घर में घुस

झुंझुनू भास्कर 26-06-2025

# तहसीलदार ने बास पुरिया गांव का नाम बदलने का प्रस्ताव भेजा

भास्कर न्यूज़ | बिसाऊ

बिरमी पंचायत के राजस्व गांव बास पुरिया का राजस्व रिकार्ड में नाम बाला का बास का दर्ज करवाने की ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। तहसीलदार ने गांव का नाम बाला का बास दर्ज करने का प्रस्ताव बनाकर जिला प्रशासन को भेज दिया है। इस संबंध में दैनिक भास्कर ने 17 जून को 'गांव एक-नाम दो' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर यह मुद्दा उठाया था। इसके बाद जिला कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा ने बिसाऊ तहसीलदार को गांव का नाम परिवर्तन करने का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए थे।



गांव एक-नाम दो: लोन लेने व दस्तावेज बनाने के लिए देना पड़ता है शपथ पत्र-बाला का बास ही है बास पुरिया



18 जून को प्रकाशित खबर

इसके आधार पर तहसीलदार ने पटवारी की जांच के रिपोर्ट के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर भिजवाया है। रिपोर्ट में बताया गया कि बिरमी पटवार मंडल के रिकॉर्ड में गांव का नाम बास पुरिया है। जबकि ग्रामीणों के दस्तावेजों और स्कूल रिकॉर्ड में बाला का बास लिखा है। ग्रामीण अब यही नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते हैं। इसलिए बदला जाए।

कैंप • अंत्योदय पखवाड़े में कलेक्टर ने अलोद और बूंदी का गोठड़ा पंचायतों में लगे शिविरों का किया निरीक्षण

# प्रशासन ने शिविरों में सुनी आमजन की समस्याएं, पट्टे दिए

भास्कर न्यूज | बूंदी

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 9 जुलाई तक मनाया जा रहा है। बुधवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने ग्राम पंचायत अलोद और बूंदी का गोठड़ा में लगे शिविरों में व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की। जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविरों में लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया गया। पात्र लोगों को प्रमाण-पत्र व पट्टे दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की स्टॉल देखीं। योजनाओं की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। खेत में जाने के रास्ते की व्यवस्था 251 ए के तहत कराने, रेवेन्यू कोर्ट के मामलों में रिपोर्ट तामील करवाने, बिजली के ढीले तार कसवाने, टूटे पोल ठीक करवाने, पानी की टंकियों की सफाई, लंबित नल कनेक्शन, जल जीवन मिशन के तहत खुदी सड़कों की मरम्मत, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गेहूं वितरण जैसे कार्यों की समीक्षा की।



बूंदी का गोठड़ा. कस्बे में लगाए शिविर में प्रमाण-पत्र देते जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा।

### विभागीय लक्ष्यों को पूरा करें, योजनाओं का लाभ दें

गोदारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पखवाड़े को गंभीरता से लें। विभागीय लक्ष्यों को पूरा करें, ताकि ग्रामीणों को गांव में ही योजनाओं का लाभ मिल सके। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय से काम करें। तब ही यह शिविर सफल बनाए जा सकेंगे।

## आज इन पंचायतों में लगेंगे शिविर

राज्य सरकार के निर्देश पर अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर लगाए जा रहे हैं। 27 जून को तहसील बूंदी की ग्राम पंचायत लाईका, गरड़दा में तहसील रायथल की गैंडोली में, तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुरा, अल्फानगर, बसोली में तहसील केपाटन की ग्राम पंचायत गुडली, सुनगर में, तहसील इंद्रगढ़ की ग्राम पंचायत बसवाड़ा, चाणदाखुर्द में कैंप लगेगा। वहीं, तहसील नैनवां की ग्राम पंचायत फुलेता, दुगारी, खानपुरा में तहसील हिंडोली की ग्राम पंचायत आकोदा, पेच की बावड़ी, अणदगंज में लगाए जाएंगे।

## शिविर में नहीं सुलझीं समस्याएं

केशवरायपाटन| पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत भीया पंचायत में शिविर लगाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि शिविर में पहुंचने के बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इससे लोगों में नाराजगी रही।

सरपंच धर्मा गौतम ने कहा कि प्रशासन ने शिविर की कोई सूचना नहीं दी। प्रचार भी नहीं किया गया। ग्रामीण ओमप्रकाश गौतम ने बताया कि वह भूमि सीमांकन, आवासीय पट्टा और आयुष्मान आरोग्य योजना से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचा था, लेकिन किसी भी अधिकारी ने समाधान नहीं किया। लोगों का कहना है कि शिविर में केवल खानापूर्ति की गई। समस्याएं जस की तस बनी रहीं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि अगली बार शिविर की जानकारी पहले दी जाए और समस्याओं का मौके पर समाधान हो।

## शिविर में जरूरतमंदों को मिला लाभ



सुमेरगंजमंडी| पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कस्बे में शिविर लगाया गया, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ देना रहा। शिविर सुबह 9:30 से शाम 5 बजे तक चला।

शिविर में राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार रामभरोस मीणा, भू अभिलेख अधिकारी हरिराम मीणा, पटवारी दुर्गेश शर्मा, सरपंच ममता सैनी, ग्राम विकास अधिकारी कमलेश बाबर, वार्डपंच गुलाम रसूल शामिल रहे।

# सुतड़ा के शिविर में 96 पट्टे जारी

डाबी| ग्राम पंचायत सुतड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा पखवाड़ा शिविर लगाया। जिसमें तालेड़ा के अतिरिक्त विकास अधिकारी, तहसीलदार और ब्लॉक के अधिकारी शामिल रहे। शिविर में 96 पट्टे और प्रॉपर्टी पार्सल जारी किए गए। खाद्य सुरक्षा के आवेदन लिए। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी राकेश, एलडीसी अरविंद, सरपंच प्रतिनिधि रमेश मेहता, अनिल मेहता और श्यामलाल मौजूद रहे।

# पखवाड़ा शिविर में समस्याओं का किया निस्तारण

न्यूज सर्विस/नवज्योति, सांवतगढ़।



सांवतगढ़। शिविर में आवासीय पट्टे वितरित करते अधिकारी।

ग्राम पंचायत सांवतगढ़ के अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा शिविर के अंतर्गत वहां मौजूद विभागों ने अपने-अपने सेवाएं दी।

शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार रघुराज सिंह हाड़ा ने बताया कि गुरुवार को हुए शिविर के आयोजन में ग्राम मोरण से ग्राम वासियों ने बताया कि खसरा नंबर 1100 रिकॉर्ड में राजकीय सिवायचक दर्ज हैं। जिसमें उत्तरी पूर्वी मेड़ तक रास्ता निकला हुआ था। ग्राम वासियों ने मांग रखी कि उक्त जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। जिसपर पटवारी हल्का मोरण से मौका निरीक्षण कराने के पश्चात उक्त रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का प्रस्ताव तैयार किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत सांवतगढ़ द्वारा भी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया। बरसों पुरानी समस्या हल होने से ग्राम वासियों के चेहरे खिल उठे। जिसके लिए उन्होंने राजस्थान सरकार, उपखंड प्रशासन और स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। ग्राम विकास अधिकारी छोटू लाल लोधा ने बताया कि शिविर के माध्यम से 32 आवासीय पट्टे, दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनने वाले 10 शौचालय के आवेदन भी प्राप्त हुए। गुरुवार को हुए शिविर के आयोजन में पंचायती राज विभाग के नायब तहसीलदार रघुराज सिंह हाड़ा, कानूनगो [illegible] मीणा, पटवारी [illegible] पंचायती राज विभाग के प्रशासक। सरपंच राम सिंह मीणा, उप प्रशासक लाटूलाल बैरवा, नरेगा रोजगार सहायक नंदलाल यादव, विद्युत विभाग के जयपुर डिस्कॉम से सहायक अभियंता शगुफ्ता अंसारी, लाइनमैन बाबूलाल सुमन, देशराज मीणा सहित चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# शिविर में रास्ते के प्रकरण का हुआ समाधान

**बढ़ता राजस्थान**

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** तहसील हिन्डोली के गाँव खेरखटा में गुरुवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में गांव खेजड़ा मुख्य मार्ग से होते हुए श्मशान तक जाने वाले 150 मीटर रास्ते एवं खेरखटा गाँव में खेल मैदान के पास से गोपालपुरा जाने वाले 300 मीटर रास्ते के प्रकरण का समाधान किया गया। ग्रामवासियों ने इन रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में अंकन करने का प्रार्थना पत्र दिया था। उक्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए प्रशासन द्वारा मौके पर जाकर रास्ता देखा गया एवं प्रस्ताव तैयार कर राजस्व रिकॉर्ड में रास्ते के अंकन की कार्यवाही की गई। प्रशासन की त्वरित कार्यवाही देखकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठें।

# जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, धौलपुर

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

**दिनांकः–** 26.06.2025

# सफलता की कहानी

**सात साल से था नाम गायब, अन्त्योदय शिविर में मुन्नालाल को मिला राजस्व रिकॉर्ड में स्थान**

**शाहपुरा में आयोजित अंत्योदय संबल शिविर में हुई त्वरित कार्यवाही, वर्षों से लंबित समस्या का समाधान**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत जिले भर में आयोजित हो रहे जनसेवा शिविर अन्य सेवाओं के साथदृसाथ ज़मीन से जुड़े वर्षों पुराने विवादों और प्रशासनिक उलझनों के समाधान का सशक्त मंच बनते जा रहे हैं।

ग्राम पंचायत शाहपुरा में आयोजित शिविर में ग्राम शाहपुरा निवासी मुन्नालाल पुत्र अन्तराम ने उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा के समक्ष अपनी 7 वर्षों से लंबित वेदना रखी।

मुन्नालाल ने बताया कि खसरा नंबर 3583, 3592, 3593, 3594, 3595, 3642, 3643, 3644, 3645, 3646, 3647, 3648 (कुल 12 खसरे, रकबा 5.2097 हैक्टेयर) की भूमि में वे और अन्य सहखातेदार पूर्व में रिकॉर्ड में दर्ज थे, किंतु ऑनलाइन जमाबंदी से उनके नाम स्वतः हट गए थे। विगत 7 वर्षों से वे इस त्रुटि के सुधार हेतु विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे, किंतु कोई ठोस समाधान नहीं मिल पा रहा था।

शिविर में प्रकरण सुनते ही उपखंड अधिकारी डॉ. शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए भू–अभिलेख निरीक्षक से रिपोर्ट तलब की तथा मौके पर उपस्थित तहसीलदार देवेन्द्र तिवारी को निर्देशित किया कि समस्त हटे हुए नामों की शुद्धि तत्काल की जाए।

निर्देश के अनुपालन में तहसीलदार द्वारा मौके पर ही सभी नामों को पुनः रिकॉर्ड में जोड़ने की कार्यवाही की गई। इससे मुन्नालाल सहित अन्य लाभार्थियों को तात्कालिक राहत मिली और लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक त्रुटि का समाधान संभव हो सका।

"मैं बहुत परेशान था, कई बार प्रयास करने पर समाधान नहीं मिला। पंडित दीनदयाल अंत्योदय शिविर में एक ही दिन में मेरा नाम रिकॉर्ड में वापस जुड़ गया। मैं जिला कलक्टर और उपखंड अधिकारी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ," मुन्नालाल, लाभार्थी

जिला प्रशासन द्वारा संचालित अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ऐसे शिविर जन सेवा के सशक्त केंद्र के रूप में उभर रहे हैं, जहाँ आमजन की पीड़ा को न केवल सुना जा रहा है, बल्कि समाधान भी वहीं दिया जा रहा है।



मुन्नालाल, लाभार्थी

**अन्त्योदय संबल शिविर कोटपुरा में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, जल टंकी से जल्द होगी आपूर्ति शुरू**

कोटपुरा गांव में वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर के माध्यम से राहत की सौगात मिली। अटल सेवा केंद्र कोटपुरा में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधियों ने गांव में निर्मित जल टंकी से जलापूर्ति शुरू न होने की गंभीर समस्या को उठाया। शिविर प्रभारी राजकुमार शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र शर्मा से तत्काल रिपोर्ट तलब की।

जांच में सामने आया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में जल टंकी का निर्माण तो हुआ है, किंतु फिटिंग और प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को कुछ स्थानीय खातदारों द्वारा बाधित कर दिया गया था। कुछ खातेदारों ने सरकारी जमीन को निजी बताते हुए कर्मचारियों को कार्य से रोक दिया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि जल टंकी सरकारी भूमि पर ही निर्मित है तथा उल्लेखित खातेदारों ने भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। मौके पर ही राजस्व टीम द्वारा सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर अतिक्रमणकारियों को पाबंद किया गया, और कनिष्ठ अभियंता को अगले ही दिन से जल टंकी के कनेक्शन और आपूर्ति कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। यह सुनकर ग्रामीणों के चेहरों पर वर्षों बाद संतोष और खुशी की चमक देखी गई। लंबे समय से जो काम ठप था, वह प्रशासन की तत्परता और शिविर के प्रभाव से एक ही दिन में गति पकड़ गया।

कोटपुरा निवासी ग्रामीणो ने कहा कि हम सालों से सिर्फ शिकायत कर रहे थे, पहली बार लगा कि हमारी आवाज सुनी भी जा रही है। अब हमारे गांव में भी पानी आएगा।

शिविर के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गईं, जिससे आयोजन सामाजिक समावेश और शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय बना।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा न केवल योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचा रहा है, बल्कि वास्तविक समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान कर जनता में प्रशासन के प्रति भरोसा मज़बूत कर रहा है।



कोटपुरा में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, जल टंकी से जल्द होगी आपूर्ति शुरू

# समाचारों में सफलता की कहानियां:–

धौलपुर 27-06-2025

राजस्व टीम द्वारा सरकारी भूमि का चिह्नित कर अतिक्रमणकारियों को पाबंद किया, टंकी के कनेक्शन करने के दिए निर्देश

## अंत्योदय संबल शिविर... कोटपुरा में वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, पेयजल टंकी से जल्द होगी पानी की आपूर्ति, लोगों को राहत

धौलपुर। कोटपुरा गांव में वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को शिविर में राहत मिली है।



ग्रामीणों ने गांव में निर्मित जल टंकी से जलापूर्ति शुरू न होने की समस्या को उठाया। शिविर प्रभारी राजकुमार शर्मा ने पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र शर्मा से तत्काल रिपोर्ट तलब की। जांच में सामने आया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में जल टंकी का निर्माण तो हुआ है, किंतु फिटिंग और प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को कुछ स्थानीय खातेदारों द्वारा बाधित कर दिया गया था। कुछ खातेदारों ने सरकारी जमीन को निजी बताते हुए कर्मचारियों को कार्य से रोक दिया था। शिविर प्रभारी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि जल टंकी सरकारी भूमि पर ही निर्मित है तथा उल्लेखित खातेदारों ने भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। मौके पर ही राजस्व टीम द्वारा सरकारी भूमि का चिह्नित कर अतिक्रमणकारियों को पाबंद किया गया।, और कनिष्ठ अभियंता को अगले ही दिन से जल टंकी के कनेक्शन और आपूर्ति कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए।

शिविर के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें निशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गई।

### शिविर में मुन्नालाल को मिला राजस्व रिकॉर्ड में स्थान

धौलपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत शाहपुरा में किया गया। शिविर में ग्राम शाहपुरा निवासी मुन्नालाल पुत्र अंतराम ने उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा के समक्ष अपनी 7 वर्षों से लंबित समस्या रखी। मुन्नालाल ने बताया कि खसरा नंबर कुल 12 खसरे, रकबा 5.2097 हैक्टेयर की भूमि में वे और अन्य सह खातेदार पूर्व में रिकॉर्ड में दर्ज थे, किंतु ऑनलाइन जमाबंदी से उनके नाम स्वतः हट गए थे। विगत 7 वर्षों से वे इस त्रुटि के सुधार के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं मिल पा रहा था। शिविर में प्रकरण सुनते ही उपखंड अधिकारी डॉ. शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए भू-अभिलेख निरीक्षक से रिपोर्ट तलब की तथा मौके पर उपस्थित तहसीलदार देवेन्द्र तिवारी को निर्देशित किया कि समस्त हटे हुए नामों की शुद्धि तत्काल की जाए। जिस पर तहसीलदार द्वारा मौके पर ही सभी नामों को पुनः रिकॉर्ड में जोड़ने की कार्यवाही की गई। इससे मुन्नालाल सहित अन्य लाभार्थियों को तात्कालिक राहत मिली और त्रुटि का समाधान संभव हो सका।

### आंखों की पुतलियां से सत्यापन कर पेंशन जारी

सरमथुरा। चंद्रावली गांव में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उम्रदराज व्यक्तियों की आंखों की पुतलियों से सत्यापन कर पेंसन शुरू की गई । जिसमे लाभार्थी रामभरोसी उम्र 81 साल निवासी लोकूपुरा व शिवदेई को लाभ मिला। डॉ. गोरेलाल मीणा ने शिविर में मौसमी बीमारियों के बचाव एवं खानपान में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम में बीमार होने पर अस्पताल आकर इलाज कराएं।

दैनिक भास्कर
धौलपुर 27-06-2025

# 10 वर्ष पुराने राजस्व बंटवारे का निस्तारण

भास्कर न्यूज़ | सैंपऊ



गुरुवार को तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कनासिल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन तहसीलदार नाहर सिंह के निर्देशन में किया गया। शिविर में लोगों की विभिन्न समस्याओं के साथ 10 वर्ष पुराने राजस्व बंटवारे का निस्तारण किया गया। गांव के अतर सिंह,जगदीश, मुरारी विष्णु पुत्रगण लोका उर्फ लोकमन जाति जाटव के राजस्व ग्राम कनासिल में अंकित कुल 11 खसरा नंबरों में बंटवारे को लेकर 10 साल पूर्व से चल रहे विवाद को आपसी समझाइश कर निस्तारण किया गया। तहसीलदार नाहर सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते 10 साल से सभी भाइयों का आपस में एक दूसरे से बोलना और आना जाना बंद कर रखा था। शिविर में पटवारी और गिरदावर के द्वारा मामले की जानकारी दी गई तो राजस्व टीम ने चारों भाईयों को आपसी सहमति बंटवारे के लिए प्रेरित किया तो चारों भाईयों में से दिव्यांग अतर सिंह द्वारा पैरवी करते हुए गिले शिकवे समाप्त कर, आपसी रजामंदी से सहमति विभाजन हेतु स्वीकृति देने पर भू अभिलेख निरीक्षक गोपीचन्द व हल्का पटवारी अरविंद कुमार द्वारा सहमति विभाजन तैयार कर पुराना विवाद समाप्त किया। तहसीलदार नाहर सिंह के द्वारा मौके पर ही राजस्व रिकार्ड में मुताबिक सहमति विभाजन के कुर्रे जातानुसार (इन्द्राज कर ) अमल करने के आदेश पाकर समस्त पक्षकारों के चहरे खुशी से खिल उठे। 10 साल पुराने विवाद का शिविर में समझौता होने से खुशी का माहौल देखा गया।

पत्रिका

## चार माह से वंचित होने के बाद शिविर में नेत्रों से हुआ सत्यापन

# शिविर में वृद्ध दंपती को मिला संबल

### शिविर में लंबित कार्यों का हुआ निपटारा

### गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की बनाई योजना



**सरमथुरा.** वृद्ध दंपत्ति को पीपीओ सौंपते अधिकारी।

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सरमथुरा.** उपखंड में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र चंद्रावली में बहुविभागीय संबल शिविर का आयोजन किया गया। तहसीलदार अजय मीणा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी लाभ पहुंचाना है।

विकास अधिकारी गिर्राज सिंह ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर में इक्यासी वर्षीय वृद्ध दंपत्ति रामभरोसी पुत्र सुंदर एवं रामदेई पत्नी भरोसी निवासी लोकूपुरा को संबल मिला है। उन्होंने बताया कि फिंगर प्रिंट के मिलान नहीं होने के कारण वृद्ध दंपत्ति चार माह से पेंशन से वंचित थी। शिविर में अधिकारियों के समक्ष मामला संज्ञान में आने के बाद वृद्ध दंपत्ति को शिविर में बुलाकर आंखों से पेंशन सत्यापन करा संबल प्रदान किया गया। विकास अधिकारी ने बताया कि वृद्ध दंपत्ति की स्थिति चलने फिरने लायक भी नहीं थी। पेंशन सत्यापन होने के बाद विकास अधिकारी ने चार माह की पेंशन एक मुश्त खाते में जमा होने का आश्वासन वृद्ध दंपत्ति को दिया। यह सुनकर वृद्ध दंपत्ति के चेहरे पर मुस्कान छा गई। शिविर में लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया, वहीं गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की योजना बनाई गई।

राजस्व विभाग ने शिविर में आपसी सहमति से 10 काश्तकारों का बंटवारा किया गया। वहीं सीमाज्ञान के 10 प्रकरणों का निस्तारण सहित अस्थायी अतिक्रमण व रास्ते खुलवाने के 6 प्रकरणों का निस्तारण किया साथ ही शिविर में दर्जनभर नामांकन खोले गए। शिविर में गिरदावर शिवराज सिंह, हल्का पटवारी संजू, सरपंच बचनसिंह मीणा सहित स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पंचायती राज, शिक्षा आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

पत्रिका

# अंत्योदय कैम्पों में ग्रामीणों को मिल रही बड़ी राहत

## सालों से अटके काम घंटों में निपट रहे



**राजाखेड़ा.** कैम्प में राजस्व रेकॉर्ड सौंपते एसडीएम व तहसीलदार।

**राजाखेड़ा.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबलन पखवाड़ा कैंप में ग्रमीणों को बड़ी राहत देते दिख रहे हैं। जहां लंबे समय से बकाया चल रहे कार्यों को आसानी से पूरा करवाया जा रहा है।

तहसीलदार दीप्ती देव ने बताया कि ग्राम पंचायत सिकरौदा में आयोजित कैंप में राजराल शिशुपाल व मनोरमा देवी पुत्री मोरनसिंह व हरीसिंह पुत्र लज्जाराम जाति राजपूत निवासी महदवार न.1 ने विभाजन का आवेदन कैंप प्रभारी वर्षा मीना उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा के समक्ष प्रस्तुत किया। मीना ने तुरंत उक्त आवेदन तहसीलदार दीप्ति देव को सहमति का विभाजन करने बाबत निर्देशित किया। तहसीलदार ने मौके पर ही भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त राजाखेड़ा न.1 प्रदीप शर्मा एवं हल्का पटवारी सिकरौदा दीपक जैन से उक्त विनाजन तैयार करवाकर मौके पर ही स्वीकृत किया गया एवं स्वीकृत शुदा विभाजन को हल्का पटवारी ने मौके पर ही ऑनलाइन कर दाखिला खारिज किया एवं ऑनलाइन आवेदन की नकल मौक पर ही खातेदारान को दी गई। जिसके बाद कैम्प में पहुंचे लोगों ने प्रशासन के दल को आभार जताया। साथ ही ग्राम पंचायत सिंघावली कला में आयोजित कैंप में ग्रामीण कलावती पत्नी नेतराम व चंद्रावली पत्नी नेमीचंद निषाद निवासी देवदास का पुरा ने विभाजन का आवेदन कैंप प्रभारी वर्षा मीना उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा के समक्ष प्रस्तुत किया। जिस पर आवेदन को तहसीलदार दीप्ति देव को सहमति का विभाजन करने के लिए निर्देशित किया। तहसीलदार राजाखेड़ा ने मौके पर ही भूअनि. वृत्त प्रदीप शर्मा एवं हल्का पटवारी सिंघावलीकला गोपाललाल वर्मा से उक्त विभाजन तैयार करवाकर मौके पर ही स्वीकृत किया गया एवं स्वीकृत शुदा विभाजन को हल्का पटवारी ने मौके पर ही ऑनलाइन कर दाखिला खारिज किया एवं ऑनलाइन आवेदन की नकल मौक पर ही खातेदारान को दी गई। जिससे महिला खातेदारो में हर्ष का माहौल बन गया। उन्होंने कहा जो हमारा काम वर्षो से नहीं हो रहा था वो एक ही दिन में हो गया।

27/06/2025 | Dholpur | Page : 18
Source : https://epaper.patrika.com/

# अन्त्योदय संबल शिविर कोटपुरा में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, जल टंकी से जल्द होगी आपूर्ति शुरू



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** कोटपुरा गांव में वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर के माध्यम से राहत की सौगात मिली। अटल सेवा केंद्र कोटपुरा में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधियों ने गांव में निर्मित जल टंकी से जलापूर्ति शुरू न होने की गंभीर समस्या को उठाया। शिविर प्रभारी राजकुमार शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र शर्मा से तत्काल रिपोर्ट तलब की। जांच में सामने आया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में जल टंकी का निर्माण तो हुआ है, किंतु फिटिंग और प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को कुछ स्थानीय खातेदारों द्वारा बाधित कर दिया गया था। कुछ खातेदारों ने सरकारी जमीन को निजी बताते हुए कर्मचारियों को कार्य से रोक दिया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि जल टंकी सरकारी भूमि पर ही निर्मित है तथा उल्लेखित खातेदारों ने भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। मौके पर ही राजस्व टीम द्वारा सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर अतिक्रमणकारियों को पाबंद किया गया, और कनिष्ठ अभियंता को अगले ही दिन से जल टंकी के कनेक्शन और आपूर्ति कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। यह सुनकर ग्रामीणों के चेहरों पर वर्षों बाद संतोष और खुशी की चमक देखी गई। लंबे समय से जो काम ठप था, वह प्रशासन की तत्परता और शिविर के प्रभाव से एक ही दिन में गति पकड़ गया। कोटपुरा निवासी ग्रामीणों ने कहा कि हम सालों से सिर्फ शिकायत कर रहे थे, पहली बार लगा कि हमारी आवाज सुनी भी जा रही है। अब हमारे गांव में भी पानी आएगा। शिविर के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गई, जिससे आयोजन सामाजिक समावेश और शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय बना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा न केवल योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचा रहा है, बल्कि वास्तविक समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान कर जनता में प्रशासन के प्रति भरोसा मजबूत कर रहा है।

# बाड़ी : विभिन्न ग्राम पंचायतों के शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ समाधान

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में शिविरों का आयोजन जारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



बाड़ी... शिविर में समस्याओं का समाधान करते अधिकारी

**बाड़ी**। राजस्थान सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत उपखंड के ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर राजस्य सरकार और जिला कलेक्टर के निर्देश पर उपखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार 24 जून से शुरू हुए यह शिविर 9 जुलाई तक चलेंगे। गुरुवार को तीसरे दिन शिविर का आयोजन उपखंड की ग्राम पंचायत धीमरी, इब्राहिमपुर और धन्नू का पुरा में किया गया। इन शिविरों में उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी, तहसीलदार उत्तम बंसल के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी सरपंच, ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने शिविर में आए ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। शिविर आयोजन को लेकर तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत 24 जून से 9 जुलाई तक विभिन्न ग्राम पंचायत में शिविरो का आयोजन किया जायेगा। गुरुवार को उपखंड की ग्राम पंचायत धीमरी, इब्राहिमपुर और धन्नू का पुरा में शिविरों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को ग्राम पंचायत कांसपुरा, टोटरी और गढ़ी खिराना में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इब्राहिमपुर राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित शिविर में पीईईओ जगदीश प्रसाद मीणा, राजवीर मीणा, नरेंद्र सिंह परमार और खेमपुरी गोस्वामी मौजूद रहे।

# अन्त्योदय संबल शिविर कोटपुरा में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, जल टंकी से जल्द होगी आपूर्ति शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**धौलपुर।** कोटपुरा गांव में वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर के माध्यम से राहत की सौगात मिली। अटल सेवा केंद्र कोटपुरा में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधियों ने गांव में निर्मित जल टंकी से जलापूर्ति शुरू न होने की गंभीर समस्या को उठाया।

शिविर प्रभारी राजकुमार शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र शर्मा से तत्काल रिपोर्ट तलब की। जांच में सामने आया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में जल टंकी का निर्माण तो हुआ है, किंतु फिटिंग और प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को कुछ स्थानीय खातेदारों द्वारा बाधित कर दिया गया था। कुछ खातेदारों ने सरकारी जमीन को निजी बताते हुए कर्मचारियों को कार्य से रोक दिया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि जल टंकी सरकारी भूमि पर ही निर्मित है तथा उल्लेखित खातेदारों ने भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। मौके पर ही राजस्व टीम द्वारा सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर अतिक्रमणकारियों को पाबंद किया गया, और कनिष्ठ अभियंता को अगले ही दिन से जल टंकी के कनेक्शन और आपूर्ति कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। यह सुनकर ग्रामीणों के चेहरों पर वर्षों बाद संतोष और खुशी की चमक देखी गई। लंबे समय से जो काम ठप था, वह प्रशासन की तत्परता और शिविर के प्रभाव से एक ही दिन में गति पकड़ गया। कोटपुरा निवासी ग्रामीणों ने कहा कि हम सालों से सिर्फ शिकायत कर रहे थे, पहली बार लगा कि हमारी आवाज सुनी भी जा रही है। अब हमारे गांव में भी पानी आएगा। शिविर के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गईं, जिससे आयोजन सामाजिक समावेश और शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय बना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा न केवल योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचा रहा है, बल्कि वास्तविक समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान कर जनता में प्रशासन के प्रति भरोसा मजबूत कर रहा है।

# सात साल से था नाम गायब, अन्त्योदय शिविर में मुन्नालाल को मिला राजस्व रिकॉर्ड में स्थान

**दैनिक तेवर टाइम्स**



**घौलपुर शाहपुरा** में आयोजित अंत्योदय संबल शिविर में हुई त्वरित कार्यवाही, वर्षों से लंबित समस्या का समाधान पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत जिले भर में आयोजित हो रहे जनसेवा शिविर अन्य सेवाओं के साथदूसाथ ज़मीन से जुड़े वर्षों पुराने विवादों और प्रशासनिक उलझनों के समाधान का सशक्त मंच बनते जा रहे हैं। ग्राम पंचायत शाहपुरा में आयोजित शिविर में ग्राम शाहपुरा निवासी मुन्नालाल पुत्र अन्तराम ने उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा के समक्ष अपनी 7 वर्षों से लंबित वेदना रखी।

मुन्नालाल ने बताया कि खसरा नंबर 3583, 3592, 3593, 3594, 3595, 3642, 3643, 3644, 3645, 3646, 3647, 3648 (कुल 12 खसरे, रकबा 5.2097 हैक्टेयर) की भूमि में वे और अन्य सहखातेदार पूर्व में रिकॉर्ड में दर्ज थे, किंतु ऑनलाइन जमाबंदी से उनके नाम स्वतः हट गए थे। विगत 7 वर्षों से वे इस त्रुटि के सुधार हेतु विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे, किंतु कोई ठोस समाधान नहीं मिल पा रहा था। शिविर में प्रकरण सुनते ही उपखंड अधिकारी डॉ. शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए भू-अभिलेख निरीक्षक से रिपोर्ट तलब की तथा मौके पर उपस्थित तहसीलदार देवेन्द्र तिवारी को निर्देशित किया कि समस्त हटे हुए नामों की शुद्धि तत्काल की जाए।

निर्देश के अनुपालन में तहसीलदार द्वारा मौके पर ही सभी नामों को पुनः रिकॉर्ड में जोड़ने की कार्यवाही की गई। इससे मुन्नालाल सहित अन्य लाभार्थियों को तात्कालिक राहत मिली और लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक त्रुटि का समाधान संभव हो सका। "मैं बहुत परेशान था, कई बार प्रयास करने पर समाधान नहीं मिला। पंडित दीनदयाल अंत्योदय शिविर में एक ही दिन में मेरा नाम रिकॉर्ड में वापस जुड़ गया। मैं जिला कलक्टर और उपखंड अधिकारी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ," मुन्नालाल, लाभार्थी जिला प्रशासन द्वारा संचालित अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ऐसे शिविर जन सेवा के सशक्त केंद्र के रूप में उभर रहे हैं, जहाँ आमजन की पीड़ा को न केवल सुना जा रहा है, बल्कि समाधान भी वहीं दिया जा रहा है।

# अन्त्योदय शिविर में मुन्नालाल को मिला राजस्व रिकॉर्ड में स्थान



## सात साल से था नाम गायब, शाहपुरा में अंत्योदय संबल शिविर में हुई त्वरित कार्रवाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत जिले भर में आयोजित हो रहे जनसेवा शिविर अन्य सेवाओं के साथ-साथ ज़मीन से जुड़े वर्षों पुराने विवादों और प्रशासनिक उलझनों के समाधान का सशक्त मंच बनते जा रहे हैं। ग्राम पंचायत शाहपुरा में आयोजित शिविर में ग्राम शाहपुरा निवासी मुन्नालाल पुत्र अन्तराम ने उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा के समक्ष अपनी 7 वर्षों से लंबित वेदना रखी। मुन्नालाल ने बताया कि खसरा नंबर 3583, 3592, 3593, 3594, 3595, 3642, 3643, 3644, 3645, 3646, 3647, 3648 (कुल 12 खसरे, रकबा 5.2097 हैक्टेयर) की भूमि में वे और अन्य सहखातेदार पूर्व में रिकॉर्ड में दर्ज थे, किंतु ऑनलाइन जमाबंदी से उनके नाम स्वतः हट गए थे। विगत 7 वर्षों से वे इस त्रुटि के सुधार हेतु विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे, किंतु कोई ठोस समाधान नहीं मिल पा रहा था। शिविर में प्रकरण सुनते ही उपखंड अधिकारी डॉ. शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए भू-अभिलेख निरीक्षक से रिपोर्ट तलब की तथा मौके पर उपस्थित तहसीलदार देवेन्द्र तिवारी को निर्देशित किया कि समस्त हटे हुए नामों की शुद्धि तत्काल की जाए। निर्देश के अनुपालन में तहसीलदार द्वारा मौके पर ही सभी नामों को पुनः रिकॉर्ड में जोड़ने की कार्यवाही की गई। इससे मुन्नालाल सहित अन्य लाभार्थियों को तात्कालिक राहत मिली और लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक त्रुटि का समाधान संभव हो सका। 'मैं बहुत परेशान था, कई बार प्रयास करने पर समाधान नहीं मिला। पंडित दीनदयाल अंत्योदय शिविर में एक ही दिन में मेरा नाम रिकॉर्ड में वापस जुड़ गया। मैं जिला कलक्टर और उपखंड अधिकारी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं.'

# अन्त्योदय संबल शिविर कोटपुरा में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, जल टंकी से जल्द होगी आपूर्ति शुरू

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** कोटपुरा गांव में वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर के माध्यम से राहत की सौगात मिली। अटल सेवा केंद्र कोटपुरा में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधियों ने गांव में निर्मित जल टंकी से जलापूर्ति शुरू न होने की गंभीर समस्या को उठाया।



शिविर प्रभारी राजकुमार शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र शर्मा से तत्काल रिपोर्ट तलब की। जांच में सामने आया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में जल टंकी का निर्माण तो हुआ है, किंतु फिटिंग और प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को कुछ स्थानीय खातेदारों द्वारा बाधित कर दिया गया था। कुछ खातेदारों ने सरकारी जमीन को निजी बताते हुए कर्मचारियों को कार्य से रोक दिया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि जल टंकी सरकारी भूमि पर ही निर्मित है तथा उल्लेखित खातेदारों ने भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। मौके पर ही राजस्व टीम द्वारा सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर अतिक्रमणकारियों को पाबंद किया गया, और कनिष्ठ अभियंता को अगले ही दिन से जल टंकी के कनेक्शन और आपूर्ति कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। यह सुनकर ग्रामीणों के चेहरों पर वर्षों बाद संतोष और खुशी की चमक देखी गई। लंबे समय से जो काम ठप था, वह प्रशासन की तत्परता और शिविर के प्रभाव से एक ही दिन में गति पकड़ गया। कोटपुरा निवासी ग्रामीणों ने कहा कि हम सालों से सिर्फ शिकायत कर रहे थे, पहली बार लगा कि हमारी आवाज सुनी भी जा रही है। अब हमारे गांव में भी पानी आएगा। शिविर के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गईं, जिससे आयोजन सामाजिक समावेश और शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय बना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा न केवल योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचा रहा है, बल्कि वास्तविक समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान कर जनता में प्रशासन के प्रति भरोसा मजबूत कर रहा है।

# अन्त्योदय संबल शिविर कोटपुरा में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, जल टंकी से जल्द होगी आपूर्ति शुरू

दैनिक तेवर टाइम्स



**घौलपुर** कोटपुरा गांव में वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर के माध्यम से राहत की सौगात मिली। अटल सेवा केंद्र कोटपुरा में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधियों ने गांव में निर्मित जल टंकी से जलापूर्ति शुरू न होने की गंभीर समस्या को उठाया। शिविर प्रभारी राजकुमार शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र शर्मा से तत्काल रिपोर्ट तलब की। जांच में सामने आया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में जल टंकी का निर्माण तो हुआ है, किंतु फिटिंग और प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को कुछ स्थानीय खातेदारों द्वारा बाधित कर दिया गया था। कुछ खातेदारों ने सरकारी जमीन को निजी बताते हुए कर्मचारियों को कार्य से रोक दिया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि जल टंकी सरकारी भूमि पर ही निर्मित है तथा उल्लेखित खातेदारों ने भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। मौके पर ही राजस्व टीम द्वारा सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर अतिक्रमणकारियों को पाबंद किया गया, और कनिष्ठ अभियंता को अगले ही दिन से जल टंकी के कनेक्शन और आपूर्ति कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। यह सुनकर ग्रामीणों के चेहरों पर वर्षों बाद संतोष और खुशी की चमक देखी गई। लंबे समय से जो काम ठप था, वह प्रशासन की तत्परता और शिविर के प्रभाव से एक ही दिन में गति पकड़ गया। कोटपुरा निवासी ग्रामीणो ने कहा कि हम सालों से सिर्फ शिकायत कर रहे थे, पहली बार लगा कि हमारी आवाज सुनी भी जा रही है। अब हमारे गांव में भी पानी आएगा। शिविर के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गई, जिससे आयोजन सामाजिक समावेश और शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय बना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा न केवल योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचा रहा है, बल्कि वास्तविक समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान कर जनता में प्रशासन के प्रति भरोसा मजबूत कर रहा है।



# प्रदेश में
# पं. दीनदयाल उपाध्याय
## अन्त्योदय संबल पखवाड़ा
## 24 जून से 09 जुलाई – 2025

**राजस्थान पत्रिका**

**25—06—2025**

# 'शिविर में आने वाले ग्रामीणों के कार्यों को हाथों हाथ करें'



**शिव @ पत्रिका.** राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल प्रदान पखवाड़े के तहत शिविर आयोजन शुरू किए। ग्राम पंचायत शिव में उपखंड अधिकारी यक्ष चौधरी, तहसीलदार विकास सारण, खंड विकास अधिकारी बनवारीलाल मीणा के साथ शिविर प्रभारी भगवानसिंह राठौड़, ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्रसिंह शेखावत ने शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। उपखंड अधिकारी ने चौधरी शिविर को संबोधित करते हुए कहा राज्य सरकार कि मंशा है कि ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे सभी विभागों के अधिकारी मिले। साथ ही उनके आवश्यक कार्य संपादित हो सकें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर स्थल पर आने वाले ग्रामीणों के कार्यों को हाथों हाथ करें। खंड विकास अधिकारी मीणा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। शिविर प्रभारी राठौड़ ने बताया कि शिविर में नेखमबंदी के दो, सीमा ज्ञान के 13, रास्ता खोलो के दो प्रकरणों का हाथों-हाथ निपटारा किया गया। साथ ही कृषि विभाग ने 160 मिनीकिट वितरण किए। वहीं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से दो स्वामित्व कार्ड ,10 एसबीएम शौचालय आवेदन,18 पेंशन सत्यापन सहित कई कार्य किए गए। उन्होंने ने बताया कि कस्बा निवासी गोदा देवी के लिए शिविर खुशियों की बहार ले कर आया। जिसे खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित किया गया।

# दैनिक भास्कर

# 25—06—2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन

# तीन साल से लंबित बंटवारा प्रकरण का शिविर में निस्तारण, 66 को राहत

भास्कर न्यूज़ | रामसर

आमजन की समस्याओं के समाधान और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा चल रहा है। इसी के तहत मंगलवार को पंचायत समिति रामसर की ग्राम पंचायत कंटल का पार में शिविर लगाया गया।

शिविर में रामसर एसडीएम और शिविर प्रभारी रामलाल मीणा, सहप्रभारी अशोक गोयल, ग्राम विकास अधिकारी श्रवण सिंह, पटवारी कमलेश कुमार, कृषि पर्यवेक्षक राजेश कुमार, ग्राम रोजगार सहायक फजल खान सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्राम विकास अधिकारी श्रवण सिंह ने बताया कि शिविर में कंटल का पार निवासी हाजी जियन, बच्चू खान सहित चार पीढ़ियों के 66 लोगों का बंटवारा करवाया गया। यह मामला पिछले तीन साल से लंबित था। इसके अलावा पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान के लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

शिविर में स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लंबित मामलों का निपटारा और नए पात्र परिवारों व सदस्यों की आधार सीडिंग का कार्य भी किया गया।



रामसर. कंटल का पार में आयोजित शिविर में मौजूद लोग।

## सांवा और बुरहान का तला में सरकारी शिविर, सैकड़ों काम निपटाए

धनाऊ| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सबल प्रदान पखवाड़े के तहत 24 जून 2025 को ग्राम पंचायत सांवा और बुरहान का तला में शिविर लगाए गए। दोनों जगहों पर राजस्व, पंचायत राज, महिला एवं बाल विकास, जन स्वास्थ्य अभियंत्रण, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत सांवा में शिविर प्रभारी तहसीलदार विनोद कुमार ने बताया कि यहां 4 बंटवारे, 132 राजस्व अभिलेख शुद्धि और 3 नेखमबंदी के काम निपटाए गए। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने आमजन की जांच कर दवाएं दी। कृषि विभाग ने बीज के मिनी किट बांटे। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने गरीबी मुक्त योजना के तहत चयनित बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया।

ग्राम पंचायत बुरहान का तला में शिविर प्रभारी विकास अधिकारी सुभाषचंद्र ने बताया कि यहां 10 बंटवारे, 62 राजस्व अभिलेख शुद्धि, 2 नेखमबंदी और 1 प्राथमिक डिक्री का कार्य हुआ। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों की जांच कर दवाएं दीं। कृषि विभाग ने बीज किट बांटे। बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। 25 जून को तहसील धनाऊ की ग्राम पंचायत गोहड़ का तला और तालसर में भी ऐसे ही शिविर लगाए जाएंगे। आमजन से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

राजस्थान पत्रिका

26–06–2025

# दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों से ग्रामीणों को राहत



शिव. उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए ग्रामीण।

**शिव @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल प्रदान पखवाड़े के तहत बुधवार को जोरानाडा, भिंयाड़ एवं कानासर ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक शिविरों का आयोजन हुआ। इन शिविरों में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों से जुड़ी सेवाएं प्रदान की गई। उपखंड अधिकारी यक्ष चौधरी, तहसीलदार विकास सारण व खंड विकास अधिकारी बनवारीलाल मीणा ने शिविरों का औचक निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**बुजुर्ग का घर पर ही हुआ पेंशन सत्यापन:** जोरानाडा ग्राम पंचायत के शिविर प्रभारी उम्मेदाराम कुमावत ने बताया कि शिविर में नामांतरण, पेंशन सत्यापन, सामाजिक सुरक्षा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी अनेक सेवाएं प्रदान की गई। जोरानाडा निवासी 80 वर्षीय खिया की अंगुलियों की रेखाएं स्पष्ट नहीं होने के कारण बायोमेट्रिक पेंशन सत्यापन नहीं हो पा रहा था। सूचना मिलने पर संबंधित कार्मिक को उनके घर भेजा गया और वहीं पर सत्यापन कार्य पूरा कराया गया। शिविर स्थल पर पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें तहसीलदार विकास सारण, सहायक विकास अधिकारी गोविंदसिंह और ग्राम विकास अधिकारी रमेश कुमार मौजूद रहे।

**हरियाळो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण:** भिंयाड़ शिविर प्रभारी भगवानसिंह राठौड़ ने बताया कि शिविर में नामांतरण, सीमा ज्ञान, मनरेगा जॉब कार्ड, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य जनसेवाएं संपादित की गई। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर हरियाळो राजस्थान अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया, जिसमें सरपंच तनेराजसिंह व ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्रसिंह सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

26—06—2025

# शिविर में दिव्यांग महिला को घर बैठे मिली पेंशन सुविधा




भास्कर न्यूज़ | धनाऊ

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा विकलांग वृद्ध महिला के लिए राहत लेकर आया। धनाऊ पंचायत समिति क्षेत्र में पखवाड़ा शिविर चल रहा है। इसी के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत तालसर मुख्यालय पर शिविर लगाया गया।

शिविर में ग्राम विकास अधिकारी मनीष भाटी ने तालसर निवासी दिव्यांग वृद्ध महिला सकीनत अली के घर पहुंचकर पेंशन का भौतिक सत्यापन किया। सत्यापन के बाद महिला को पेंशन का लाभ दिलवाया गया। इस पहल से महिला को घर बैठे पेंशन सुविधा मिली। पखवाड़ा शिविर जरूरतमंदों के लिए मददगार साबित हो रहा है।

दैनिक भास्कर
26—06—2025

# अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा आमजनता के लिए वरदान

भास्कर न्यूज़ | फागलिया

ग्राम पंचायत फागलिया में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का बुधवार को उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने निरीक्षण किया। शिविर में मौजूद सभी 16 विभागों के अधिकारियों से उन्होंने विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली।

शिविर में उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभागवार योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाया गया। उपखंड अधिकारी विश्नोई ने शिविर में आए लोगों की समस्याएं सुनी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

एसडीओ विश्नोई ने मंगला पशु बीमा योजना, रास्ता खोलो अभियान, खाता, तरमीम शुद्धि, कृषि जोतों के बंटवारे, विद्युत और पेयजल कनेक्शन, उन्नत खाद-बीज, मृदा स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच, जल संरक्षण और पौधरोपण का लाभ लेने की अपील की।

दैनिक भास्कर
26—06—2025

# ग्राम पंचायत अभे का पार में शिविर में कार्य निस्तारित

बाड़मेर | पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत अभे का पार में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भूमि में नाम शुद्धिकरण, पेंशन सत्यापन, आयुष्मान कार्ड कार्य हुए। शिविर में तहसीलदार नत्थाराम, अतिरिक्त विकास अधिकारी अशोक गोयल मौजूद रहे।



# प्रदेश में
# पं. दीनदयाल उपाध्याय
## अन्त्योदय संबल पखवाड़ा
### (24 जून से 09 जुलाई – 2025)
## —:: समाचार कतरन – 27 जून, 2025 ::—

**राजस्थान पत्रिका**

**27—06—2025**

# अंत्योदय संबल शिविर में 16 विभागों ने दी सेवाएं

**सेड़वा.** ग्राम पंचायत साता में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुआ। शिविर का अवलोकन उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने किया। उन्होंने शिविर में उपस्थित सभी 16 विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और ग्रामीणों से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

विश्नोई ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के अभाव-अभियोग भी सुने और संबंधित विभागों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने मंगला पशु बीमा योजना, रास्ता खोलो अभियान, खसरा शुद्धिकरण, कृषि जोतों के बंटवारे, विद्युत एवं जल कनेक्शन, उन्नत बीजऔर पौधरोपण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ग्रामीणों को जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

शिविर प्रभारी बद्रीनारायण विश्नोई ने इस अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिविर में सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति फागलिया विजयकुमार, भू-अभिलेख निरीक्षक वसाराम, पटवारी साता भागीरथ गुर्जर, पटवारी जानपालिया दीपाराम, सरपंच तेजदान सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



**शिव.** ग्राम पंचायत हड़वा मुख्यालय पर गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल प्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत विभाग स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और ग्रामीणों की ओर से प्रस्तुत विभिन्न परिवेदनाओं पर शिविर प्रभारी उम्मेदाराम कुमावत ने त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

शिविर में वृद्धजनों के पेंशन सत्यापन का कार्य संपन्न हुआ, वहीं आबादी भूमि पर निर्मित मकानों के स्वामियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रॉपर्टी कार्ड भी वितरित किए गए। खंड विकास अधिकारी बनवारीलाल मीणा और तहसीलदार विकास सारण ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

राजस्थान पत्रिका
27—06—2025

संविधान की उद्देशिका, सोशल मीडिया की भूमिका और शिक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर संवाद

# भीलों की बस्ती में जनसंवाद: शिक्षा, संविधान, समानता पर किया मंथन





भीलों की बस्ती में गुरुवार को जन संवाद कार्यक्रम में मौजूद लोग तथा पोकरासर में दीनदयाल अंत्योदय शिविर में जानकारी देते अधिकारी।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**धोरीमन्ना** . ग्रामीण विकास संस्थान एवं कोरो इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श लुखु ग्राम पंचायत के भीलों की बस्ती में गुरुवार को जन संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को शिक्षा, अधिकार और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना रहा।

प्रो. पांचाराम चौधरी ने संविधान की उद्देशिका, सोशल मीडिया की भूमिका और शिक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है, और इन अधिकारों की जानकारी होना समय की आवश्यकता है। कोरो इंडिया के रीजनल प्रभारी अमृत कुमार ने समानता के अधिकार और ग्रासरूट स्तर पर नागरिक सहभागिता को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता को संगठित होकर अपने हकों के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका की शपथ भी दिलाई गई। संस्थान निदेशक डूंगराराम विश्नोई ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए समाज में उसकी अहमियत बताई।

प्रेरक नरसिंगराम विरट ने क्षेत्र में की गई ग्रासरूट गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण रखा। सामाजिक कार्यकर्ता कमला भील ने महिला हिंसा, आत्महत्या रोकथाम और बाल विवाह जैसे संवेदनशील मुद्दों पर महिलाओं व पुरुषों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में भुवनेश राव, नींबाराम भील, ओमी विश्नोई, सुरेश भील, दीपाराम भील, वनाराम भील, लाभूराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश विडारा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पशु पोषण में खनिज मिश्रण का महत्व बड़ा है

**बाड़मेर.** पंडित दीनदयाल अंत्योदय सबल पखवाड़ा के तहत पोकरासर में कार्यक्रम आयोजित हुआ।पशु चिकित्सा अधिकारी ईशरोल डा.रावता राम भाखर ने इसमें पशुपालकों को विभिन्न नवीन तकनीकियों के बारे में जानकारी दी। कहा कि पशु पोषण में खनिज मिश्रण का महत्व बड़ा महत्व है। दुधारू पशुओं की विकास दर , उत्पादकता वृद्धि में पशु पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने महिला पशुपालक सम्मान, मंगला पशु बीमा विभाग, ऊष्ट संरक्षण योजना, पशु टीकाकरण, गॉट पॉक्स , ई.टी. बी.क्यू. खुरपका मुंहपका इत्यादि बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बारिश में गोचर, ओरण भूमि धामण, कुरी घास की बुवाई करें। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान बाबूलाल सारण, गोविंद कुमार, जोगा राम, ईशरा राम ,मघाराम चौधरी, गणपत सिंह मुड़न मौजूद थे। सरपंच मेंशाराम वाना ने आभार ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर
27–06–2025

# अंत्योदय संबल शिविर में सोलह विभागों की योजनाएं का लाभ , एसडीएम का निरीक्षण

भास्कर न्यूज | सेड़वा

ग्राम पंचायत साता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन गुरुवार को हुआ। उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में मौजूद 16 विभागों के अधिकारियों से विभागीय योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली। विश्नोई ने ग्रामीणों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

शिविर में उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने विभागवार योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाया गया। विश्नोई ने शिविर में मौजूद लोगों की समस्याएं सुनी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

एसडीओ विश्नोई ने मंगला पशु बीमा योजना, रास्ता खोलो अभियान, खसरा तरमीम शुद्धि, कृषि जोतों के बंटवारे, बिजली, पेयजल कनेक्शन, उन्नत खाद-बीज, मृदा स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच, जल संरक्षण और पौधरोपण से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

शिविर प्रभारी बद्रीनारायण विश्नोई ने पौधरोपण किया। शिविर में सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति फागलिया विजयकुमार, भू अभिलेख निरीक्षक वसाराम, पटवारी साता भागीरथ गुर्जर, पटवारी जानपालिया दीपाराम, सरपंच तेजदान ग्रामीण लाभार्थी मौजूद रहे।



सेड़वा. साता में पौधरोपण करते उपखंड अधिकारी।

दैनिक भास्कर
27—06—2025

# पेंशन बंद थी, टीम ने घर पहुंच की शुरू, सहमति से खुले रास्ते

भास्कर न्यूज | बाड़मेर

पंचायत समिति शिव की ग्राम पंचायत जोरानाडा में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत लगे शिविर में जोरानाडा निवासी वृद्धा खींया को बड़ी राहत मिली। खींया पिछले तीन माह से वृद्धजन पेंशन से वंचित थी। कारण था वार्षिक भौतिक सत्यापन न होना। शारीरिक कमजोरी के चलते वह ई-मित्र केंद्र तक नहीं जा पा रही थी। ग्रामीणों ने यह बात प्रशासन को बताई।

इसके बाद उपखंड अधिकारी यक्ष चौधरी के निर्देश पर सत्यापन टीम को खींया के घर भेजा गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की। अब खींया को फिर से नियमित पेंशन मिलेगी। इस पर खींया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद, अब मेरे को वापस पेंशन मिलेगी।

आपसी सहमति से खुले रास्ते, 25 घरों को राहत

इसी तरह पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत पोकरासर में लगे शिविर में विकास और सौहार्द्र की मिसाल देखने को मिली। वर्षों से बंद दो पुराने रास्ते आपसी सहमति से खुलवाए गए। इससे कई ढाणियों के लोगों को राहत मिली। ग्राम पंचायत पोकरासर में हिमथानी मेघवालों की ढाणी जाने वाला रास्ता (खसरा नंबर 934/437) ग्रामीणों की सहमति से खोला गया। वहीं ग्राम चिमनासर में खसरा संख्या 540 में स्थित गैर मुमकिन रास्ता, जो 25 से 30 साल से बंद था, उसकी पैमाइश कर खुलवाया गया। इससे 25 घरों की बस्ती को आने-जाने में सुविधा मिलेगी। रास्ता खुलते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस शिविर ने न केवल पुराने विवाद सुलझाए, बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग को भी मजबूत किया। यह अंत्योदय की भावना को साकार करता है।

दैनिक भास्कर 27—06—2025

# शिविर में पशुपालकों को दी नई तकनीकों की जानकारी

भास्कर न्यूज | बाड़मेर

पंडित दीनदयाल अंत्योदय सबल योजना के तहत पोकरासर में पखवाड़ा कार्यक्रम हुआ। इसमें पशुपालकों को नई तकनीकों की जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रावताराम भाखर ने बताया कि पशु पोषण में मिनरल मिक्सर का बड़ा महत्व है। इससे दूध उत्पादन बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भारत में पशुपालन छोटे-बड़े स्तर पर सबसे ज्यादा फैलाव वाला व्यवसाय है। दूध उत्पादन पशु की नस्ल, प्रबंधन, पोषण और आवास व्यवस्था पर निर्भर करता है।

डॉ. भाखर ने बताया कि दुधारू पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने में पोषण की अहम भूमिका है। उन्होंने पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इनमें महिला पशुपालक सम्मान, मंगला पशु बीमा, ऊष्ट संरक्षण योजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसान बारिश के मौसम में गोचर ओरण भूमि पर धामण और कुरी घास की बुवाई करें। धामण घास पौष्टिक होती है।



बाड़मेर. शिविर में मौजूद पशुपालक।

पशुधन निरीक्षक अजय कुमार ने टीकाकरण और डीवर्मिंग के महत्व पर बात की। उन्होंने खनिज मिश्रण के फायदे भी बताए। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान बाबूलाल सारण, गोविंद कुमार, जोगाराम, ईशराराम, प्रधानाचार्य मघाराम चौधरी, गणपत सिंह, सोनाराम और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सरपंच मेशाराम वाना ने आभार जताया।

दैनिक नवज्योति

27—06—2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# वृद्धजन पेंशन की लाभार्थी खींया को मिली राहत

नवज्योति/बाड़मेर।

पंचायत समिति शिव की ग्राम पंचायत जोरानाडा मुख्यालय पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर जोरानाडा निवासी खींया के लिए खुशियों की बहार ले कर आया। पिछले काफी समय से पेंशन योजना का वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए शारीरिक कमजोरी के कारण स्वयं चलकर ई-मित्र संचालकों के पास नहीं जा पा रही थी। जब ग्रामीणों ने यह जानकारी प्रशासन को दी, तब उपखंड अधिकारी यक्ष चैधरी के निर्देश पर एक सत्यापन टीम को खींया के घर पर भेजकर पेंशन के लिए आवश्यक वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाया गया। इस पर खींया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट करते हुए कहा ह्यमुख्यमंत्री जी और सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद अब मेरे को वापस पेंशन मिलेगीह्य। खींया को सत्यापन के अभाव में 3 माह से पेंशन नहीं मिल रही थी, अब सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने पर नियमित रूप से पेंशन मिलेगी।



दैनिक नवज्योति 27—06—2025

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा- सफलता की कहानी

## ग्राम पंचायत पोकरासर में आपसी सहमति से खुलवाए गए 2 रास्ते

**नवज्योति/बाड़मेर**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोकरासर में आयोजित शिविर में विकास और सौहार्द्र की अनूठी मिसाल देखने को मिली। वर्षों से बंद पड़े पुराने आम रास्ते को आपसी सहमति से खुलवाया गया, जिससे कई ढाणियों की राह फिर से आसान हो गई। शिविर में ग्राम पंचायत पोकरसर में हिमथानी मेघवालों की ढाणी जाने के लिए आपसी सहमति से समर्पण करवाए गए रास्ते को (खसरा नंबर 934/437) खुलवाया गया। वहीं ग्राम चिमनासर खसरा संख्या 540 में गैर मुमकिन रास्ता जो पिछले 25-30 सालों से बंद था। जिसकी पैमाइश कर खुलवाया गया, इससे 25 घरों की बस्ती को आवागमन में सुविधा होगी। रास्ता खुलते ही ग्रामीणों की खुशी देखते ही बनती थी। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी एकजुटता का जश्न मनाया। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिविर ने न केवल वर्षों पुराने विवादों को सुलझाया, बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। यह वास्तव में एकअंत्योदयकी भावना को साकार करता है।

# दैनिक मरू लहर 27—06—2025

पंडित दीनदयाल अंत्योदय सबल योजनांतर्गत पखवाड़ा में पशुपालकों को करवाया विभिन्न नवीन तकनीकियों से रूबरू

# पंडित दीनदयाल अंत्योदय सबल योजनांतर्गत पखवाड़ा में पशुपालकों को करवाया विभिन्न नवीन तकनीकियों से रूबरू



**चौहटन।** पंडित दीनदयाल अंत्योदय सबल योजनांतर्गत पखवाड़ा पोकरासर में पशुपालकों को करवाया विभिन्न नवीन तकनीकियों से रूबरू करवाते हुए डा.रावता राम भाखर पशु चिकित्सा अधिकारी ईशरोल ने मिनरल मिक्सर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पशु पोषण में खनिज मिश्रण का महत्व बड़ा महत्व है! पशुपालन भारत में छोटे बड़े दोनों स्तरों पर सबसे ज्यादा में फैला हुआ व्यवसाय है।

दूध उत्पादन में लाभ मुख्यतः चार कारको जैसे पशु की नरल, पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण, पशु आवास व्यवस्था पर निर्भर करता है। दुधारू पशुओं की विकास दर एवं उत्पादकता वृद्धि में पशु पोषण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डा. भाखर ने पशुपालन विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं महिला पशुपालक सम्मान, मंगला पशु बीमा विभाग, ऊष्ट संरक्षण योजना, पशुओं में विभिन्न टीकाकरण गॉट पॉक्स , ई.टी. बी.क्यू. खुरपका मुंहपका इत्यादि बीमारियों की जानकारी दी! डा.भाखर ने कहा कि किसान भाई बारिश के मौसम में गोचर ओरण भूमि पर चारागाह हेतु धामण, कुरी घास की बुवाई कर सकते हैं! धामण घास एक पौष्टिक घास है जिसे दुध का उत्पादन बढ़ता है और वर्षयपर्यंत हरे चारे की उपलब्धता रहती है पानी की सिंचाई द्वारा इसकी नेपियर घास की तरह कटिंग भी प्राप्त कर सकते हैं! श्री अजय कुमार पशुधन निरीक्षक ने पशुपालकों को टीकाकरण ओर डीवर्मिंग के महत्व पर प्रकाश डाला ओर पशुपालकों को खनिज मिश्रण के फायदे के बारे में भी विस्तार से जानकारी! इस दौरान सभी प्रगतिशील किसान, बाबू लाल सारण, श्री गोविंद कुमार, श्री जोगा राम, ईशरा राम जी, प्रधानाचार्य श्री मघाराम चौधरी, श्री गणपत सिंह मुड़न, श्री सोना राम ओर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे! इस दौरान श्री मेंशाराम वाना सरपंच ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया!

दैनिक मरू लहर
27—06—2025

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा – सफलता की कहानी

# ग्राम पंचायत पोकरासर में आपसी सहमति से खुलवाए गए 2 रास्ते

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोकरासर में आयोजित शिविर में विकास और सौहार्द्र की अनूठी मिसाल देखने को मिली। वर्षों से बंद पड़े पुराने आम रास्ते को आपसी सहमति से खुलवाया गया, जिससे कई ढाणियों की राह फिर से आसान हो गई। शिविर में ग्राम पंचायत पोकरसर में हिमथानी मेघवालों की ढाणी जाने के लिए आपसी सहमति से समर्पण करवाए गए रास्ते को (खसरा नंबर 934/437) खुलवाया गया। वहीं ग्राम चिमनासर खसरा संख्या 540 में गैर मुमकिन रास्ता जो पिछले 25-30 सालों से बंद था। जिसकी पैमाइश कर खुलवाया गया, इससे 25 घरों की बस्ती को आवागमन में सुविधा होगी। रास्ता खुलते ही ग्रामीणों की खुशी देखते ही बनती थी। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी एकजुटता का जश्न मनाया। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिविर ने न केवल वर्षों पुराने विवादों को सुलझाया, बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। यह वास्तव में एक ह्यअंत्योदयह्न की भावना को साकार करता है। जहां अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर समाधान और सम्मान सुनिश्चित किया जा रहा है।

दैनिक मरू लहर
27—06—2025

सफलता की कहानी

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# वृद्धजन पेंशन की लाभार्थी खींया को मिली राहत

### मुख्यमंत्री का जताया आभार

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** पंचायत समिति शिव की ग्राम पंचायत जोरानाडा मुख्यालय पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर जोरानाडा निवासी खींया के लिए खुशियों की बहार ले कर आया। पिछले काफी समय से पेंशन योजना का वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए शारीरिक कमजोरी के कारण स्वयं चलकर ई-मित्र संचालकों के पास नहीं जा पा रही थी। जब ग्रामीणों ने यह जानकारी प्रशासन को दी, तब उपखंड अधिकारी यक्ष चैधरी के निर्देश पर एक सत्यापन टीम को खींया के घर पर भेजकर पेंशन के लिए आवश्यक वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाया गया। इस पर खींया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट करते हुए कहा ह्यमुख्यमंत्री जी और सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद अब मेरे को वापस पेंशन मिलेगीह्न। खींया को सत्यापन के अभाव में 3 माह से पेंशन नहीं मिल रही थी, अब सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने पर नियमित रूप से पेंशन मिलेगी।

दैनिक नवज्योति nagaur - 25 Jun 2025 - Page 7

# कई प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

## दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का शुभारंभ


मेड़ता सिटी


मकराना


संखवास


जिलिया

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मकराना

राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन मंगलवार से शुरू हुआ। पखवाड़े के तहत 9 जुलाई तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। उपखंड अधिकारी मकराना अंशुल सिंह बेनीवाल ने पखवाड़े का शुभारंभ किया और पखवाड़े के तहत किये जाने वाले कार्यों के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आम जन से जुड़ी समस्याओं के समाधान की कार्यवाही प्राथमिकता से करनी चाहिए। जन समस्याओं के समाधान में कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी लापरवाही नहीं बरते अन्यथा कार्रवाही प्रस्तावित है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत पहले दिन बरवाली, जुसरियां और जूसरी में शिविर लगाए गए। जहां राजस्व विभाग ने पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान और नामांतरण के प्रकरणों का निस्तारण किया। वन विभाग ने पौधों का वितरण और हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया। खाद्य विभाग ने एनएफएसए के लंबित प्रकरणों का निस्तारण, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी और नए पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा। शिक्षा विभाग ने विद्यालयों की सफाई, अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण, प्रवेशोत्सव, स्कूलों का क्रमोन्नयन, नए संकाय शुरू करने और स्कूटी वितरण जैसे कार्य किए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और जल संसाधन विभाग ने लंबित जल कनेक्शनों को जारी किया और नहरी क्षेत्रों के विवादों का समाधान किया। शिविर प्रभारी तहसीलदार महेंद्र सिंह मुवाल ने बताया कि बुधवार को बुड़सू, भरनाई और देवरी ग्राम में शिविर आयोजित होंगे।

**मेड़तासिटी**। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने को लेकर मंगलवार से मेड़ता पंचायत समिति क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविर प्रारंभ हो गए। प्रथम दिन एसडीएम पूनम चौधरी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत मुख्यालय सोगावास एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय डांगावास में मेड़ता तहसीलदार रामसिंह गुर्जर, विकास अधिकारी डॉ प्रहलादराम डूडी, डांगावास सरपंच प्रतिनिधि नेमाराम कमेड़िया, सोगावास सरपंच छोटूराम, पूर्व सरपंच रामकिशोर रियाड़ की मौजूदगी में शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान एसडीएम पूनम चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पखवाड़े के अंतर्गत चिह्नित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए । तहसीलदार रामसिंह गुर्जन ने बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालय डांगावास में कुल 175 आवेदन एवं सोगावास 150 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से डांगावास में 160 एवं सोगावास में 135 आवेदनों का निस्तारण किया गया। शेष अन्य विभाग से संबंधित आवेदनों को उनके मूल विभाग में निस्तारण के लिए भेजे गए। शिविर में डिस्कॉम अधिशासी अभियंता रामजीवण मीणा, नहरी परियोजना अधिशासी अभियंता सुरेश माली, खंड मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके तंवर, जलदाय विभाग अधिशासी अभियंता तिप्पीराम मीणा, सहायक अभियंता देवेन्द्रसिंह रासलियावास, सहायक विकास अधिकारी प्रकाशचंद रांकावत, पशुपालन विभाग मेड़ता नोडल अधिकारी डॉ. तुलसीराम चौधरी, डॉ. अल्का, डॉ. लक्ष्य छरंग, टीबी युनिट ब्लॉक हेल्थ सुपर वाइजर इरफान रजा अंसारी आदि मौजूद रहे।

**जिलिया**। कस्बे में एक दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन मंगलवार को अटल सेवा केंद्र पर शिविर प्रभारी तहसीलदार केलाश ईनाणिया व समन्वयक अधिकारी दीनदयाल खींची की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें अलग अलग 13 विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर प्रात 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न प्रकार की समस्याओं के लिए आम नागरिकों ने प्रपत्र पेश किए। राजस्व विभाग से 23 नामांतरण, 8 शुद्धिकरण, 1 रास्ते का प्रकरण, एक बटवारा, चार सीमा ज्ञान करके तुरन्त निस्तारण किया गया। खाद्य सुरक्षा 14, ग्रामीण विभाग शौचालय हेतु 13, पक्के आवास हेतु 8, आवासीय भूमि पट्टे 3 वितरण किए, वहीं किशन सिंह के ट्रांसफार्मर के दोनों क्षतिग्रस्त विद्युत पोल बदले गए। इस मौके पर विकास अधिकारी राहुल कुमार पारीक, अतिरिक्त विकास अधिकारी गोविंदराम भगत, प्रशासक गिरधारीराम बावरी, ग्राम विकास अधिकारी कमल कुमार शर्मा, पीईईओ मुकेश कुमार दाधीच, पशु चिकित्सा प्रभारी डॉ. जीआर मुंड, एईएन जलदाय विभाग हरीश मीणा, विजय सिंह पावतीया, आरआई सहदेव सिंह, पटवारी मंजू, चंद्रप्रताप सिंह, बालकिशोर तिवारी, वरिष्ठ कृषि प्रवेक्षक रामावतार मेघवाल, राखी, जेसी, पंचायत शिक्षक नानूराम, राशन डीलर जागुराम, किशन सिंह सुरेश कड़वा, हनुमान प्रसाद गुर्जर आदि मौजूद थे।


बड़ायली

**बड़ायली**। समीपवर्ती जसवंताबाद ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार को तहसीलदार रामेश्वर घटेला के निर्देशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित हुआ। सहायक विकास अधिकारी धर्मेन्द्र गिल ने बताया कि शिविर में 17 व्यक्तियों को पेंशन योजना से जोड़ा गया। सरपंच संतोष देवी, समाजसेवी रामावतार बाना व ग्राम विकास अधिकारी शशी कुमार तिवाड़ी द्वारा लोगों को लाभ पहुंचाया गया। सहायक विकास अधिकारी गिल ने बताया कि हर जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं का लाभ देना ही शिविर का उद्देश्य रहेगा। सरपंच संतोष देवी, विकास अधिकारी राकेश कुमार महरिया ने अभियान की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि लंबित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान और नामांतरण जैसे मामलों को भी निपटाएगा। विकास अधिकारी राकेश कुमार महरिया ने बताया कि भंवाल, बड़ायली व चंदिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को शिविर आयोजित होंगे ।

**संखवास**। कस्बे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शहीद सुरेन्द्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैंप लगाया गया। जिसमें राजस्व विभाग आपसी सहमति से बंटवारे, सीमा ज्ञान व रास्ता प्रकरण, बीपीएल परिवारों का सर्वे, पंचायत राज विभाग समिति योजना के पट्टे वितरण, जल ग्रहण संरचनाओं की मरम्मत, बिजली के झूलते तारों को ठीक करने सहित कई समस्याओं का समाधान किया गया। इसके अलावा कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा टीम के द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच की गई। अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर मोहम्मद शहिद ने बताया कि शिविर के अंतर्गत अनेक रोगों के 123 मरीजों की स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श और दवाई वितरण की गई, इस दौरान एएनएम भंवरी देवी सहयोग रहा। शिविर में शिविर प्रभारी मुंडवा तहसीलदार बुधाराम जी, रसद विभाग से बजरंग जी ओर सरपंच प्रतिनिधि भीखाराम व अन्य मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर डीडवाना कुचामन भास्कर 25-06-2025

# सरकारी योजनाओं के लिए मौलासर गांव में लगा एक दिवसीय शिविर



मौलासर. शिविर में महिला की समस्या सुनते विकास अधिकारी।

भास्कर न्यूज़ | मौलासर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत मौलासर में एक दिवसीय कैंप लगाया गया। ग्राम विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार कुमावत ने बताया कि कैंप में पंचायती राज, राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा और कृषि विभाग सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न योजनाओं में आवेदन भी लिए गए। कैंप में उपखंड अधिकारी डीडवाना विकास मोहन भाटी कैंप प्रभारी रहे। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

# शिविर में समस्याओं का किया समाधान



चितावा. शिविर में समस्याओं का समाधान करते अधिकारी।

भास्कर न्यूज़ | चितावा

जिलिया में एक दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन शिविर प्रभारी तहसीलदार कैलाश ईनाणीया व समन्वयक अधिकारी दीनदयाल खींची की अध्यक्षता हुआ। जिसमें अलग अलग 13 विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। राजस्व विभाग से 23 नामांतरण, 8 शुद्धिकरण, 1 रास्ते का प्रकरण, एक बटवारा, चार सीमा ज्ञान करके तुरन्त निस्तारण किया गया। खाद्य सुरक्षा 14, ग्रामीण विभाग शौचालय हेतु 13 , पके आवास हेतु 8, आवासीय भूमि पट्टे 3 वितरण किए , वहीं किशन सिंह के ट्रांसफार्मर के दोनों क्षतिग्रस्त विद्युत पोल बदले गए। इस दौरान उप खण्ड अधिकारी सुनील कुमार ने शिविर में पहुंचकर मूलभूत जानकारी ली। इस मौके पर विकास अधिकारी राहुल कुमार पारीक, अतिरिक्त विकास अधिकारी गोविंदराम भगत, प्रशासक गिरधारीराम बावरी, ग्राम विकास अधिकारी कमल कुमार शर्मा व पीईईओ मुकेश कुमार मौजूद रहे।

पत्रिका

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर संपन्न



जिलिया. पट्टा वितरण करते हुए शिविर प्रभारी।

**जिलिया @ पत्रिका**. कस्बे में मंगलवार को अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार कैलाश ईनाणिया व समन्वयक अधिकारी दीनदयाल खींची ने की। सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक चले इस शिविर में 13 विभागों के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। राजस्व विभाग द्वारा 23 नामांतरण, 8 शुद्धिकरण, 1 रास्ता, 1 बंटवारा व 4 सीमा ज्ञान प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया गया। खाद्य सुरक्षा के 14, शौचालय के 13, पक्के आवास के 8 और आवासीय पट्टों के 3 प्रकरणों में लाभ वितरण किया गया। वहीं, नागरिक किशन सिंह के क्षतिग्रस्त विद्युत पोल भी बदले गए। शिविर में उपखंड अधिकारी सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा शुरू, पहले दिन तीन ग्रामों में लगाए गए शिविर



मकराना. शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए।

**मकराना @ पत्रिका**. उपखंड क्षेत्र में मंगलवार से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की शुरुआत की गई। पखवाड़े का शुभारंभ उपखंड अधिकारी अंशुल सिंह ने किया। यह अभियान 24 जून से 9 जुलाई तक चलेगा, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। पहले दिन तहसीलदार महेंद्र सिंह मुवाल की निगरानी में बरवाली, जूसरिया और जूसरी ग्रामों में शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा लंबित नोटिसों की तामील, सीमांकन, नामांतरण, पत्थरगढ़ी सहित आवश्यक राजस्व कार्य संपादित किए गए। पात्र लाभार्थियों को ई-केवाईसी व आधार सीडिंग से जोड़ा गया। शिविर के दौरान स्कूलों में सफाई व्यवस्था, प्रवेशोत्सव, स्कूटी वितरण जैसी गतिविधियां भी संचालित की गईं। ग्रामों में झूल रहे बिजली के तारों को ठीक किया गया। साथ ही हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सामूहिक पौधारोपण भी किया गया। शिविर में तहसीलदार महेंद्र मुवाल सहित विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। पखवाड़े के तहत बुधवार को ग्राम बूड़सू, देवरी और भरनाई में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

पत्रिका

# अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत दो ग्रामों में शिविर आयोजित


जसनगर मे पंडित दीनदयाल उपध्याय अन्त्योंदय संबल शिविर

**जसनगर @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को जसनगर व जसवंताबाद में शिविर लगाए गए। जसनगर आईटी केंद्र में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी सुरेश के.एम. ने बताया कि 24 जून से 9 जुलाई तक चलने वाले इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना है। शिविर में सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, बंटवारा, रास्ते, बिजली पोल सुधार, पशु बीमा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल कनेक्शन, पेंशन सत्यापन, खाद्य सुरक्षा सहित कुल 150 से अधिक प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी राकेश मेहरिया, सहायक विकास अधिकारी जगदीश माली, सरपंच अशोक सांखला सहित कई अधिकारी व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

CLASSIFIED

दैनिक नवज्योति nagaur - 26 Jun 2025 - Page 12

आवागमन में सुविधा मिलेगी।

मुख्य आतिथ्य में होगी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक

अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


भैरूंदा


जसनगर

# योजनाओं से किया ग्रामीणों को लाभान्वित

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

**मेड़तासिटी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय मोररा, धांधलास उदा एवं नेतड़िया में शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम पूनम चौधरी, तहसीलदार रामसिंह गुर्जर, नेतड़िया सरपंच ईमादेवी हुड्डा, सरपंच प्रतिनिधि सुखाराम हुड्डा, धांधलास सरपंच सरजूदेवी छरंग, सरपंच प्रतिनिधि रामरघुनाथ छरंग, नेतड़िया सरपंच रामकिशोर भुंवाल सहित अधिकारियों की मौजूदगी में शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान एसडीएम पूनम चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में अधिक से अधिक पात्र लोगों को फायदा पहुंचाने के प्रयास करे।

**भैरूंदा।** कस्बे के अटल सेवा केंद्र पर मंगलवार से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का शुभारंभ विधायक अजयसिंह किलक ने किया। कार्यक्रम में विधायक किलक के साथ एसडीएम ओमप्रकाश माचरा, तहसीलदार सतीश राव सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनी। इस मौके पर विधायक अजयसिंह किलक ने कहा कि अधिकारी मुख्यालय पर रहकर आमजन की समस्याएं सुने। इसमें कोई कोताही नहीं बरते। कार्यक्रम में सीमाज्ञान, नामांतरण, डीबीटी, बीपीएल सर्वे, स्वामित्व पट्टे, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, वन, एनएएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण सहित अन्य प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर सरपंच जाकिर हुसैन, वीडीओ महेश कुमार दायमा, सुलेमान खां मौलाना, सुल्तान मोहम्मद, जेईएन सतपाल ज्याणी, मंडल अध्यक्ष अमित आसोपा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।


बडायली


मेड़ता सिटी

**जसनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को रियांबड़ी ब्लॉक में शिविरों का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भंवाल में तहसीलदार रामेश्वर गटेला, सहायक विकास अधिकारी उदाराम एवं ग्राम पंचायत चून्दिया में विकास अधिकारी राकेश कुमार महरिया, सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र गिल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद थे।

**बड़ायली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाया गया। बडायली के शिविर मे उपखण्ड अधिकारी सुरेश के एम , विकास अधिकारी राकेश कुमार महरिया, सहायक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद माली, भू-अभिलेख निरीक्षक श्रवण सिंह के निर्देशन में लोगो को लाभ पहुंचाया गया ।

डीडवाना कुचामन भास्कर 26-06-2025

तैयारी • 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन होगा, दिए दिशा-निर्देश

# पंचायत मुख्यालयों पर होगा शिविर, व्यवस्थाओं पर चर्चा

भास्कर न्यूज़ | परबतसर

राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों की अनुपालना में सोमवार को तहसील कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत पर आयोजित होने वाले एक दिवसीय शिविर के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उपखंड अधिकारी रामकुमार टाडा ने बताया कि 24 जून से 09 जुलाई तक प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ''पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के सफल संचालन हेतु राजस्व विभाग के परिपत्र के दिशा निर्देश के अनुसार पालना के निर्देश दिए गए। उपखंड अधिकारी टाडा ने कहा कि गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबधित शिविर प्रभारी अधिकारी पूर्व तैयारिया सुनिश्चित करें। शिविर प्रभारी कैम्प आयोजन की आवश्यक व्यवस्थाए शिविर प्रारम्भ होने से पूर्व सुनिश्चित कर ले। शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक किया जायेगा। इस मौके पर तहसीलदार हरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार रामावतार वर्मा, रूपनारायण यादव सहित पटवारी उपस्थित रहे।



परबतसर. बैठक में दिशा निर्देश देते उपखंड अधिकारी।

## ग्राम पंचायत बरवाली, जूसरिया और जूसरी में अंत्योदय संबल पखवाड़े का शिविर

बूड़सू। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत निकटवर्ती ग्राम पंचायत बरवाली, जूसरिया व जूसरी में शिविर प्रभारी मकराना तहसीलदार महेंद्र सिंह मुवाल की अध्यक्षता में शिविर आयोजित हुआ। मकराना उपखंड अधिकारी अंशुल सिंह चौधरी ने बताया कि तीन ग्राम पंचायत बरवाली, जूसरिया व जूसरी में शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आमजन की आमजन समाधान की कार्यवाही की। इस दौरान राजस्व विभाग लंबित नोटिसों की तामील, पत्थरगढ़ी व सीमाज्ञान प्रकरणों का समाधान, नामांतरण प्रकरणों का त्वरित निस्तारण, वन विभाग से पौधों का वितरण व जर्जर सामग्री का निस्तारण, प्रवेशोत्सव, स्कूलों का क्रमोन्नयन, नए संकाय प्रारंभ करना और स्कूटी वितरण, ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों को व्यवस्थित करना पानी की टंकियों की सफाई, नहरी क्षेत्रों में विवादों का समाधान को प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जा रहा है। सूचना सहायक ओमप्रकाश मुवाल ने बताया कि बुधवार को ग्राम पंचायत बूड़सू, भरनाई व देवरी में शिविर आयोजित किए जाएंगे।



बूड़सू. अंत्योदय संबल पखवाड़े शिविर में मौजूद अधिकारी व ग्रामीण।

दैनिक नवज्योति Nagaur - 27 Jun 2025 - Page 8







# शिविरों में उमड़े ग्रामीण, बताई समस्याएं

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बड़ायली

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा में गुरुवार को ग्राम पंचायत रोहिसा, मेड़ास और बीजाथल में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा सीमा ज्ञान, पत्थर गढी, कुर्रे जात, म्यूटेशन, रास्ते विवाद, आपसी सहमति से बंटवारा, भूमि आवंटन, अप्रयुक्त भवन उपयोग, पेंशन सत्यापन से संबंधित कार्य किए गए। रोहिसा कैम्प में ग्राम विकास अधिकारी राजूमल मीणा व सरपंच कौशल्या देवी, समाजसेवी राजू गौड़, मेडास शिविर में सरपंच पप्पुलाल, ग्राम विकास अधिकारी राम करण व बीजाथल कैम्प में सरपंच संग्राम राम बोरानिया सहित तीनों शिविरों में निर्धारित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिकों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं में ग्रामीण जनो को लाभान्वित किया। शिविर में विकास अधिकारी राकेश कुमार महरिया व सहायक विकास अधिकारी जेपी माली ने जायजा लिया।

**डेगाना**। पंचायत समिति डेगाना की ग्राम पंचायत तिलानेस में गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा - 2025 के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी एसडीएम औम प्रकाश माचरा ने बताया कि शिविर में 26 विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। वहीं शिविर में आमजन द्वारा बताई विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया गया। जिसमें शिविर में स्वामित्व कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पोषण किट, सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों का सत्यापन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड,वितरित किए। विधायक अजयसिंह किलक ने भी आमजन से रूबरू होकर शिवरों की उपयोगिताओं के बारे में बताया। साथ ही अधिकारियों को भी शिविरों का लाभ आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। शिविर में उपखंड अधिकारी ओपी माचरा, विकास अधिकारी भंवरराम कालवी, सरपंच खटकड, रामनिवास खटकड, पटवारी सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार जालसु खुर्द में आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम ओम प्रकाश माचरा को ज्ञापन देकर बताया कि ग्राम तामडोली से लंगौड की ओर जाने वाले रास्ता बरसात के दिनों में पानी भराव होने से बंद हो जाता है।

# रास्ते के लिए भामाशाह ने दी एक बीघा जमीन

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन



लाडनूं. भामाशाह का सम्मान करते एसडीएम

**लाडनूं.** तहसील के ग्राम ढींगसरी में प्रशासन की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 काश्तकारों के लिए रास्ता छुड़वाया गया। यह रास्ता भामाशाह पूर्व सरपंच ओमप्रकाश मंडा एवं पूर्व सैनिक द्वारा अपनी कीमती जमीन में से एक बीघा जमीन प्रदान कर छोड़ा गया। यह मार्ग ग्राम ढींगसरी स्कूल रोड़ आम रास्ता से सिंघारिया नाडी तक होगा और 20 काश्तकारों को रास्ता का लाभ मिल सकेगा। इस रास्ता के लिए सभी राजस्व रिकॉर्ड एवं दस्तावेज सम्बंधी कार्य के लिए पटवारी भंवरलाल मण्डा ने आवश्यक दस्तावेजों की कार्यवाही सम्पादित की। उपखण्ड अधिकारी मिथलेश कुमार व गांव के सभी गणमान्य नागरिकों एवं काश्तकारों ने पूर्व सरपंच की उदारता एवं दानशीलता के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया।

27/06/2025 | Kuchaman | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर
डीडवाना कुचामन भास्कर 27-06-2025

# अधिकारियों ने आमजन के कामकाज निपटाए



बूड़सू. ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

बूड़सू| मकराना उपखंड की ग्राम पंचायत कूकड़ोंद, चांडी, गेलासर व सफेद बड़ी में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरो का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन के कामकाज निपटाए। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा लंबित नोटिसों की तामील, पत्थरगढ़ी व सीमाज्ञान प्रकरणों का समाधान, नामांतरण प्रकरणों का त्वरित निस्तारण, शुद्धिकरण, वन विभाग द्वारा पौधों का वितरण कर हरियालो राजस्थान के तहत पौधरोपण, खाद्य विभाग द्वारा पानी की टंकियों की सफाई आदि कार्य किए गए। शिविर में उपखंड अधिकारी अंशुल सिंह, शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार आनंद कुमार तिवाड़ी, चिकित्साधिकारी डॉ. सौरभ शर्मा, शिक्षाधिकारी रविराज सिंह राठौड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सूचना सहायक ओमप्रकाश मुवाल ने बताया कि पखवाड़े के तहत शुक्रवार को जाखली, भींचावा व काशीनगर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन होगा।

दैनिक भास्कर
नागौर भास्कर 27-06-2025

**अंत्योदय संबल पखवाड़ा** • शिविर में 25 विभागों ने दी योजनाओं की जानकारी, परिवारों को प्रोत्साहित करने को लेकर भी चर्चा

# बंटवारा के 3, नामांतरण के 32 प्रकरण निस्तारित किए

भास्कर न्यूज | मूण्डवा

निकटवर्ती गांव बू-नरावता ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में मूण्डवा तहसीलदार बुधाराम सोउ, पंचायत प्रसार अधिकारी हनुमान चांगल, सरपंच संतु देवी, जनसेवक श्यामलाल सांगवा, आरआई भींयाराम, श्रवण, अशोक मुंडेल, पटवारी रामविलास, पीएचडी से एईएन मानसिंह रेवाड़, सुरेंद्र उपाध्याय, निगम से जेईएन सीताराम सहित 25 विभागों के अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभ भी दिए गए। तहसीलदार बुधाराम ने बताया कि शिविर में ग्राम पंचायत के बंटवारा प्रकरण 3, नामांतरण 32,पेंशन सत्यापन 12, मेडिकल जांच 57, रास्ता प्रकरण 2 मामले आये जिनका निस्तारण कर दिया गया। शिविर का निरीक्षण करने जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर में मौजूद हर विभाग की जानकारी ली। ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण किया और लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। ग्राम विकास अधिकारी देवेंद्र खिड़िया ने बताया कि बू नरावता ग्राम पंचायत के खुड़खुड़ा गांव के सुगनाराम पुत्र मोहनराम ने मेहनत कर अपने परिवार को बीपीएल से एपीएल में शामिल करवाया।



मूण्डवा. बू नरावता में लगे शिविर में उपस्थित कलेक्टर व अन्य।

## शिविर में स्वामित्व कार्ड से लेकर रास्तों तक के आवेदन, अनेक लोग पहुंचे शिविर में

जोधियासी| ग्राम पंचायत जोधियासी में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। शिविर नायब तहसीलदार रामनिवास नराधणिया की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें स्वामित्व कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार, खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े आवेदन लिए गए। राजस्व विभाग से जुड़े दो बंटवारे, छह नामांतरण और दो रास्ते खुलवाने के आवेदन भी आए। डिस्कॉम और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जुड़े परिवादों का मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी बजरंग कुमावत, भू अभिलेख निरीक्षक किशनदान चारण, पटवारी कुंभाराम, मुकेश, डॉक्टर रामूराम, एएनएम रितु, कंवरी जाट और कृषि पर्यवेक्षक रामविलास सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जोधियासी. शिविर में काम करवाते लोग।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर
मेड़ता भास्कर 27-06-2025

# आयोजित शिविर का एसडीएम ने निरीक्षण कर दिए निर्देश



जारोड़ा. शिविर के निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश देती एसडीएम।

भास्कर न्यूज़ | जारोड़ा

राजस्थान सरकार समाज के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत गुरुवार शिविर आयोजित किया गया।मेड़ता एसडीएम पुनम चोयल ने जारोड़ा,खेड़ुली व दताणी शिविर का निरीक्षण करते हुए सभी विभागों की प्रगति रिपोर्ट लेने के साथ ही कर्मचारियों को अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।वही एक रास्ता प्रकरण का निस्तारण करने निर्देश दिया।एसडीएम ने एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने के लिए भी प्रेरित किया। बिजली विभाग के एक्सईएन रामजीवन जाखड़ ने पीएम श्री स्कूल के सामने लगा ट्रांसफार्मर ओवर लोड चलते ग्रामीणों की मांग पर तत्काल बदलने के निर्देश दिए।जारोड़ा शिविर प्रभारी भगवान राम ने बताया कि शिविर में एक बंटवारे व दस नामान्तरण के प्रकरणों का निस्तारण किया।इस दौरान नायब तहसीलदार ललित कुमार,भु अभिलेख निरीक्षक भगवान राम,विधुत विभाग एक्सईन रामजीवन जाखड़, कनिष्ठ अभियंता दिलीप फड़ौदा,विडिओ रमेश पुरी,पीएचईडी ईएन हिमांशु खण्डेलवाल,छोटु राम, चिकित्सा विभाग से डा.विजयकुमार, शिक्षा विभाग से मो.अखतर नदीम,हरिओम शर्मा, जस्साराम, पशुपा लन विभाग से डॉ.राजेन्द्र कुमार,किरण आर्य, पटवारी रविन्द्र बेनीवाल, सौरभ चौधरी,सागर मीणा,एएनएम कंचन शर्मा, सुशीला विश्नोई, शारदा चौधरी,सीएचओ मिंटु गुर्जर,रामनारायण सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

## पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर

# बू नरावता के शिविर में कलक्टर ने सुनी जनसमस्याएं







खजवाना. क्षेत्र के बू नरावता में जनसमस्याएं सुनते कलक्टर व तहसीलदार तथा हरियाळो राजस्थान अभियान के तहत बू नरावता व कड़लू अस्पताल परिसर में पौधरोपण करते हुए।

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

### 3 बंटवारा, 32 नामान्तरण, 12 पेंशन सत्यापन व दो रास्ता प्रकरण हुए प्राप्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

खजवाना. मूंडवा तहसील के बू नरावता गांव में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को शिविर का आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी मूण्डवा तहसीलदार बुधाराम सोऊ ने बताया कि शिविर का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिला कलक्टर अरूण कुमार पुरोहित ने सभी विभागों के अधिकारियों से फीडबैक लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। पुरोहित ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढाते हुए हरियाळो राजस्थान अभियान के मद्देनजर अधिकाधिक पौधरोपण कर पर्यावरण का संरक्षण करने का आह्वान किया। उन्होने ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

शिविर के दौरान सरपंच संतु देवी, जीएसएस अध्यक्ष श्यामलाल सांगवा, पंचायत प्रसार अधिकारी हनुमानराम, जलदाय विभाग के सहायक अभियन्ता मानसिंह रैवाड़, भू निरीक्षक भींयाराम, ग्राम विकास अधिकारी देवन्द्र, निगम कनिष्ठ अभियन्ता सीताराम केरापा, जेजेएम सुरेन्द्र उपाध्याय सहित राजस्व, सामाजिक न्याय, पंचायत, कृषि, बिजली, चिकित्सा, जलदाय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक ने लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया।

### 49 प्रकरण प्राप्त

शिविर के दौरान 3 बंटवारे, 32 नामांतरण,12 पेंशन सत्यापन एवं 2 रास्ता संबंधित प्रकरण संज्ञान में आए । सम्बधित विभाग प्रभारी को समाधान के निर्देश दिए। 57 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया ।



रियांश्यामदास. जारोड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण करतीं मेड़ता एसडीएम।

## मेडता उपखंड अधिकारी ने किया निरीक्षण

**रियांश्यामदास @ पत्रिका.** सरकार के पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को जारोड़ा में शिविर लगाया गया। मेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चौधरी ने शिविर का निरीक्षण कर सभी विभागों के कर्मचारियों को अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। एक रास्ता प्रकरण का निस्तारण करने निर्देश दिया। उपखंड अधिकारी ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षणके लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। प्रभारी भू अभिलेख निरीक्षक भगवान राम ने बताया कि शिविर में एक बंटवारे व दस नामान्तरण के प्रकरणों का निस्तारण किया। इस दौरान तहसीलदार रामसिंह गुर्जर, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रामजीवन जाखड़, कनिष्ठ अभियंता दिलीप फरडोदा, पीएचडी सहायक अभियंता हिमांशु खंडेलवाल, नायब तहसीलदार ललित कुमार सहित कई विभागों के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर निस्तारण किया।

## कड़लू में अंत्योदय संबल शिविर आयोजित

**मूण्डवा @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कड़लू में गुरुवार को विशेष शिविर लगाया गया। जिला कलक्टर अरूण पुरोहित ने शाम को निरीक्षण किया। न उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को आम जनता को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार बस्तीराम नरादणियां, प्रशासक लालाराम, सहायक विकास अधिकारी मोहनराम सियाग, वीडियो रामनिवास मारूका, कनिष्ठ सहायक जेसाराम सहित कई विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान किया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्य सुरक्षा योजना, उज्ज्वला योजना, पालनहार योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र लोगों से मौके पर आवेदन लिए गए। आपसी सहमति से तीन खातेदारी बंटवारे किए गए। तेरह पेंशन प्रकरणों का सत्यापन किया गया। दो आवासीय पट्टे भी जारी किए गए।



जायल. राजोद में पोषण किट वितरण करते हुए।

## टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित

**जायल @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत राजोद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडे के दौरान गुरुवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 'निक्षय मित्र बनाएं-टीबी हराएं' अभियान को लेकर चिकित्सा विभाग ने क्षय रोगियों को सामुदायिक सहायता उपलब्ध करवाई। ब्लॉक हैल्थ सुपरवाईजर मुकेश बेडा ने बताया कि मैं एएनएम एवं आशा डिजिटल हेल्थ मोबाइल ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिका में सर्वे करेगी। राजोद पंचायत में डॉ रतनाराम मेघवाल, नर्सिंग ऑफिसर हंसराज नेतड़ ने निक्षय मित्र बन कर पोषण किट का वितरण किया।



Scanned with OKEN Scanner

पत्रिका



रियांश्यामदास. जारोड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण करतीं मेड़ता एसडीएम।

# मेडता उपखंड अधिकारी ने किया निरीक्षण

**रियांश्यामदास @ पत्रिका.** सरकार के पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को जारोड़ा में शिविर लगाया गया। मेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चौधरी ने शिविर का निरीक्षण कर सभी विभागों के कर्मचारियों को अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। एक रास्ता प्रकरण का निस्तारण करने निर्देश दिया। उपखंड अधिकारी ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षणके लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। प्रभारी भू अभिलेख निरीक्षक भगवान राम ने बताया कि शिविर में एक बंटवारे व दस नामान्तरण के प्रकरणों का निस्तारण किया। इस दौरान तहसीलदार रामसिंह गुर्जर, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रामजीवन जाखड़, कनिष्ठ अभियंता दिलीप फरडोदा, पीएचडी सहायक अभियंता हिमांशु खंडेलवाल, नायब तहसीलदार ललित कुमार सहित कई विभागों के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर निस्तारण किया।

27/06/2025 | Nagaur | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर

जालोर/सांचौर भास्कर 27-06-2025

**शिविर** • गांव के आईटी केंद्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, कई प्रकरण तुरंत निस्तारित

# थांवला में नामांतरण के 7 व सीमाज्ञान के 3 प्रकरण

भास्कर न्यूज | हरजी

निकटवर्ती थांवला गांव के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी ने बताया कि राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान के 3, आपसी सहमति से 1 बंटवारा, नामांतरण 7 के प्रकरण दर्ज किए। दो का हाथों हाथ निस्तारण किया।

शिविर का निरीक्षण उपखंड अधिकारी सांवरमल रेगर, तहसीलदार मोहित आशिया, विकास अधिकारी बाबूसिंह राजपुरोहित ने किया। विधायक ने सभी विभागों के कार्मिकों से दर्ज प्रकरणों की जानकारी ली व समय पर निस्तारण की बात कही साथ ही अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने पर जोर दिया। शिविर में पंचायतीराज विभाग की ओर से 5 स्वामित्व कार्ड जारी किए गए। विद्युत निगम के कनिष्ठ अभियंता दीपक सोलंकी ने विद्युत समस्या से संबधित सभी प्रकरणों का निस्तारण किया। चिकित्सा विभाग ने 20 आयुष्मान कार्ड वितरण किए,183 मरीज की स्वास्थ्य जांच, रसद विभाग ने 10 केवाईसी, 17 आधार सिंडिंग, 4 घरेलू गैस मैपिंग की। कृषि विभाग ने 6 मिट्टी के नमूने तथा 7 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए।



हरजी. शिविर में सम्पत्ति स्वामित्व कार्ड वितरित करते विधायक व अन्य।

## सुराणा: 10 म्यूटेशन, 3 रास्ता बहाली व 20 शुद्धीकरण

सुराणा | कस्बे के पंचायत भवन में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर विकास अधिकारी गौरव विश्नोई व शिविर प्रभारी भू निरीक्षक दिनेश कुमार माली की अध्यक्षता में किया।

शिविर में सुराणा ग्राम पंचायत के राजस्व गांव खेड़ा गंगावा के 3 बीपीएल परिवारों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना में चयनित किया। 16 व्यक्तियों को स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी पार्सल दिया। 21 लाभार्थियों का पेंशन सत्यापन किया। शिविर प्रभारी भू निरीक्षक दिनेश कुमार माली ने बताया कि शिविर में 10 म्यूटेशन व 3 रास्ता बहाली व 20 नाम शुद्धीकरण और 4 सीमाज्ञान के प्रकरणों का निस्तारण किया। चिकित्सा विभाग ने 58 बीपी जांच व 2 टीबी निक्षय किट बांटा।



## नामांतरण के 13 व पत्थरगढ़ी बंटवारे के 1-1 केस निस्तारित

रानीवाड़ा | अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कागमाला ग्राम पंचायत में गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी हेमलता विश्नोई ने सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में तहसीलदार हनवंत सिंह ने राजस्व संबंधी समस्याओं को सुनकर निराकरण किया। कृषि विभाग ने शिविर में निशुल्क बिज वितरण किया। राजस्व संबंधित सीमाज्ञान के 3 प्रकरण सीमा ज्ञान, नामांतरण के 13 व पत्थरगढ़ी के 1 प्रकरण व आपसी सहमति बंटवारे का 1 प्रकरण निस्तारित किया।

## कैंप में 18 प्रकरणों का निस्तारण, 2 मरीजों को टीबी किट का वितरण

रामा | राजीव गांधी सेवा केंद्र रामा में गुरुवार को संबल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम सांवरमल रेगर ने की। वीडीओ शिवलाल ने लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी।

पंचायत, राजस्व, चिकित्सा, शिक्षा, जल संसाधन, खाद्य सुरक्षा, पशु चिकित्सा और सामाजिक न्याय विभागों की योजनाएं बताई गईं। सहायक विकास अधिकारी कुंदन सिंह ने सभी विभागों की प्रगति से अवगत कराया। राजस्वके 5 नामांतरण दर्ज हुए। पंचायती राज विभाग में 13 पेंशन प्रकरण निस्तारित किए।

## भरुडी में 41 प्रकरणों का निस्तारण किया

मुडतरासिली | जसवंतपुरा उपखंड प्रशासन ने गुरुवार को ग्राम पंचायत भरुडी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया। शिविर का आयोजन राजीव गांधी सेवा केंद्र भरुडी में कार्यवाहक एसडीएम नीरज कुमारी की अध्यक्षता में हुआ।

राजस्व विभाग के पटवारी सुरेश कुमार ने बताया कि शिविर में 4 सीमा ज्ञान, 32 लंबित नामांतरण और 5 रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण किया। पखवाड़े के तहत आगामी शिविर 28 जून को जोडवाड़ा, 30 जून को मुडतरासिली, 2 जुलाई को



तवाव, 8 जुलाई को सोमता और 9 जुलाई को धूर में आयोजित होंगे। इस मौके पर शिविर में भीनमाल विकास अधिकारी मागाराम देवासी, रामसीन नायब तहसीलदार रूपाराम सोलंकीआदिरहे।

पत्रिका

# समस्याओं का किया समाधान, 25 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जालोर. पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान गुरुवार को 25 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

पखवाड़े के दौरान गुरुवार को जालोर पंचायत समिति की भागली सिंधलान व चूरा, आहोर पंचायत समिति की गुड़ा बालोतान, थांवला, चवरछा, रामा व वलदरा, बागोड़ा पंचायत समिति की नांदिया व चैनपुरा, सायला पंचायत समिति की तिलोड़ा, सुराणा व दादाल, भीनमाल पंचायत समिति की दासपां व कावतरा, जसवंतपुरा पंचायत समिति की चांदूर व भरूडी, रानीवाड़ा पंचायत समिति की कागमाला, चितरोड़ी व आलड़ी, चितलवाना पंचायत समिति की टांपी, दूठवा व सेसावा तथा सांचौर पंचायत समिति की सरनाऊ, भादरूणा व बिजरोल ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया।




जालोर. खातेदारों को विभाजन की प्रति सौंपते विधायक। पत्रिका

शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए।

वहीं रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग की ओर से बीज वितरण, बिजली विभाग की ओर से झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग की ओर से हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। आहोर पंचायत समिति की गुडा बालोतान ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में आपसी समझाइश से खातेदारों के मध्य कृषि भूमि का सहमति से विभाजन किया गया। गुडा बालोतान ग्राम के खसरा नं. 207, 269, 270, 271, 272 व 273 कुल रकवा 04.22 स्थित हैं।

शिविर में सभी सहखातेदारों के साथ सहमति विभाजन के लिए समझाइश की गई तथा मौके पर 22 वर्षों से काबिज काश्त अनुसार सभी खातेदारों के मध्य सहमति विभाजन से खातेदार कृपाराम, प्रतापाराम व थानाराम को लाभांवित किया गया।

शिविर में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने विभाजन की प्रतिलिपि खातेदारों को प्रदान की। खातेदारों ने राज्य सरकार की ओर से चलाए गए पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

पत्रिका

# सहमति विभाजन से लाभान्वित हुए कृषि भूमि के सभी खातेदार



आहोर. गुड़ा बालोतान में आयोजित शिविर में किसानों को सहमति विभाजन की प्रति सौंपते विधायक। पत्रिका

## क्षेत्र के गुड़ा बालोतान ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन

**आहोर @ पत्रिका .** क्षेत्र के गुड़ा बालोतान ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्रदेश सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के तहत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, उपखंड अधिकारी सांवरमल रैगर, तहसीलदार डॉ.मोहित आशिया, भू-अभिलेख निरीक्षक नरेंद्रसिंह बालोत, पटवारी तारा व मीनाक्षी ने प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। शिविर में करीब 22 वर्षों से काबिज सभी खातेदारों के मध्य सहमति विभाजन से काश्तकार कूपाराम, प्रतापाराम व थानाराम को लाभान्वित किया गया।

विभाजन की प्रति विधायक राजपुरोहित द्वारा किसानों को सौंपी गई। अधिकारियों द्वारा सहमति विभाजन की उपयोगिता में प्रत्यक्ष केसीसी के लिए आवेदन, सीमाज्ञान के लिए सह खातेदारों की सहमति आवश्यक नहीं, कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का आसानी से लाभ प्राप्त करने व पीढ़ी दर वारिसान के विभाजन में सरलता के बारे में बताया गया।

पत्रिका

# शिविर में 16 विभागों की 63 योजनाओं का क्रियान्वयन

जालोर @ पत्रिका . कागमाला ग्राम पंचायत में अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत को गुरुवार का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी हेमलता विश्नोई ने सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में तहसीलदार हनवंत सिंह ने राजस्व संबंधी समस्याओं को सुनकर निराकरण किया। कृषि विभाग की ओर से शिविर में निःशुल्क बिज वितरण किया गया। शिविर में सीमाज्ञान के 3 प्रकरण, नामांतरण के 13 व पत्थरगडी के एक प्रकरण व आपसी सहमति बंटवारा का एक प्रकरण निस्तारित हुआ। स्वच्छ भारत मिशन शौचालय के 3 स्वीकृति व स्वामित्व कार्ड के 18 कार्ड वितरण किए गए। वन विभाग की ओर से 435 पौधे वितरित किए गए। सामाजिक न्याय विभाग की ओर से 13 लोगों का पेंशन सत्यापन किया गया। शिविर में प्रशासक महेंद्र सिंह देवल ने सभी विभागों का आभार व्यक्त किया।

27/06/2025 | Jalore | Page : 13
Source : https://epaper.patrika.com/

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 25 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को किया गया लाभान्वित

**भोपू की आवाज**

जालोर (आई.एम.परिहार) -राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान शुक्रवार को 25 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभान्वित पखवाड़े के दौरान शुक्रवार को जालोर पंचायत समिति की भागली सिंधलान व भूत, आहोर पंचायत समिति की गुड़ा बालोतान, धांणसा, चवरछा, रामा व काबदरा, बागोड़ा पंचायत समिति की ओडिया व चैनपुरा, सायला पंचायत समिति की बिशनगढ़, सुराणा व दादाल, भीनमाल पंचायत समिति की दासपा व कावतरा, जसवंतपुरा पंचायत समिति की चांदूर व भटाणा, रानीवाड़ा पंचायत समिति की कागमाला, सिरोड़ी व आलवाड़ा, चितलवाना पंचायत समिति की हाड़ेचा, दूठवा व सेसावा तथा सांचौर पंचायत समिति की सरनाऊ, आदरणा व बिजरोल ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविरों के दौरान लंबित पत्रावलियों और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। रास्ते संबंधी व अन्य संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को ठीक करने व विद्युत पोल संबंधी समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।



### आपसी समझाईश से खातेदारों के मध्य कृषि भूमि का सहमति से विभाजन

**आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने खातेदारों को सौंपी विभाजन की प्रतिलिपि**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आहोर पंचायत समिति की गुड़ा बालोतान ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में आपसी समझाईश से खातेदारों के मध्य कृषि भूमि का सहमति से विभाजन किया गया।

गुड़ा बालोतान ग्राम के खसरा नं. 267, 269, 270, 271, 272 व 273 कुल रकबा 04.22 स्थित है। शिविर में सभी सहखातेदारों के साथ सहमति विभाजन के लिए समझाईश की गई तथा मौके पर 22 वर्षों से काबिज काश्त अनुसार सभी खातेदारों के मध्य सहमति विभाजन से खातेदार कूपाराम, प्रतापाराम व धन्नाराम को लाभान्वित किया गया। शिविर में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने विभाजन की प्रतिलिपि खातेदारों को प्रदान की। खातेदारों ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

सहमति विभाजन के परिणामस्वरूप प्रत्येक हिस्सेदार के आवेदन किया जा सकेगा तथा सीमाज्ञान के लिए सहखातेदारों की सहमति की आवश्यकता नहीं रहेगी। कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा तथा पीढ़ी दर पीढ़ियों के विभाजन में सरलता आएगी।



### स्वामित्व योजना के तहत गुजा देवी को मिला अपने घर का वैधानिक हक

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान बागोड़ा पंचायत समिति की चैनपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वेक्षण के उपरांत नया चैनपुरा ग्राम निवासी श्रीमती गुजादेवी पत्नी कानाराम को आबादी भूमि में स्थित उनके घर का पट्टा ग्राम पंचायत चैनपुरा द्वारा जारी कर सुपुर्द किया गया जिससे उन्हें अपने घर का वैधानिक हक मिल गया।

पट्टा पाने की खुशी में गुजा देवी ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि सरकार द्वारा इस मकान का पट्टा देने इस घर का हक मिला है तथा अब वह बैंक से ऋण लेकर कच्चे मकान के स्थान पर पक्का बनवा सकेगी।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के अधीन आबादी भूमि का ड्रोन सर्वेक्षण करवाकर वहाँ बसे परिवारों को उनकी प्रोपर्टी के कार्ड/पट्टा वितरण कर वैधानिक हक दिया जा रहा है। यह योजना आबादी भूमि में रहने वाले लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

### टी.बी.मुक्त भारत योजना के तहत आसमसिंह को प्रदान किया गए निःशुल्क दवाईयां व निक्षय पोषण किट

पखवाड़े के दौरान चैनपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में नया चैनपुरा ग्राम निवासी आसमसिंह पुत्र ...सिंह को टी.बी.मुक्त भारत योजना के तहत निःशुल्क दवाईयां व निक्षय पोषण किट प्रदान किए गए।

आसमसिंह ने सरकार द्वारा निःशुल्क दवाईयां, निक्षय पोषण किट व प्रति माह 500 रूपये प्रदान किए जाने का सरकार का आभार जताया।

गौरतलब है कि भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की महत्वाकांक्षी टी.बी.मुक्त भारत योजना में ग्रामीण क्षेत्रों ... सरकार की एक पहल है। जिसका उद्देश्य देश से तपेदिक (टी.बी.) को खत्म करना व इसका लक्ष्य टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायता प्रदान करना है जिसमें निःशुल्क दवाईयां, निक्षय पोषण किट व 500 रूपये प्रति माह डीबीटी के माध्यम से देना है। इस योजना से टीबी मरीजों को निःशुल्क उपचार मिलने के साथ ही आर्थिक संबल मिल रहा है।

### आज इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 27 जून, शुक्रवार को जालोर पंचायत समिति की सिवाणा व भूत, आहोर पंचायत समिति की सेकड़ाडू, गोदन, उण... सुगालिया जोधा, बागोड़ा पंचायत समिति की बागोड़ा व बिजलिया, सायला पंचायत समिति की आलमपुरा, ... तालाब, भीनमाल पंचायत समिति की थोरटा व भागलभीम, जसवंतपुरा पंचायत समिति की पावली व ..., रानीवाड़ा पंचायत समिति की दहीपुर, जाखड़ी व ..., चितलवाना पंचायत समिति की ... व ..., सांचौर पंचायत समिति की सुराणा, धीरा व जैलादरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 25 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को किया गया लाभान्वित

### ...न ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभान्वित





### आपसी समझाइश से खातेदारों के मध्य कृषि भूमि का सहमति से विभाजन

... 207, 269, 270, 271, 272 व 273 कुल रकबा 04.22 ...

### शुक्रवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत कावतरा में हुआ शिविर का आयोजन

शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को किया गया लाभान्वित

# स्वामित्व योजना में आवासीय पट्टे प्राप्त कर लाभार्थी हुए खुश





## सरकार की बहुत अच्छी योजना है - लाभार्थी

भीनमाल। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान गुरुवार को ग्राम पंचायत कावतरा में शिविर का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार मीठालाल जोशी ने बताया कि शिविर के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफ़एसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविर में स्वामित्व योजना में आवासीय पट्टे प्राप्त कर लाभार्थी खुश हुए । लाभार्थी अम्बाराम ने बताया कि यह सरकार की बहुत अच्छी योजना है, जिसमें हमें घर बैठें आवासीय भूमि का पट्टा मिल रहा है । इसके अतिरिक्त इस शिविर में अन्य कार्य भी संपादीत किये गये हैं। जैसे हाथो - हाथ भूमि बटवारा, नामांतरण कार्यवाही, रास्ते खुलवाने आदि कुल 16 विभागों ने उपस्थित रहकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया । इस दौरान शिविर प्रभारी तहसीलदार मीठालाल जोशी भीनमाल, सुरेश कुमार (भू.अ.नि.जेरण), सुरेंद्र कुमार पटवारी, सज्जन चौधरी ग्राम विकास अधिकारी, सरपंच गजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश मांजू सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत कावतरा में हुआ शिविर का आयोजन




## शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को किया गया लाभान्वित

भीनमाल। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान गुरुवार को ग्राम पंचायत कावतरा में शिविर का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार मीठालाल जोशी ने बताया कि शिविर के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफ़एसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविर में स्वामित्व योजना में आवासीय पट्टे प्राप्त कर लाभार्थी खुश हुए। लाभार्थी अम्बाराम ने बताया कि यह सरकार की बहुत अच्छी योजना है, जिसमें हमें घर बैठें आवासीय भूमि का पट्टा मिल रहा है। इसके अतिरिक्त इस शिविर में अन्य कार्य भी संपादीत किये गये हैं। जैसे हाथो - हाथ भूमि बटवारा, नामांतरण कार्यवाही, रास्ते खुलवाने आदि कुल 16 विभागों ने उपस्थित रहकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया। इस दौरान शिविर प्रभारी तहसीलदार मीठालाल जोशी भीनमाल, सुरेश कुमार (भू.अ.नि.जेरण), सुरेंद्र कुमार पटवारी, सज्जन चौधरी ग्राम विकास अधिकारी, सरपंच गजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश मांजू सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पच्चीस ग्राम पंचायतों में शिविर, योजनाओं की दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान गुरूवार को 25 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया। पखवाड़े के दौरान गुरूवार को जालोर पंचायत समिति की भागली सिंधलान व चूरा, आहोर पंचायत समिति की गुड़ा बालोतान, थांवला, चवरछा, रामा व वलदरा, बागोड़ा पंचायत समिति की नांदिया व चैनपुरा, सायला पंचायत समिति की तिलोड़ा, सुराणा व दादाल, भीनमाल पंचायत समिति की दासपां व कावतरा, जसवंतपुरा पंचायत समिति की चांदूर व भरूडी, रानीवाड़ा पंचायत समिति की कागमाला, चितरोड़ी व आलड़ी, चितलवाना पंचायत समिति की टांपी, दूठवा व सेसावा तथा सांचौर पंचायत समिति की सरनाऊ, भादरूणा व बिजरोल ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अति मण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण किया गया।



## सुजा देवी को मिला अपने घर का वैधानिक हक

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान बागोड़ा पंचायत समिति की चैनपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वेक्षण के उपरांत नया चैनपुरा ग्राम निवासी श्रीमती सुजादेवी पत्नी बगदाराम को आबादी भूमि में स्थित उनके घर का पट्टा ग्राम पंचायत चैनपुरा द्वारा जारी कर सुपुर्द किया गया जिससे उन्हें अपने घर का वैधानिक हक मिल गया।

## मध्य कृषि भूमि का सहमति से विभाजन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आहोर पंचायत समिति की गुडा बालोतान ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में आपसी समझाईश से खातेदारों के मध्य कृषि भूमि का सहमति से विभाजन किया गया। गुडा बालोतान ग्राम के खसरा नं. 207, 269, 270, 271, 272 व 273 कुल रकबा 04.22 स्थित है। शिविर में सभी सहखातेदारों के साथ सहमति विभाजन के लिए समझाईश की गई तथा मौके पर 22 वर्षो से काबिज काश्त अनुसार सभी खातेदारों के मध्य सहमति विभाजन से खातेदार कूपाराम, प्रतापाराम व थानाराम को लाभांवित किया गया। शिविर में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने विभाजन की प्रतिलिप खातेदारों को प्रदान की।

## आज इन ग्राम पंचायतों में होंगे शिविर

पखवाड़े के अंतर्गत 27 जून को जालोर पंचायत समिति की सियाणा व चूरा, आहोर पंचायत समिति की भैंसवाड़ा, गोदन, उण व सुगालिया जोधा, बागोड़ा पंचायत समिति की बागोड़ा व बिजलिया, सायला पंचायत समिति की जालमपुरा, डाबली व खेतलावास, भीनमाल पंचायत समिति की बोरटा व भागलभीम, जसवंतपुरा पंचायत समिति की पावली व मोदरा, रानीवाड़ा पंचायत समिति की दईपुर, जालेरा खुर्द व तावीदर, चितलवाना पंचायत समिति की खेजडियाली व खासरवी तथा सांचौर पंचायत समिति की सुरावा, चौरा व जैलातरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## शिविर का आयोजन, प्रकरण निस्तारित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुडतरासिली।** शविर के तहत भरुडी में एसडीएम नीरज कुमारी के अध्यक्षता में आयोजन हुआ। जिसमें राजस्व विभाग से पटवारी सुरेश कुमार ने बताया कि शिविर में 4 सीमा ज्ञान, 32 लंबित नामांतरण निस्तारण, 5 रास्तो के प्रकरणों के निस्तारण किया गया। भीनमाल विकास अधिकारी मागाराम देवासी, रामसीन नायब तहसीलदार रूपाराम सोलंकी, हकीम खां, भरुडी सरपंच नानजीराम देवासी, ग्राम विकास अधिकारी श्रवण कुमार टांक आदि मौजूद थे।



पत्रिका

# शिविरों में टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित



**छतरगढ़ @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में 18 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित करवाए गए। जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने सियासर पंचकोसा में आयोजित शिविर के दौरान लाभार्थियों को ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश मीणा की मौजूदगी में निक्षय किट वितरित किए.इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र तनेजा भी साथ रहे। साथ ही रोगों को लेकर स्क्रीनिंग, आयुष्मान ई-केवाईसी कार्ड वितरण, निशुल्क दवा वितरण, एएनसी जांच, टीकाकरण आदि सेवाएं भी प्रदान की गई। सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण किया गया। डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ लोकेश गुप्ता ने पूगल व खाजूवाला ब्लॉक में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया।

**श्रीडूंगरगढ़.** ग्राम पंचायत धीरदेसर चोटियां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित शिविर में टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। बीसीएमओ डॉ. राजीव सोनी, तहसीलदार कुलदीप मीणा, प्रभारी अधिकारी डॉ. अमित सोनी व भोजराज ने लाभार्थियों को निक्षय किट वितरित किए। बीसीएमओ डॉ.सोनी अन्य अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण किया और निर्देश दिए। शिविर में असंक्रामक रोगों को लेकर स्क्रीनिंग, आयुष्मान ई केवाईसी कार्ड वितरण, एएनसी जांच टीकाकरण एवं टीबी जांच स्क्रीनिंग सेवा प्रदान की गई।

इरकॉन
इरकॉन इंटरनेश
वेबसाइट : www.ircon.org, CIN

पत्रिका

# शिविर में अधिकारी को बताई समस्या



**खाजूवाला @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत 34 केवाईडी में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार ने की। शिविर में लोगों के लंबित कार्यो व परिवादों निस्तारण मौके पर किया गया। शिविर में सरपंच मांगीलाल मेघवाल ने उपखण्ड अधिकारी को ग्राम पंचायत क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। इस पर उपखण्ड अधिकारी ने तुरन्त संज्ञान लेते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को समस्याओं व परिवादों का जल्द से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। शिविर में तहसीलदार कमलेश सिंह महरिया, नायब तहसीलदार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बदरीराम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से कमरजीत कौर, सहायक लेखाधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी भरत चन्द्र चौहान, पटवारी नरपत सिंह, कृषि पर्यवेक्षक रवि कुमार आदि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

27/06/2025 | Bikaner Zila | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा के आज यहां शिविर

**बीकानेर @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को कई ग्राम पंचायतों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर के किलचुदेवडान, कावनी व राजेरा में, लूणकरनसर के सुरनाणा, हंसेरा, धीरेरा व कुजटी में, श्रीडूंगरगढ़ के रिड़ी, बाना, धर्मास व पुन्दलसर, कोलायत के अक्कासर, गंगापुरा व कोटली में, बज्जू के बीकमपुर व गोगड़ियावाला में, पूगल के कंकराला व 2पीबी में, छत्तरगढ़ के 8 एडब्ल्यूएम (आवा) व लूणखां में, खाजूवाला के आनंदगढ़ में, नोखा के सारूण्डा, चिताणा, कुकणिया, लालासर व कुचौर अथुणी पंचायत में शिविर लगाया जाएगा।

27/06/2025 | Bikaner City | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर

बीकानेर ज़िला 27-06-2025

### पं. दिनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा के तहत गांवों में लगाए शिविर

# काकड़ा में क्षतिग्रस्त बिजली पोल की समस्या उठी, विद्युत निगम अधिकारियों ने तत्काल बदलवाया

भास्कर न्यूज | जसरासर

ग्राम पंचायत काकड़ा और थावरिया में गुरुवार को पं. दिनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर सभी सरकारी विभागों द्वारा एक ही छत के नीचे बैठकर लोगों की समस्याओं समस्याओं का समाधान कर सरकारी कार्यों में राहत प्रदान कि गई। इसी कड़ी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों व स्वयंसेवी संस्थानों का सहयोग लेकर निक्षण पोषण मित्र बनाकर टीबी मरीजों को खंड विकास अधिकारी,जसरासर तहसीलदार, नायब तहसीलदार गौरव एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजानंद कुड़ी ने निक्षय पोषण किट भेंट की। डॉ. कुड़ी ने बताया कि सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध, जिला टीबी अधिकारी डॉ. सीएस मोदी एवं बीसीएमओ डॉ. कैलाश गहलोत के निर्देशन में टीबी रोग की स्क्रीनिंग के साथ ही टीबी मरीजों को संतुलित आहार के लिए निक्षय पोषण किट दी गई।

वही काकड़ा में शिविर का एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने जायजा लिया। एडीएम कुमावत के शिविर निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने मेघवालों की गुवाड़ में बिजली के क्षतिग्रस्त पोल और उसके कारण भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो जाने के संबंध में अवगत कराया। इस पर एडीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए अपनी उपस्थिति में नायब तहसीलदार, पंचायत प्रसार अधिकारी और विद्युत निगम के अभियंता को इस क्षतिग्रस्त बिजली के पोल को तत्काल बदलकर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। खास बात ये कि शिविर समाप्ति से पूर्व ही उक्त क्षतिग्रस्त बिजली पोल को निगम के अधिकारियों ने बदलाकर शिविर की सार्थकता को साबित किया।

श्रीडूंगरगढ़ संवाददाता के अनुसर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत धीरदेसर चोटियान में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान टीबी रोगियों को निक्षय मित्र योजना के तहत पोषण किट वितरित की गई।

खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सोनी, तहसीलदार कुलदीप मीणा, प्रभारी अधिकारी डॉ. अमित सोनी एवं भोजराज की उपस्थिति में लाभार्थियों को निक्षय किट सौंपी गई। ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. राजीव सोनी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण कर सेवाओं का जायजा लिया। शिविर में टीबी स्क्रीनिंग के साथ-साथ असंक्रामक रोगों की जांच, आयुष्मान भारत ई-केवाईसी कार्ड वितरण, निशुल्क दवा और जांच, एएनसी परीक्षण, टीकाकरण जैसी सेवाएं भी प्रदान की गईं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

दो कालूवाला संवाददाता के अनुसार ग्राम पंचायत 34 केवाईडी मे गुरुवार को पं. दिनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर में ग्राम पंचायत 34 केवाईडी सरपंच मांगीलाल मेघवाल ने उपखंड अधिकारी को ग्राम पंचायत क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया।

शिविर में लोगों के काफी समय से लम्बित पड़े कार्यों एवं परिवादों निस्तारण मौके पर किया गया। इस पर एसडीएम रमेश कुमार ने संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं / परिवादों का जल्द से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। ग्राम पंचायत क्षेत्र में बने उप स्वास्थ्य केन्द्र को क्रमोन्नत कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने, गांव 31 केवाईडी में अधूरे पड़े ओवर हेड टैंक का निर्माण पूर्ण करवाने, जल जीवन मिशन में प्रत्येक घर के जोड़ने, सीएडी विभाग द्वारा बनाए गए पुराने खाले जो जर्जर हो गए है उन्हें नया बनवाने आदि की मांग की गई।

त
से
राजस्थान अ
राजस्थान राज्य में स्थित राज्य वित्तपोषित
B.Arch. के प्रथम वर्ष में सत्र

| COURSES → | B.E. / B.T |
|---|---|
| Minimum Eligiblity | • Passed 10+2 examination with Physics/ Mat Electronics/Information Technology/ Biology Technical Vocational subject/Agriculture Studies/Entrepreneurship , Agriculture stream ( • Obtained at least 45% marks (40% marks in category) in the above subjects taken together. OR • Passed D. Voc. Stream (NCrF level 4) in the sa |
| Priority for Admission | S.No / Basis of admission: 1 Rank obtained in JEE (Mains) 2025*; 2 Percentile obtained in class 12th (not cov; 3 Percentage obtained in D. Voc in Engin course approved by state government. * Minimum 20 Percentile in JEE (Mains) 2025 |

ऑनलाईन आवेदन, पंजीयन फॉर्म भर

| विवरण | B.E. / |
|---|---|
| पंजीयन फ़ॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि | 28.05.20 |
| पंजीयन शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि | 30.0 |
| आवेदन फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि | 02.0 |
| आवेदन फॉर्म में चॉइस भरने / लॉक करने की अन्तिम तिथि | 13.0 |

ऑनलाईन रिपोर्टिंग : इस वर्ष से अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु ऑनलाईन रीप-2025 पोर्टल के माध्यम से सीट स्वीकृति शुल्क (Seat Acceptan अभ्यर्थी द्वारा अंतिम आंवटित महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए निर्धारि संस्थान शुल्क में समायोजित की जावेगी।

राज.संवाद/सी/25/5066

जयपुर वि
जयपुर की प्राईम लोकेशन ज

दैनिक भास्कर बीकानेर 27-06-2025

# पं. दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत संगोष्ठी

बीकानेर| राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में गुरुवार को 24 जून से 9 जुलाई के मध्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य केके सुथार ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचा कर उनको लाभान्वित करना है। संगोष्ठी मे प्रवक्ता हितेश सैनी व प्रवक्ता फरोग नजम उस्ता ने विद्यार्थियों को लाभान्वित करने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवत्ती व सम्बल योजनाओं के बारे मे जानकारी प्रदान की तथा प्लेसमेंट व ट्रेनिंग सेल के सहायक निदेशक डॉ. वाईबी माथुर व प्रवक्ता प्रशांत जोशी ने विद्यार्थियों को ट्रेनिंग व प्लेसमेंट की जानकारी के साथ योजनाओं की ऑनलाइन प्रक्रियाओं के बारे मे जानकारी प्रदान की।



# स्वास्थ्य शिविर आयोजित, टीबी मरीजों को दी गई पोषण किट

श्रीडूंगरगढ़ (शुभकरण पारीक)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत धीरदेसर चोटियान में स्वास्थ्य विभाग ने विशेष शिविर आयोजित किया। इसमें टीबी मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत पोषण किट वितरित की गई। शिविर में बीसीएमओ डॉ. राजीव सोनी, तहसीलदार कुलदीप मीणा, प्रभारी अधिकारी डॉ. अमित सोनी व भोजराज की उपस्थिति रही। स्वास्थ्य सेवाओं जैसे टीबी स्क्रीनिंग, असंक्रामक रोगों की जांच, निःशुल्क दवा, ई-केवाईसी कार्ड वितरण, टीकाकरण आदि का लाभ दिया गया। डॉ. सोनी ने शिविर का निरीक्षण करते हुए मच्छरजनित रोगों की रोकथाम, डिलीवरी सेवाओं और डिजिटल मिशन की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# टीबी रोगियों को बांटी निक्षय किट, शिविर में मिली कई स्वास्थ्य सेवाएं

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, श्रीडूंगरगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत धीरदेसर चोटियान में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान टीबी रोगियों को निक्षय मित्र योजना के तहत पोषण किट वितरित की गई। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सोनी, तहसीलदार कुलदीप मीणा, प्रभारी अधिकारी डॉ. अमित सोनी एवं भोजराज की उपस्थिति में लाभार्थियों को निक्षय किट सौंपी गई। साथ ही ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. राजीव सोनी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण कर सेवाओं का जायजा लिया। शिविर में टीबी स्क्रीनिंग के साथ-साथ



असंक्रामक रोगों की जांच, आयुष्मान भारत ई-केवाईसी कार्ड वितरण, निःशुल्क दवा और जांच, एएनसी परीक्षण, टीकाकरण जैसी सेवाएं भी प्रदान की गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे सेवाओं की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न आने दें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आज कई गांवों में आयोजित होगें शिविर

कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर के किलचुदेवडान, कावनी व राजेरा में, लूणकरणसर के सुरनाणा, हंसेरा, धीरेरा व कुजटी में, श्रीडूंगरगढ़ के रिडी, बाना, धर्मास व पुन्दलसर, कोलायत के अक्कासर, गंगापुरा व कोटली में, बज्जू के बीकमपुर व गोगडयि़ावाला में, पूगल के कंकराला व 2पीबी में, छत्तरगढ़ के 8 एडब्ल्यूएम (आवा) व लूणखां में, खाजूवाला के आनंदगढ़ में, नोखा के सारूण्डा, चिताणा, कुकणिया, लालासर व कुचौर अथुणी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

बुलंद राजस्थान

बीकानेर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर के किलचुदेवडान, कावनी व राजेरा में, लूणकरणसर के सुरनाणा, हंसेरा, धीरेरा व कुजटी में, श्रीडूंगरगढ़ के रिडी, बाना, धर्मास व पुन्दलसर, कोलायत के अक्कासर, गंगापुरा व कोटली में, बज्जू के बीकमपुर व गोगड़ियावाला में, पूगल के कंकराला व 2पीबी में, छत्तरगढ़ के 8 एडब्ल्यूएम (आवा) व लूणखां में, खाजूवाला के आनंदगढ़ में, नोखा के सारूण्डा, चिताणा, कुकणिया, लालासर व कुचौर अथुणी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# खाता विभाजन हुआ तो चिंता से मिली मुक्ति

बीकानेर। ग्राम पंचायत मनाफरसर व ग्राम पंचायत गारबदेसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पंखवाड़े के तहत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। तहसीलदार विनोद कुमार द्वारा शिविर में 15 विभागों ने संपादित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों के बारे में बताया। ग्राम पंचायत मनाफरसर में भू-अभिलेख निरीक्षक नत्थूराम व हल्का पटवारी जितेन्द्र महात्मा क समझाइश से राजस्व ग्राम राजासर उर्फ करणीसर के सहखातेदार उदाराम, सुखराम पिता ज्ञानाराम जाति जाट के संयुक्त खाते की कुल 60 बीघा का खाता विभाजन किया गया। खाता विभाजन की संपूर्ण प्रकिया मात्र एक घण्टे में ही सम्पन्न करवा दी गई। खाता विभाजन के उपरांत दोनों भाईयों ने प्रसन्नता जताई व समस्त राजस्व टीम एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गारबदेसर में भू-अभिलेख निरीक्षक मोहनलाल पूनिया व अनिल कड़वा एवं हल्का पटवारी महावीर तेतरवाल की समझाइश पर ओमप्रकाश सारण, रामनारायण सारण पिता मामराज सारण के संयुक्त खाते की कुल 10.24 भूमि का खाता विभाजन किया गया। खाता विभाजन उपरांत दोनों भाईयों ने मुख्यमंत्री भजनलाल लाल शर्मा का आभार जताया तथा कहा कि ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत शिविर लगाकर कर हम सबको बड़ी राहत दी है। हमें बिना किसी भागदौड़ के सारा काम एक ही जगह होने से खाता विभाजन की चिंता से मुक्ति मिली है। तहसीलदार द्वारा राजस्व विभाग की टेबल पर पहुंचकर ही खाता विभाजन के आदेश जारी किए।

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा : काकड़ा के मेघवालों की गुवाड़ में हाथोहाथ लगवाया नया खम्भा

बीकानेर। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत ने गुरुवार को काकड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने मेघवालों की गुवाड़ में बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त होने और इस कारण दुर्घटना की सम्भावना की जानकारी दी। इसे गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त कलेक्टर कुमावत ने पंचायत प्रसार अधिकारी, नायब तहसीलदार एवं विद्युत निगम के अभियंता को क्षतिग्रस्त खंभे को अविलंब बदलकर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों द्वारा आदेशों की गंभीरता को समझते हुए शिविर समाप्ति से पहले ही इसे बदल दिया। अतिरिक्त कलेक्टर कुमावत ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार सभी सभी विभाग पूर्ण गंभीरता से काम करें, जिससे आमजन को अधिक से अधिक राहत मिले और योजनाओं का लाभ हो। काकड़ा शिविर निरीक्षण के दौरान कुमावत ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की और इस पर संतोष जताया। राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान नायब तहसीलदार को निर्देश दिए गए कि राजस्व मंडल से प्राप्त नोटिस की शत-प्रतिशत तामील शिकार के दौरान सुनिश्चित की जाए। बंटवारा प्रकरणों के संबंध में जमाबंदी में एक खाते मे एक से अधिक खातेदारो के बंटवारा संबंधी प्रस्ताव तैयार किये जाकर बंटवारे करवाए जाए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को प्री-कैंप आयोजित कर विभाग से संबंधित गतिविधियों का आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहचाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ाः शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

बीकानेर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर के किलचुदेवडान, कावनी व राजेरा में, लूणकरणसर के सुरनाणा, हंसेरा, धीरेरा व कुजटी में, श्रीडूंगरगढ़ के रिडी, बाना, धर्मास व पुन्दलसर, कोलायत के अक्कासर, गंगापुरा व कोटली में, बज्जू के बीकमपुर व गोगड़ियावाला में, पूगल के कंकराला व 2पीबी में, छत्तरगढ़ के 8 एडब्ल्यूएम (आवा) व लूणखां में, खाजूवाला के आनंदगढ़ में, नोखा के सारूण्डा, चिताणा, कुकणिया, लालासर व कुचौर अथुणी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

बुलंद राजस्थान

बीकानेर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर के किलचुदेवडान, कावनी व राजेरा में, लूणकरणसर के सुरनाणा, हंसेरा, धीरेरा व कुजटी में, श्रीडूंगरगढ़ के रिडी, बाना, धर्मास व पुन्दलसर, कोलायत के अक्कासर, गंगापुरा व कोटली में, बज्जू के बीकमपुर व गोगड़ियावाला में, पूगल के कंकराला व 2पीबी में, छत्तरगढ़ के 8 एडब्ल्यूएम ( आवा ) व लूणखां में, खाजूवाला के आनंदगढ़ में, नोखा के सारूण्डा, चिताणा, कुकणिया, लालासर व कुचौर अथुणी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जोधपुर/फलोदी भास्कर 27-06-2025



ग्राम पंचायतों में अंत्योदय संबल शिविर आयोजित, ग्रामीणों ने उठाया योजनाओं का लाभ, आपसी सहमति से हुए कई बंटवारे

# संबल पखवाड़ा 2025 • शिविर में लम्बित राजस्व विभाग के मामलों का हुआ हाथों-हाथ निस्तारण, ग्रामीणों में छाई खुशी

भास्कर न्यूज | बरसिंगों का बास

राजस्थान सरकार द्वारा चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा-2025 के तहत गुरूवार को क्षेत्र के नारायण पूरा में आयोजित शिविर में शिविर प्रभारी तहसीलदार बजरंग लाल मीणा के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों का सदियों से अटके राजस्व विभाग से सम्बन्धित प्रकरणों का हाथोंहाथ निस्तारण हुआ। इस दौरान तहसीलदार घंटियाली के समक्ष गुरूवार को शिविर में पहुंचे गांव के इशाराम, सुगनाराम, सुरजाराम, बाबूराम, एलची काश्तकारों के द्वारा आपसी सहमति से जोत विभाजन हेतु आवेदन किया। इस दौरान शिविर प्रभारी तहसीलदार मीणा द्वारा तुरन्त राजस्व टीम से बंटवारा तैयार करवाकर पेश करवाकर स्वीकार किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा तैयार बंटवारा जैसे ही क्षेत्र के काश्तकारों को प्राप्त हुआ तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, इस दौरान उक्त कार्य में भू अभिलेख निरीक्षक भरत लाल चौधरी पटवारी देवीलाल, दशरथ सिंह सरपंच भंवरी देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सहा. बीडीओ सांग सिंह ने बताया कि शिविर में पहुंचे सभी विभागों के अधिकारियों के समक्ष गांव के लोगों ने नरेगा, पेंशन, जॉबकार्ड, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड सहित विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनका शिविर में पहुंचे कार्मिकों एवं अधिकारियों ने हाथोंहाथ निस्तारण किया।

**फलोदी** | पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरुवार को पंचायत समिति फलोदी की दयासागर, मलार और बावड़ी खुर्द ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। ग्राम विकास अधिकारी लेखराज सैनी ने बताया कि शिविर के दौरान बीपीएल सेंसस 2002 में चयनित परिवारों के प्रथम चरण के लाभार्थियों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत परिसरों में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान वृद्धावस्था, दिव्यांग और विधवा पेंशन योजनाओं के तहत कुल 313 पेंशनधारियों में से 285 का मौके पर सत्यापन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना व स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत व्यक्तिगत लाभार्थियों की जियो टैगिंग कर अगली किश्त के लिए प्रस्ताव भी भेजे गए। शिविर में प्रशासक हीरालाल बिश्नोई, नायब तहसीलदार रणछोड़ दास सोनी, सहायक विकास अधिकारी प्रेम रतन दवे, विद्युत विभाग से कनिष्ठ अभियंता कर्ण सिंह राजपुरोहित, पटवारी अंकुर, कृषि पर्यवेक्षक हेतराम, कनिष्ठ सहायक ताहिर खान, पिंटू भाटी और भंवरु राम बिश्नोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।



घंटियाली। शिविर में लाभर्थियों को बंटवारे वितरण।

**श्री लक्ष्मणनगर** | ग्राम पंचायत गोविंदनगर मुख्यालय पर गुरुवार को आयोजित प्रशासनिक शिविर में वर्षों से लंबित राजस्व विभाग के मामलों का हाथों-हाथ निस्तारण किया गया। शिविर का नेतृत्व तहसीलदार हातिम खान ने किया। शिविर के दौरान बंटवारा, शुद्धिकरण, पैमाइश और पत्थर गड्डी जैसे महत्वपूर्ण मामलों को प्राथमिकता से सुलझाया गया। तहसीलदार खान ने बताया कि कई किसानों द्वारा विरासत दर्ज कराने के लिए परिवाद प्रस्तुत किए गए थे। विशेष रूप से ओमप्रकाश की मृत्यु वर्ष 2022 में होने के बावजूद उनके नामांतरण की प्रक्रिया अब तक लंबित थी। इस पर कार्रवाई करते हुए पटवारी देवाशीष मीणा द्वारा खसरा नंबर 9.743, 743/1, 743/2, 750, 751, 751/2, 751/3 कुल रकबा 10.0444 हेक्टेयर भूमि के संबंध में ओमप्रकाश के वारिस ओम शुभकरण, जितेंद्र जोशी, पपूराम, रुखमणी, रेशम, ललिता, लालचंद, शांति देवी और सुंदरलाल के नाम विरासत नामांतरण दर्ज कर तहसीलदार की आईडी से लॉक कराए गए। तहसीलदार ने मौके पर ही नामांतरण की प्रति संबंधित काश्तकारों को सौंपते हुए उन्हें राहत प्रदान की। इस त्वरित कार्यवाही से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर की खुले दिल से सराहना की।

**चामू** | क्षेत्र के राज सागर ग्राम पंचायत में आयोजित प. दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा 2025 शिविर में 33/11 केवी से निकलने वाले फीडर महादेव से अलग से फीडर 24 घंटे घरेलू सप्लाई हेतु ग्रामीणों ने शिविर प्रभारी विकास अधिकारी चंपालाल आचार्य को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने ज्ञापन में लगभग 100 घरों, सरकारी भवनों, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन सहित आदि में 24 घंटे विद्युत सप्लाई की मांग की गई। इस मौके पर अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**घंटियाली** | पंचायत समिति के नारायणपुरा व बाबा का धोरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में नामांतरण 9, सहमति बंटवारा 3, रास्ते के प्रस्ताव 5, जन्म मृत्यु 15 सहित 6 का पेंशन सत्यापन पौधरोपण, जल संरक्षण हेतु प्रस्ताव पास किया गया। ग्राम पंचायत नारायण पूरा शिविर में शिविर प्रभारी बजरंग लाल मीणा तहसीलदार घंटियाली की मौजूदगी में ग्राम नारायण पूरा के इशाराम सुगना राम सुरजाराम बाबूराम एलची काश्तकारों के द्वारा आपसी सहमति से जोत विभाजन हेतु आवेदन किया। शिविर प्रभारी के द्वारा तुरन्त राजस्व टीम से बंटवारा तैयार करवाकर पेश करवाकर स्वीकार किया गया। काश्तकारों के द्वारा खुशी का इजहार करते हुए इन कैंपों में होने वाले कार्य के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर तहसीलदार बजरंग लाल मीणा, सहायक बीडीओ सांगसिंह, भू अभिलेख निरीक्षक भरत लाल चौधरी, पटवारी देवीलाल, दशरथ सिंह, सरपंच भंवरी देवी आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका

## लंबित राजस्व विभाग के मामलों का हाथोंहाथ निस्तारण

# अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ाः दिव्यांग, विधवा और वृद्धावस्था के 285 पेंशनार्थियों का मिला लाभ










पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**फलोदी @पत्रिका.** प. दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरूवार को पंचायत समिति फलोदी की ग्राम पंचायत दया सागर, मलार, बावड़ी खुर्द ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए गए। शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया। ग्राम विकास अधिकारी लेखराज सैनी ने बताया कि शिविर के दौरान बीपीएल सेंसस 2002 में चयनित परिवारों के प्रथम चरण वालों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। पौधारोपण के लिए गड्ढे खुदवाए गए व ग्राम पंचायत परिसर में पौधरोपण किया गया। वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन में 313 पेंशनार्थियों में से 285 का सत्यापन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की जिओ टैग कर किश्त आवंटन हेतु प्रेषित किया गया। शिविर में प्रशासक हीरालाल बिश्नोई, नायब तहसीलदार रणछोड़ दास सोनी, सहायक विकास अधिकारी प्रेमरतन दवे, विद्युत विभाग से कनिष्ठ अभियंता करणसिंह राजपुरोहित, अंकुर पटवारी, कृषि पर्वेक्षक हेतराम कनिष्ठ सहायक ताहिर खान, पिंटू भाटी, भंवरू राम बिश्नोई सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कार्मिकों ने भाग लिया।

**देणोक.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा-2025 के तहत गुरुवार को क्षेत्र के नारायण पूरा में आयोजित शिविर में शिविर प्रभारी तहसीलदार बजरंग लाल मीणा के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों का सदियों से अटके राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरणों का हाथोंहाथ निस्तारण हुआ। इस दौरान तहसीलदार घंटियाली के समक्ष गुरूवार को शिविर में पहुंचे गांव के इशाराम, सुगनाराम, सुरजाराम, बाबूराम, एलची काश्तकारों के द्वारा आपसी सहमति से जोत विभाजन हेतु आवेदन किया।इस दौरान शिविर प्रभारी तहसीलदार मीणा द्वारा तुरन्त राजस्व टीम से बंटवारा तैयार करवाकर पेश करवाकर स्वीकार किया गया।इस दौरान उक्त कार्य में भू अभिलेख निरीक्षक भरत लाल चौधरी पटवारी देवीलाल, दशरथ सिंह सरपंच भंवरी देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सहायक बीडीओ सांग सिंह ने बताया कि शिविर में पहुंचे सभी विभागों के अधिकारियों के समक्ष गांव के लोगों ने नरेगा, पेंशन, जॉबकार्ड, आधार कार्ड, जनआधार कार्ड सहित विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे,जिनका शिविर में पहुंचे कार्मिकों एवं अधिकारियों ने हाथोंहाथ निस्तारण किया।निस.

**आऊ.** उपखंड क्षेत्र के गोविन्दनगर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर के दौरान तहसीलदार हातिम खान के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों के लम्बे समय से अटके पड़े बंटवारा,शुद्धिकरण, पेमाइशी,पत्थर गड्डी के मामलों का निस्तारण किया गया। खान ने बताया कि गांव के काश्तकार विरासत कराने के लिए परिवाद पेश किया। जिसका विरासतनामा भरवाने के लिए में पटवारी को निर्देशित किया। ओमप्रकाश की मृत्यु 2022 में हुई थी, लेकिन उनकी मृत्यु के तीन साल बाद भी विरासत की कार्रवाई नहीं हुई हैं, नामान्तरण की कारवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया। जिस पर पटवारी देवाशीष मीणा 10 हैक्टेयर काश्तकार ओम शुभकरण, जितेन्द्र जोशी, पपूराम, रुखमणी, रेशम, ललिता, लालचन्द, शांती देवी, सुन्दरलाल पुत्र ओमप्रकाश की विरासत नामान्तरण भरकर तहसीलदार की आईडी से लॉक करवाकर प्रति तहसीलदारी के समक्ष पेश किया।

**चामू.** क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजसागर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित हुआ। ग्राम पंचायत मुख्यालय राजसागर में 45 वर्षो से लंबित विरासत का इंतकाल दर्ज किया, तो वारिसानों के चेहरों पर खुशी झलक पड़ी। खातेदार मूलाराम पुत्र भीखाराम जाति मेघवाल निवासी राजसागर की मृत्यु 45 वर्ष पूर्व सन 1980 में हो गई थी। उनके एकमात्र पुत्र रावल राम की भी मृत्यु हो चुकी थी। शिविर में उनके पौत्र पुखराज द्वारा आवेदन करने पर हाथों हाथ जांच कर पौत्र व पौत्रियों के नाम इंतकाल दर्ज किया गया। इस मौके तहसीलदार शैतान सिंह राजपुरोहित, विकास अधिकारी चंपालाल आचार्य, पटवारी श्रवणराम, सरपंच प्रतापराम भील, जोगाराम कड़ेला, ग्राम विकास अधिकारी सुरेंद्र सीरवी ने उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया।

### बेंदों का बेरा में शिविर आज

**नौसर.** क्षेत्र के बेंदों का बेरा ग्राम पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत शिविर का आयोजन होगा।

# कलक्टर चौहान ने मलार में शिविर का निरीक्षण किया




नवज्योति/फलोदी।

राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन फलोदी के निर्देशानुसार फलोदी जिले में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरुवार को पंचायत समिति फलोदी की ग्राम पंचायत दयासागर, मलार एवं बावड़ी खुर्द में शिविरों का आयोजन किया। शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

ग्राम विकास अधिकारी लेखराज सैनी ने बताया कि शिविर के दौरान बीपीएल सेंसस-2002 में चयनित परिवारों के प्रथम चरण वालों के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। पौधरोपण हेतु गड्ढे खुदवाकर ग्राम पंचायत परिसर में पौधरोपण किया गया। वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन में 313 पेंशनार्थियों में से 285 का सत्यापन किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की जिओ टैग कर किश्त आवंटन हेतु प्रेषित किया गया। शिविर में प्रशासक हीरालाल विश्नोई, नायब तहसीलदार रणछोड़दास सोनी, सहायक विकास अधिकारी प्रेमरतन दवे, विद्युत विभाग करणसिंह राजपुरोहित, अंकुर पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक हेताराम, कनिष्ठ सहायक ताहिर खान, पिंटू भाटी, भंवरूराम विश्नोई सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत मलार में आयोजित शिविर का नवनियुक्त जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने औचक निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शिविरों में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया

# जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने मलार में शिविर का निरीक्षण किया

**बुलंद राजस्थान**

**फलोदी (अशोक कुमार मेघवाल)**। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन फलोदी के निर्देशानुसार चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरूवार को पंचायत समिति फलोदी की ग्राम पंचायत दयासागर, मलार एवं बावड़ी खुर्द में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। ग्राम विकास अधिकारी लेखराज सैनी ने बताया कि शिविर के दौरान बीपीएल सेंसस-2002 में चयनित परिवारों के प्रथम चरण वालो के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। पौधारोपण हेतु गड्ढे खुदवाकर ग्राम पंचायत परिसर मे पौधरोपण किया गया। वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन में 313 पेंशनार्थियो में से 285 का सत्यापन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की जिओ टैग कर किश्त आवंटन हेतु प्रेषित किया गया। शिविर में प्रशासक हीरालाल विश्नोई, नायब तहसीलदार रणछोड़ दास सोनी, सहायक विकास अधिकारी प्रेमरतन दवे, विद्युत विभाग



करणसिंह राजपुरोहित, अंकुर पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक हेतराम, कनिष्ठ सहायक ताहिर खान, पिंटू भाटी, भंवरूराम विश्नोई सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मलार ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का नवनियुक्त जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने औचक निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# शिविरों में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया

## कलक्टर चौहान ने मलार में शिविर का निरीक्षण किया



सच मीडिया

**फलोदी अशोक कुमार मेघवाल।** राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन फलोदी के निर्देशानुसार फलोदी जिले में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरूवार को पंचायत समिति फलोदी की ग्राम पंचायत दयासागर, मलार एवं बावड़ी खुर्द में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। ग्राम विकास अधिकारी लेखराज सैनी ने बताया कि शिविर के दौरान बीपीएल सेंसस-2002 में चयनित परिवारों के प्रथम चरण वालो के बैंक खातों का सत्यापन किया गया। पौधारोपण हेतु गड्डे खुदवाकर ग्राम पंचायत परिसर मे पौधरोपण किया गया। वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन में 313 पेंशनार्थियो में से 285 का सत्यापन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की जिओ टैग कर किश्त आवंटन हेतु प्रेषित किया गया। शिविर में प्रशासक हीरालाल विश्नोई, नायब तहसीलदार रणछोड़ दास सोनी, सहायक विकास अधिकारी प्रेमरतन दवे, विद्युत विभाग करणसिंह राजपुरोहित, अंकुर पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक हेतराम, कनिष्ठ सहायक ताहिर खान, पिंटू भाटी, भंवरूराम विश्नोई सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत मलार में आयोजित शिविर का नवनियुक्त जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने औचक निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में जल विभाग की सक्रिय भूमिका

# जीआरएल की सफाई कर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का किया प्रयास




मरुमंच न्यूज

बालोतरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान जल विभाग ने अपनी सक्रिय सहभागिता से नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और जल संबंधी समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत विभाग ने कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिनमें जलाशयो की सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना, बकाया नल कनेक्शनों को प्रदान करना और लीकेज को दुरुस्त करना इत्यादि शामिल है।

## जलाशयो की सफाई कर सुनिश्चित की शुद्ध पेयजल आपूर्ति

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता छत्राराम ने बताया कि पखवाड़े के दौरान जल विभाग का एक प्रमुख ध्यान जलाशयो की गहन सफाई पर रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पानी के भंडारण टैंक स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रहें, विशेष अभियान चलाए गए। जलाशयों की नियमित सफाई से पानी की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि सभी क्षेत्रों में पर्याप्त दवाब के साथ नियमित रूप से पानी की आपूर्ति हो, जिससे पानी की कमी की शिकायतें काफी कम हुई हैं।



## लीकेज को किया जा रहा दुरुस्त

जल हानि को रोकने और पानी के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, जल विभाग ने पूरे क्षेत्र में लीकेज की पहचान करने और उन्हें दुरुस्त करने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया है। टीमें लगातार पाइपलाइनों का निरीक्षण कर रही हैं और जहां भी लीकेज पाया जा रहा है, उसे तत्काल ठीक किया जा रहा है। इस पहल से न केवल पानी की बबार्दी रुकी है बल्कि पानी के दबाव में भी सुधार हुआ है, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों तक भी पानी पहुंच पा रहा है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता छत्राराम ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा है कि हम नागरिकों



को बेहतर जल सेवाएं प्रदान करें। हमारा लक्ष्य प्रत्येक घर तक शुद्ध और पर्याप्त पानी पहुंचाना है। जिले मे पखवाड़ा के दौरान 98 जलाशयो (टंकियो) की सफाई, 249 लीकेज की मरम्मत और 255 बकाया कनेक्शनों को जारी करने से हमने इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हम भविष्य में भी अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नागरिकों में खुशी

जल विभाग के इन प्रयासों से नागरिकों में काफी खुशी है। उन्होंने बताया कि पहले हमारे इलाके में पानी की समस्या अक्सर रहती थी, लेकिन इस पखवाड़े के दौरान जल विभाग की सक्रियता से अब हमें शुद्ध और पर्याप्त पानी मिल रहा है। लीकेज की समस्या भी हल हो गई है।

Scanned with CamScanner

## धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान

# बामसीन निवासी प्रेम कुमारी को मौके पर मिला जाति प्रमाण पत्र, मिली बड़ी राहत

**मरुमंच न्यूज**

**बालोतरा।** राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की सार्थकता ग्राम पंचायत बामसीन में देखने को मिली। अभियान के तहत आयोजित शिविर में बामसीन निवासी प्रेम कुमारी को मौके पर ही उनका जाति प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया गया, जिससे उन्हें वर्षों से चली आ रही परेशानी से बड़ी राहत मिली।

धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय के लोगों को उनके घर के पास ही विभिन्न सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें दस्तावेज बनवाने या समस्याओं के समाधान के लिए दूरदराज के शहरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

प्रेम कुमारी, जो जनजातीय समुदाय से आती हैं, को लंबे समय से जाति प्रमाण पत्र बनवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस महत्वपूर्ण दस्तावेज के अभाव में उन्हें कई सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अभियान के तहत बामसीन में आयोजित शिविर में उन्होंने अपनी समस्या रखी। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताओं को मौके पर ही पूरा किया। संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन के बाद प्रेम कुमारी का जाति प्रमाण पत्र तुरंत तैयार कर उन्हें सौंप दिया गया।

Scanned with CamScanner

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## आमजन को मिल रहा स्वास्थ्य लाभ, बीपी, शुगर और टीबी की जांचें जारी, गर्भवती महिलाओं को उचित उपचार

**मरुमंच न्यूज**

**बालोतरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बालोतरा जिले में आमजन को व्यापक स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य जांचें और उपचार सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाकाराम चौधरी ने बताया कि पखवाड़े के दौरान शिविरों और स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष रूप से रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर) और तपेदिक (टीबी) जैसी बीमारियों की निःशुल्क जांचें की जा रही हैं। इन जांचों का उद्देश्य इन सामान्य लेकिन गंभीर बीमारियों का [illegible] पता लगाना है, ताकि समय रहते [illegible] जा सके और जटिलताओं से बचा जा सके। [illegible] विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से इन जांचों को संपन्न करा रहे हैं और लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, इस पखवाड़े में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श, नियमित जांचें और आवश्यक दवाएं प्रदान की जा रही हैं। सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है।

Scanned with CamScanner

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# जसवंत सिंह के खेत तलाई आवेदन को शिविर में मिली ऑनलाईन स्वीकृति, मिली बड़ी राहत



मरुमंच न्यूज

**बालोतरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा जिले के किसानों के लिए भी वरदान साबित हो रहा है। इसी क्रम में पंचायत समिति समदड़ी की ग्राम पंचायत करमावास में आयोजित शिविर में जसवंत सिंह को उनके खेत तलाई निर्माण के ऑनलाईन आवेदन को मौके पर ही स्वीकृति मिल गई, जिससे उन्हें अपनी कृषि भूमि पर जल संरक्षण संरचना बनाने में बड़ी राहत मिली है। इस शिविर में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान एवं कृषि विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना और कृषि संबंधी योजनाओं के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई की।

## खेत तलाई- जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

जसवंत सिंह ने खेत तलाई निर्माण के लिए शिविर में ऑनलाइन आवेदन किया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार मौके पर ही उनके आवेदन की जांच की और सभी आवश्यक शर्तों को पूरा पाए जाने पर मौके पर ही ऑनलाइन ही स्वीकृति जारी कर दी। खेत तलाई जैसी जल संरक्षण संरचनाएं वर्षा जल को एकत्रित करने और भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होती हैं, जो शुष्क क्षेत्रों में कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

Scanned with CamScanner

## सेवाली ग्राम पंचायत में अंत्योदय संबल पखवाड़ा बना सार्थक

# ग्रामीणों को मिले स्वामित्व कार्ड, अपनी जमीन का हक हुआ पक्का





बालोतरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बालोतरा जिले की ग्राम पंचायत सेवाली में आयोजित शिविर ग्रामीणों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। इस शिविर में पात्र ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों के स्वामित्व कार्ड वितरित किए गए, जिससे उन्हें अपनी भू-संपत्ति पर कानूनी हक और सुरक्षा मिली। सेवाली ग्राम पंचायत में आयोजित इस शिविर में राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया।

## स्वामित्व कार्ड से मिली कानूनी पहचान

शिविर का सबसे महत्वपूर्ण पहलू स्वामित्व कार्ड का वितरण रहा। केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना के तहत तैयार किए गए ये कार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनकी आवासीय भूमि का कानूनी दस्तावेज प्रदान करते हैं। सेवाली के कई ग्रामीणों ने जब अपने हाथों में ये कार्ड पाए, तो उनके चेहरों पर वर्षों की अनिश्चितता से मुक्ति की खुशी साफ झलक रही थी। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने सभी पात्र लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया। अशोक, अर्जुन सिंह, कांतिलाल और हस्तीमल सभी लाभार्थियों ने बताया कि हमें बरसों से अपनी जमीन के पक्के कागज का इंतजार था। यह कार्ड मिलने से अब हमारी जमीन पर हमारा कानूनी हक है और भविष्य में कोई विवाद नहीं होगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्ड उन्हें अपनी संपत्ति पर सुरक्षित अधिकार दे रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर सरकार की अंत्योदय की भावना को सही मायने में जमीनी स्तर पर चरितार्थ कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण सशक्त हो रहे हैं और उनका जीवन आसान बन रहा है।

## अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी मिला लाभ

स्वामित्व कार्ड वितरण के अतिरिक्त, शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी ग्रामीणों को दिया गया। इस दौरान शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार नारायणराम देवासी एवं सरपंच लेहरी देवी ने शिविर में उपस्थित लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर शिविर में उपस्थित लाभार्थियो को लाभान्वित किया।

Scanned with CamScanner



## सफलता की कहानियां

# दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## दाखा पंचायत में 400 से अधिक किसानों को मिला बाजरा बीज मिनी किट का लाभ

**मरुमंच न्यूज**

बालोतरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बालोतरा जिले के सेणधरी उपखंड की दाखा ग्राम पंचायत में आयोजित विशेष शिविर किसानों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हुआ।

इस दौरान शिविर में 400 से अधिक किसानों को बाजरा बीज मिनी किट वितरित किए गए, जिससे उन्हें आगामी खरीफ फसल की बुवाई में बड़ी मदद मिलेगी।

राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 06 जुलाई तक चलाए जा रहे इस अंत्योदय संबल पखवाड़े का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद तबके तक जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है। दाखा पंचायत में आयोजित यह शिविर किसानों को कृषि आदान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

## किसानों को मिला सीधा संबल

शिविर में तहसीलदार ओम अमृत, अतिरिक्त विकास अधिकारी तुलछाराम, कृषि पर्यवेक्षक जसकरण सिंह, कैंप प्रभारी पार्वती जी और ब्लॉक लेवल अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों को बाजरा के उन्नत किस्म के बीज वाले मिनी किट प्रदान किए गए। ये बीज किट किसानों को बेहतर पैदावार प्राप्त करने में मदद करेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। इस दौरान कृषि अधिकारियों ने किसानों को बाजरा की खेती के वैज्ञानिक तरीकों, बुवाई के समय, उन्नत किस्मों के चयन और कीट व रोग नियंत्रण के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने किसानों को बताया कि गुणवत्तापूर्ण बीज का उपयोग फसल की पैदावार बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। शिविर में 15 से अधिक नामांतरण और 2 आपसी सहमति से खाता विभाजन तुरंत मौके पर करके लोगों को राहत प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी 50 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया।

## अंत्योदय की भावना हुई चरितार्थ

दाखा पंचायत के किसानों ने बताया कि मानसून से पहले बाजरा बीज किट मिलना हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है। इससे हमें बाजार से महंगा बीज खरीदने की चिंता नहीं रहेगी और हम अच्छी फसल की उम्मीद कर सकते हैं।

Scanned with CamScanner

### सफलता की कहानियां : पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# बायतु भीमजी में हनुमानराम की जमाबंदी का शुद्धिकरण, आपसी समझाइश से खुले रास्ते, मिली बड़ी राहत

**मरू मंच न्यूज**

**बालोतरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा बालोतरा जिले के किसानों के लिए भूमि संबंधी जटिलताओं को सुलझाने का माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में बायतु भीमजी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में किसान हनुमानराम की वर्षों पुरानी जमाबंदी का शुद्धिकरण किया गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि आपसी समझाइश से बनिया धोरा के कड़वासरा परिवार से उनके खेत के रास्ते का विवाद भी सुलझ गया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली।

राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 06 जुलाई तक चलाए जा रहे इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद तबके तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा, त्वरित और सुगम लाभ पहुंचाना है। बायतु भीमजी के शिविर में राजस्व विभाग के अधिकारी विशेष रूप से सक्रिय रहे।



**जमाबंदी शुद्धिकरण और रास्ते का विवाद सुलझा**

किसान हनुमानराम अपनी जमाबंदी में त्रुटियों को लेकर लंबे समय से परेशान थे। उनकी जमाबंदी में कुछ ऐसी प्रविष्टियां थीं जिनके कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने या अपनी भूमि से संबंधित अन्य कार्य करवाने में दिक्कत आ रही थीं। जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे थे। शिविर में हनुमानराम ने अपनी समस्या रखी। राजस्व अधिकारियों ने तुरंत उनकी जमाबंदी की जांच की और सभी आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद मौके पर ही जमाबंदी का शुद्धिकरण कर दिया। इसके अलावा, अधिकारियों ने बनिया धोरा के कड़वासरा परिवार के विवादित रास्ते को लेकर संबंधित पक्षों को एक साथ बैठाकर आपसी समझाइश से समाधान निकालने का प्रयास किया। लंबी चर्चा के बाद, दोनों पक्ष रास्ते को लेकर सहमत हो गए और विवाद का स्थायी समाधान हो गया।

**किसानों को मिल रही त्वरित राहत**

हनुमानराम ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरी वर्षों पुरानी समस्या इतनी जल्दी और आसानी से हल हो जाएगी। जमाबंदी शुद्ध होने से अब मैं अपनी खेती अच्छे से कर पाऊंगा। यह अंत्योदय पखवाड़ा किसानों के लिए बहुत बड़ा सहारा है।

Scanned with CamScanner

# राहत का मानसून बन आया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ, मौके पर हो रहे समाधान

मरू मंच न्यूज

**बालोतरा।** भीषण गर्मी के बाद मानसून की पहली फुहारें जिस तरह राहत लेकर आती हैं, ठीक उसी तरह राज्य सरकार का पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीण अंचल में आमजन के लिए ''राहत का मानसून'' बनकर आया है। 24 जून से 6 जुलाई तक चल रहे इस पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल रहा है, और उनकी समस्याओं का ''मौके पर ही समाधान'' किया जा रहा है।

जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले भर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ये विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गुरूवार को टापरा, कालूडी, खोथों की ढाणी, बूठसरा, खारापार, जाखड़ा, रतेउ, मूठली, मेली, गुड़ा, खण्डप, सरवड़ी, गोदारों का सरा, दाखां, कादानाडी एवं पायलाखुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में राजस्व, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे मौजूद हैं, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ रहा।

### मौके पर ही मिल रही संजीवनी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं का तुरंत समाधान हो रहा है। चाहे वह ''जमाबंदी का शुद्धिकरण'' हो, ''आपसी सहमति से रास्ते के विवादों का निपटारा'' हो, या फिर ''जाति प्रमाण पत्र और स्वामित्व कार्ड'' का तुरंत वितरण हो, हर जगह ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल रही है। शिविरों में कई ग्रामीणों को उनके स्वामित्व कार्ड मिलने से उनकी भू-संपत्ति पर कानूनी हक मिल रहा है। बायतु भीमजी में किसान हनुमानराम की जटिल जमाबंदी का शुद्धिकरण हुआ और आपसी समझाइश से बनियां धोरे के कड़वासरा परिवार के रास्ते का विवाद सुलझ गया, जो वर्षों से उन्हें परेशान कर रहा था। दाखा पंचायत में 400 से अधिक किसानों को बाजरा बीज मिनी किट वितरित किए गए, जिससे उन्हें आगामी खरीफ की बुवाई में बड़ी मदद मिलेगी। बामसीन ग्राम पंचायत निवासी प्रेम कुमारी को तो मौके पर ही उनका जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, और अन्य राजस्व संबंधी कार्य भी बड़ी संख्या में निपटाए जा रहे हैं।

जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने इन शिविरों की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पखवाड़ा सरकार की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और उसे सम्मानपूर्वक अपना हक मिल सके। यह राहत का मानसून इसी अंत्योदय की भावना को जमीनी स्तर पर चरितार्थ कर रहा है।

### शुक्रवार को यहां आयोजित होंगे शिविर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बालोतरा जिले में भाखरी खेड़ा, जागसा, कितपाल, नगोणी धतरवालों की ढाणी, बायतु चिमनजी, परेउ, मेघवालों की बस्ती, केसुम्बला भाटियान, सिणेर, नाल, मिठौड़ा, रातड़ी, कंमों का बाड़ा, बामणी, होडू, सड़ा धनजी एवं दरगुडा में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

Scanned with CamScanner



# दुर्गापुरा गांव में रास्त की भूमि पर से हटाया अतिक्रमण

**मरू मंच न्यूज**

**बालोतरा/पाटोदी।** पाटोदी पंचायत समिति की दुर्गापुरा ग्राम पंचायत के माडपूरा सर्किल पर आबादी भूमि पर रास्ते की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर वहां पर बनाई गई दुकान को गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारी ने मय पुलिस जाप्ता के ध्वस्त कर मौहल्लेवासियों को राहत प्रदान की। पाटोदी तहसीलदार सुरेशकुमार विश्नोई, विकास अधिकारी चुन्नीलाल विश्नोई, मंडली थानाधिकारी व पाटोदी पुलिस चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंच रास्ते की जमीन पर काबीज मांस की दुकान को गिराकर रास्ता खुलवाया। प्रशासन की ओर हटाये अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की ग्रामवासियों ने प्रशासनिक अमले का आभार जताया। जाब्ते की मौजूदगी में ध्वस्त करके रास्ते को खुलवाया गया।

Scanned with CamScanner

# बायतु भीमजी में हनुमानराम की जमाबंदी का शुद्धिकरण, आपसी समझाइश से खुले रास्ते, मिली बड़ी राहत



नमस्कार नेशन

बालोतरा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा बालोतरा जिले के किसानों के लिए भूमि संबंधी जटिलताओं को सुलझाने का माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में बायतु भीमजी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में किसान हनुमानराम की वर्षों पुरानी जमाबंदी का शुद्धिकरण किया गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि आपसी समझाइश से बनिया धोरा के कड़वासरा परिवार से उनके खेत के रास्ते का विवाद भी सुलझ गया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 06 जुलाई तक चलाए जा रहे इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद तबके तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा, त्वरित और सुगम लाभ पहुंचाना है। बायतु भीमजी के शिविर में राजस्व विभाग के अधिकारी विशेष रूप से सक्रिय रहे।

## जमाबंदी शुद्धिकरण और रास्ते का विवाद सुलझा

किसान हनुमानराम अपनी जमाबंदी में त्रुटियों को लेकर लंबे समय से परेशान थे। उनकी जमाबंदी में कुछ ऐसी प्रविष्टियां थीं जिनके कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने या अपनी भूमि से संबंधित अन्य कार्य करवाने में दिक्कत आ रही थीं। जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे थे। शिविर में हनुमानराम ने अपनी समस्या रखी। राजस्व अधिकारियों ने तुरंत उनकी जमाबंदी की जांच की और सभी आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद मौके पर ही जमाबंदी का शुद्धिकरण कर दिया। इसके अलावा, अधिकारियों ने बनिया धोरा के कड़वासरा परिवार के विवादित रास्ते को लेकर संबंधित पक्षों को एक साथ बैठाकर आपसी समझाइश से समाधान निकालने का प्रयास किया। लंबी चर्चा के बाद, दोनों पक्ष रास्ते को लेकर सहमत हो गए और विवाद का स्थायी समाधान हो गया।

## किसानों को मिल रही त्वरित राहत

हनुमानराम ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरी वर्षों पुरानी समस्या इतनी जल्दी और आसानी से हल हो जाएगी। जमाबंदी शुद्ध होने से अब मैं अपनी खेती अच्छे से कर पाऊंगा। यह अंत्योदय पखवाड़ा किसानों के लिए बहुत बड़ा सहारा है।

Scanned with CamScanner

# राहत का मानसून बन आया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ, मौके पर हो रहे समाधान

**नमस्कार नेशन**

बालोतरा, भीषण गर्मी के बाद मानसून की पहली फुहारें जिस तरह राहत लेकर आती है, ठीक उसी तरह राज्य सरकार का पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीण अंचल में आमजन के लिए "राहत का मानसून" बनकर आया है। 24 जून से 6 जुलाई तक चल रहे इस पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल रहा है, और उनकी समस्याओं का "मौके पर ही समाधान" किया जा रहा है.जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले भर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ये विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को टापरा, कालूडी, खोथों की ढाणी, बूटसरा, खारापार, जाखड़ा, रतेउ, मूठली, मेली, गुड़ा, खण्डप, सरवड़ी, गोदारों का सरा, दाखां, कादानाडी एवं पायलाखुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में राजस्व, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे मौजूद है, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ रहा।

## शुक्रवार को यहां आयोजित होगे शिविर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बालोतरा जिले में भाखरी खेड़ा, जागसा, कितपाल, नगोणी धतरवालों की ढाणी, बायतु चिमनजी, परेउ, मेघवालों की बस्ती, केसुम्बला भाटियान, सिणेर, नाल, मिठोड़ा, रातड़ी, कमों का बाड़ा, बामणी, होड़, सड़ा धनजी एवं दरगुडा में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

## मौके पर ही मिल रही संजीवनी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं का तुरंत समाधान हो रहा है। चाहे वह "जमाबंदी का शुद्धिकरण" हो, "आपसी सहमति से रास्ते के विवादों का निपटारा" हो, या फिर "जाति प्रमाण पत्र और स्वामित्व कार्ड" का तुरंत वितरण हो, हर जगह ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल रही है। शिविरों में कई ग्रामीणों को उनके स्वामित्व कार्ड मिलने से उनकी भू-संपत्ति पर कानूनी हक मिल रहा है। बायतु भीमजी में किसान हनुमानराम की जटिल जमाबंदी का शुद्धिकरण हुआ और आपसी समझाइश से बनिया धोरे के कड़वासरा परिवार के रास्ते का विवाद सुलझ गया, जो वर्षों से उन्हें परेशान कर रहा था। दाखा पंचायत में 400 से अधिक किसानों को बाजरा बीज मिनी किट वितरित किए गए, जिससे उन्हें आगामी खरीफ की बुवाई में बड़ी मदद मिलेगी। ग्रामसीन ग्राम पंचायत निवासी प्रेम कुमारी को तो मौके पर ही उनका जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, और अन्य राजस्व संबंधी कार्य भी बड़ी संख्या में निपटाए जा रहे हैं। जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने इन शिविरों की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पखवाड़ा सरकार की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और उसे सम्मानपूर्वक अपना हक मिल सके। यह राहत का मानसून इसी अंत्योदय की भावना को जमीनी स्तर पर चरितार्थ कर रहा है।

Scanned with CamScanner

# धारणा में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय "अन्त्योदय सम्बल पखवाडा" शिविर का हुआ आयोजन

नमस्कार नेशन



सिवाना। पंचायत समिति की ग्राम पंचायत धारणा में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय" अन्त्योदय सम्बल पखवाडा' शिविर का सफल आयोजन प्रभारी अधिकारी चम्पालाल के देखरेख में आयोजित हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के बतोर उपस्थित क्षेत्रीय विधायक हमीरसिंह भायल ने ग्रामीणों को पंचायतीराज विभाग की स्वामित्व कार्ड योजना के बारे में बताते हुए कहा कि ग्रामीण शिविर के मार्फ़त ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। भायल ने शिविर में स्वामित्व कार्ड धारक मकनसिंह, गंगादेवी, कानसिंह, भवानीसिंह, राजुसिंह, मनोहरसिंह को स्वामित्व कार्ड प्रदान किये गये। कार्ड धारकों ने कहा कि आज स्वामित्व कार्ड प्राप्त कर हम बहुत खुश है। व स्वामित्व कार्ड के द्वारा हम्मरी सम्पति सरकारी पोर्टल पर अपलोड हो गई है। जिस से हमे विश्वास हो गया है कि हमारी सम्पति सुरक्षित है। इसी क्रम में उपखण्ड अधिकारी सुरेन्द्रसिंह खंगारोत व विकास अधिकारी दिनेशसिंह भाटी द्वारा शिविर के उदेश्य के बारे में प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगो को शिविर में होने वाले कार्यों से अवगत करवाया। साथ ही शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी चंपालाल देवडा व सरपंच श्रीमती देशकंवर ने शिविर में उपस्थित लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर शिविर में जनहित के कार्य को हाथो हाथ कर उपस्थित लाभार्थियो को लाभान्वित किया गया। जिसमें उपस्थित लाभार्थियो द्वारा आभार जताया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह शिविर हमारे लिए एक वरदान से कम नहीं है। क्योंकि इस शिविर में एक ही छत के निचे मौजूदा प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से हमारा काम हाथो हाथ कर दिया। उन्होंने कहा कि यह शिविर हमारे लिए अपार खुशिया लेकर लाया। और हम आज खुश है। ग्रामीणों ने राजस्थान सरकार का एवं मुख्यमंत्री एवं विधायक का हम आभार व्यक्त किया।

Scanned with CamScanner

# राहत का मानसून बन आया पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

सच मीडिया

**बालोतरा।** भीषण गर्मी के बाद मानसून की पहली फुहारें जिस तरह राहत लेकर आती हैं, ठीक उसी तरह राज्य सरकार का पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीण अंचल में आमजन के लिए ''राहत का मानसून'' बनकर आया है। 24 जून से 6 जुलाई तक चल रहे इस पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल रहा है, और उनकी समस्याओं का ''मौके पर ही समाधान'' किया जा रहा है।

जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले भर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ये विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गुरूवार को टापरा, कालूडी, खोथों की ढाणी, बूठसरा, खारापार, जाखड़ा, रतेउ, मूठली, मेली, गुड़ा, खण्डप, सरवड़ी, गोदारों का सरा, दाखां, कादानाडी एवं पायलाखुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में राजस्व, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे मौजूद हैं, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ रहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं का तुरंत समाधान हो रहा है।

Scanned with CamScanner

# अस्सी साल के बुजुर्गों के बीच हुआ जमीन बंटवारा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**हीरा की ढाणी।** ग्राम पंचायत जाखड़ा में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित हुआ। नायब तहसीलदार बाबूलाल मीणा ने बताया कि शिविर में जाखड़ा निवासी 80 वर्षीय दो भाइयों ने आपसी सहमति से भूमि का बंटवारा किया। ग्राम पंचायत मुख्यालय की आबादी भूमि पर वर्षो से रुके हुए आवासीय पट्टों के लिए आम सहमति बनी। यह निर्णय पंचायत बनने के बाद पहली बार हुआ, जिससे अब पट्टे जारी हो सकेंगे। स्कूल खेल मैदान पर कब्जा कर फसल बोने की शिकायत पर हल्का पटवारी पदमाराम को तीन दिन में सीमा ज्ञान कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए।

उपस्वास्थ्य केंद्र की जर्जर हालत, रास्ता व पानी की समस्या पर भी ध्यान दिलाया गया। शिविर में मंगला पशु बीमा, रास्ता खोलो अभियान, खाता शुद्धि, कृषि जोत बंटवारा, विद्युत-पेयजल कनेक्शन, उन्नत बीज-खाद, मृदा स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच, जल संरक्षण व पौधरोपण जैसी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी तुलछाराम, ग्राम प्रशासक मुकेश जाखड़ा, पटवारी पदमाराम, सेवानिवृत्त जिला जज मांगीलाल गौड़ व अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

**खंडप।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत गुरुवार को सरवड़ी चारणान में विशेष शिविर आयोजित हुआ। समदड़ी विकास अधिकारी करनाराम पटेल, उपप्रधान शैतानसिंह भाटी, प्रशासक गीगी देवी और ग्राम विकास अधिकारी खेतसिंह भायल ने पात्र ग्रामीणों को संपत्तियों के स्वामित्व कार्ड वितरित किए, जिससे उन्हें भू-संपत्ति पर कानूनी हक और सुरक्षा मिली। शिविर में कृषि विभाग ने पांच मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए व नमूने लिए। राजस्व विभाग ने 12 म्यूटेशन, 1 बंटवारा, 2 सीमा ज्ञान, 1 विभाजन प्रस्ताव कार्य किए। रसद विभाग ने 9 ई-केवाईसी पूर्ण की। मनरेगा में 2 जल संरक्षण कार्य हुए। स्वास्थ्य विभाग ने 3 टीकाकरण, 22 एनसीडी जांच व 2 टीबी जांच की।

Scanned with CamScanner

### ग्रामीणों को योजनाओं का सीधा लाभ, मौके पर हो रहे समाधान

# 98 जलाशयों की सफाई हुई, जन आरोग्य योजना में 1679 लाभान्वित





बालोतरा .जिले के ग्रामीण क्षेत्रों मे आयोजित अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्रामीणों की समस्या का समाधान करते विभागीय कर्मचारी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बालोतरा** . राज्य सरकार का पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा जिले मे ग्रामीणों के लिए राहत का मानसून बनकर आया है। 6 जुलाई तक आयोजित इस विशेष अभियान के तहत जिले भर की ग्राम पंचायतो मे शिविर लगाए जा रहे है, जिनमे विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे मौजूद रहकर ग्रामीणों की समस्याओ का मौके पर समाधान कर रहे हैं। जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशन मे गुरुवार को टापरा, कालूडी, दाखां, बूटसरा, खण्डप, मूठली, गोदारो का सरा समेत कई ग्राम पंचायतो मे शिविर लगे। शिविरो मे राजस्व, सामाजिक न्याय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि और अन्य विभागो के अधिकारियों ने ग्रामीणो के कार्य मौके पर निपटाए।

## विभाग कर रहे त्वरित समाधान

शिविरो मे जमाबंदी शुद्धिकरण, स्वामित्व कार्ड वितरण, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्य सुरक्षा योजना मे नामांकन और कृषि आदान सामग्री वितरण जैसे कार्य त्वरित गति से निपटाए जा रहे हैं। जिला कलेक्टर यादव ने कहा कि पखवाड़े मे जलदाय विभाग ने 98 जलाशयों की सफाई, 249 लीकेज की मरम्मत और 255 नए जल कनेक्शन जारी किए गए। नागरिकों को अब शुद्ध और पर्याप्त पानी मिल रहा है। वहीं चिकित्सा विभाग की ओर से 1679 लोग जन आरोग्य योजना मे लाभान्वित हुए। 897 की टीबी स्क्रीनिंग, 239 गर्भवती महिलाओ की जांच और 2046 लोगों की बीपी-शुगर जांच हुई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को भाखरी खेड़ा, जागसा, कितपाल, बायतु चिमनजी, परेउ, सिणेर, नाल, दरगुड़ा समेत कई गांवों में शिविर होंगे।

## किसानों को बाजरा बीज मिनी किट दिया

दाखा पंचायत में 400 से अधिक किसानों को बाजरा बीज मिनी किट वितरित किए गए। इससे किसानों को खरीफ फसल की बुवाई में मदद मिलेगी और महंगे बीज खरीदने की चिंता से राहत मिली। बामसीन निवासी प्रेम कुमारी को धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर में मौके पर ही जाति प्रमाण पत्र मिला। वर्षों से चली आ रही परेशानी दूर होने पर उन्होंने प्रशासन का आभार जताया। करमावास के जसवंत सिंह को खेत तलाई निर्माण के लिए ऑनलाईन स्वीकृति मिली। इससे वर्षा जल संचयन में मदद मिलेगी और सिंचाई की समस्या दूर होगी। सेवाली पंचायत में ग्रामीणों को स्वामित्व कार्ड मिले। इससे उनकी संपत्ति पर कानूनी हक पक्का हुआ और भविष्य के विवादों से राहत मिली। बायतु भीमजी में किसान हनुमानराम की जमाबंदी का शुद्धिकरण हुआ और आपसी सहमति से वर्षों पुराना रास्ते का विवाद सुलझ गया।

Scanned with CamScanner

# 'जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं'



सिवाना. ग्राम पंचायत मेली में आयोजित शिविर में मौजूद लोग।

सिवाना . ग्राम पंचायत मेली में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कैंप का आयोजन हुआ। शिविर में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, प्रधान मुकनसिंह राजपुरोहित और विकास अधिकारी दिनेश सिंह भाटी ने लोगों को शिविर के उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के लाभों की जानकारी दी। शिविर प्रभारी हिम्मताराम और सरपंच भेराराम ने राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत पट्टे और अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया। भुवनेश्वर सिंह चौहान ने आवासों का निरीक्षण किया और हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी मीना सैनी, जोगाराम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

# दुर्गापुरा में प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण



**पाटोदी @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत दुर्गापुरा के माडपुरा सर्कल स्थित आबादी भूमि के रास्ते पर अवैध रूप से संचालित मांस की दुकान को प्रशासन ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए हटाया। निर्माणाधीन अवैध दुकान को ध्वस्त कर सरकारी रास्ता सुचारू किया गया। पाटोदी तहसीलदार सुरेश बिश्नोई ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण न करे अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सुरेश बिश्नोई, विकास अधिकारी चूनाराम बिश्नोई, पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक देवाराम, मंडली थानाधिकारी महेश गोयल, पटवारी डालचंद सहित पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

Scanned with CamScanner

# सफलता की कहानियां: पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## बायतु भीमजी में हनुमानराम की जमाबंदी का शुद्धिकरण, आपसी समझाइश से खुले रास्ते, मिली बड़ी राहत

◆ निहारिका टाइम्स
www.niharikatimes.com



**बालोतरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा बालोतरा जिले के किसानों के लिए भूमि संबंधी जटिलताओं को सुलझाने का माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में बायतु भीमजी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में किसान हनुमानराम की वर्षों पुरानी जमाबंदी का शुद्धिकरण किया गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि आपसी समझाइश से बनिया धोरा के कड़वासरा परिवार से उनके खेत के रास्ते का विवाद भी सुलझ गया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली। राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 06 जुलाई तक चलाए जा रहे इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद तबके तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा, त्वरित और सुगम लाभ पहुंचाना है। बायतु भीमजी के शिविर में राजस्व विभाग के अधिकारी विशेष रूप से सक्रिय रहे। जमाबंदी शुद्धिकरण और रास्ते का विवाद सुलझा किसान हनुमानराम अपनी जमाबंदी में त्रुटियों को लेकर लंबे समय से परेशान थे। उनकी जमाबंदी में कुछ ऐसी प्रविष्टियां थीं जिनके कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने या अपनी भूमि से संबंधित अन्य कार्य करवाने में दिक्कत आ रही थीं। जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे थे। शिविर में हनुमानराम ने अपनी समस्या रखी। राजस्व अधिकारियों ने तुरंत उनकी जमाबंदी की जांच की और सभी आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद मौके पर ही जमाबंदी का शुद्धिकरण कर दिया। इसके अलावा, अधिकारियों ने बनिया धोरा के कड़वासरा परिवार के विवादित रास्ते को लेकर संबंधित पक्षों को एक साथ बैठाकर आपसी समझाइश से समाधान निकालने का प्रयास किया। लंबी चर्चा के बाद, दोनों पक्ष रास्ते को लेकर सहमत हो गए और विवाद का स्थायी समाधान हो गया।

**किसानों को मिल रही त्वरित राहत:** हनुमानराम ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरी वर्षों पुरानी समस्या इतनी जल्दी और आसानी से हल हो जाएगी। जमाबंदी शुद्ध होने से अब मैं अपनी खेती अच्छे से कर पाऊंगा। यह अंत्योदय पखवाड़ा किसानों के लिए बहुत बड़ा सहारा है।

Scanned with CamScanner

# जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने पादरू में रात्रि चौपाल कर सुनी आमजन की समस्याएं



## गिव अप अभियान में सहयोग का आान

नवज्योति/बालोतरा।

जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने बुधवार को बालोतरा जिले की ग्राम पंचायत पादरू में रात्रि चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को विस्तार से सुना और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे गिव अप अभियान में स्वेच्छा से अपना नाम हटवाने का आान किया, विशेषकर उन लोगों से जो योजनाओं का लाभ लेने के पात्र नहीं हैं।

## गिव अप अभियानः पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ

यादव ने गिव अप अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान उन लोगों को स्वेच्छा से सरकारी योजनाओं का लाभ छोडे के लिए प्रोत्साहित करता हैए जो वास्तव में इसके हकदार नहीं हैं। उन्होंने समझाया कि ऐसा करने से वास्तविक जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंच पाएगा। उन्होंने पादरू के निवासियों से अपील की कि यदि वे आर्थिक रूप से सक्षम हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के पात्र नहीं हैं, तो वे स्वेच्छा से अपना नाम हटवा कर गिव अप अभियान में अपनी भागीदारी सुनिति करें।

## ग्रामीणों ने बताई अपनी व्यथा

रात्रि चौपाल में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल की कमीए बिजली की अनियमित आपूर्ति, सडकों की खराब स्थिति जैसी समस्याओं को उठाया। जिला कलक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

# धारणा में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा शिविर का हुआ आयोजन

## ग्रामीणों को स्वामित्व कार्ड योजना की जानकारी दी



**नवज्योति/सिवाना।**

पंचायत समिति की ग्राम पंचायत धारणा में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय॰ अन्त्योदय सम्बल पखवाडा शिविर का सफल आयोजन प्रभारी अधिकारी चम्पालाल के देखरेख में आयोजित हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के बतौर उपस्थित क्षेत्रीय विधायक हमीरसिंह भायल ने ग्रामीणों को पंचायतीराज विभाग की स्वामित्व कार्ड योजना के बारे में बताते हुए कहा कि ग्रामीण शिविर के मार्फत ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। भायल ने शिविर में स्वामित्व कार्ड धारक मकनसिंह, गंगादेवी, कानसिंह, भवानीसिंह, राजूसिंह, मनोहरसिंह को स्वामित्व कार्ड प्रदान किये गये। कार्ड धारकों ने कहा कि आज स्वामित्व कार्ड प्राप्त कर हम बहुत खुश है। व स्वामित्व कार्ड के द्वारा हमारी सम्पति सरकारी पोर्टल पर अपलोड हो गई है।

जिस से हमे विश्वास हो गया है कि हमारी सम्पति सुरक्षित है। इसी क्रम में उपखण्ड अधिकारी सुरेन्द्रसिंह खंगारोत व विकास अधिकारी दिनेशसिंह भाटी द्वारा शिविर के उदेश्य के बारे में प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगो को शिविर में होने वाले कार्यों से अवगत करवाया। साथ ही शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी चंपालाल देवडा व सरपंच श्रीमती देशकंवर ने शिविर में उपस्थित लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर शिविर में जनहित के कार्य को हाथो हाथ कर उपस्थित लाभार्थियो को लाभान्वित किया गया। जिसमें उपस्थित लाभार्थियो द्वारा आभार जताया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह शिविर हमारे लिए एक वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह शिविर हमारे लिए अपार खुशिया लेकर लाया।

Scanned with CamScanner

# ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ, मौके पर हो रहे समाधान

दिव्य पंचायत न्यूज़ नेटवर्क

**बालोतरा।** भीषण गर्मी के बाद मानसून की पहली फुहारें जिस तरह राहत लेकर आती हैं, ठीक उसी तरह राज्य सरकार का पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीण अंचल में आमजन के लिए ''राहत का मानसून'' बनकर आया है। 24 जून से 6 जुलाई तक चल रहे इस पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल रहा है, और उनकी समस्याओं का ''मौके पर ही समाधान'' किया जा रहा है।

जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले भर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ये विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को टापरा, कालूडी, खोथों की ढाणी, बूठसरा, खारापार, जाखड़ा, रतेउ, मूठली, मेली, गुड़ा, खण्डप, सरवड़ी, गोदारों का सरा, दाखां, कादानाडी एवं पायलाखुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में राजस्व, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे मौजूद हैं, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ रहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं का तुरंत समाधान हो रहा है। चाहे वह ''जमाबंदी का शुद्धिकरण'' हो, ''आपसी सहमति से रास्ते के विवादों का निपटारा'' हो, या फिर ''जाति प्रमाण पत्र और स्वामित्व कार्ड'' का तुरंत वितरण हो, हर जगह ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल रही है। शिविरों में कई ग्रामीणों को उनके स्वामित्व कार्ड मिलने से उनकी भू-संपत्ति पर कानूनी हक मिल रहा है। बायतु भीमजी में किसान हनुमानराम की जटिल जमाबंदी का शुद्धिकरण हुआ और आपसी समझाइश से बनियां धोरे के कड़वासरा परिवार के रास्ते का विवाद सुलझ गया, जो वर्षों से उन्हें परेशान कर रहा था। दाखा पंचायत में 400 से अधिक किसानों को बाजरा बीज मिनी किट वितरित किए गए, जिससे उन्हें आगामी खरीफ की बुवाई में बड़ी मदद मिलेगी। बामसीन ग्राम पंचायत निवासी प्रेम कुमारी को तो मौके पर ही उनका जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, और अन्य राजस्व संबंधी कार्य भी बड़ी संख्या में निपटाए जा रहे हैं।

जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने इन शिविरों की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पखवाड़ा सरकार की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और उसे सम्पानपूर्वक अपना हक मिल सके। यह राहत का मानसून इसी अंत्योदय की भावना को जमीनी स्तर पर चरितार्थ कर रहा है।

Scanned with CamScanner